CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17⁰C
न्यूनतम : 05⁰C

देहरादून, बुधवार 7 जनवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 151 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



दीप्ति शर्मा ने गेंदबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान गंवाया खेल टाइम्स



अमेरिकी कोर्ट में मादुरो बोले :मुझे किडनैप किया गया देश-विदेश

# केदारनाथ में तापमान माइनस 23 डिग्री पर पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मप्र व राजस्थान में भीषण सर्दी, 44 जिलों में स्कूल बंद

■ हिमाचल व कश्मीर में दर्ज हुई साल की सबसे ठंडी रात, पारा -10 डिग्री

नई दिल्ली। देशभर में सर्दी लगातार बढ़ रही है। पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण मैदानी राज्यों में घना कोहरा और शीतलहर का प्रभाव है।

उत्तराखंड का मुनस्यारी सोमवार को सबसे ठंडा इलाका रिकॉर्ड किया गया, जहां न्यूनतम तापमान माइनस 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। केदारनाथ में भारी बर्फबारी के बीच तापमान माइनस 23 डिग्री पहुंच गया। उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री में माइनस 21 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। यहां पानी की पाइपलाइन में बर्फ जम गई। सर्दी के कारण मध्य प्रदेश के 24, राजस्थान के 20 जिलों के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। मध्य प्रदेश के ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे है। सोमवार को छतरपुर का नौगांव सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के 7 शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री से नीचे आ गया। हिल स्टेशन माउंट आबू (सिरोही) में लगातार तीसरे दिन तापमान शून्य पर दर्ज हुआ। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले के ताबो और जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में सोमवार रात साल की अब तक की सबसे ठंडी रात रही। दोनों जगहों पर न्यूनतम तापमान शून्य से करीब 10 डिग्री नीचे पहुंच गया। इससे झीलों, झरनों और नदियों की छोटी धाराओं में पानी जम गया।

### दिल्ली में धुंध-धुएं की चादर, एक्यूआई 'खराब'

नई दिल्ली। नई दिल्ली में मंगलवार को धुंध और धुएं (स्मॉग) की घनी परत छाई रही और शहर के कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में बनी रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 288 दर्ज किया गया, जो इसे 'खराब' श्रेणी में रखता है। कई गहन प्रदूषण वाले क्षेत्रों में प्रदूषण की स्थिति और भी खराब रही, जिनमें आनंद विहार (343), आरके पुरम (324), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (313), द्वारका (307), अशोक विहार (302) और आईटीओ (286) शामिल हैं।

### घने कोहरे के कारण 280 से अधिक उड़ानों में देरी

नई दिल्ली। मंगलवार सुबह घने कोहरे के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 280 से अधिक उड़ानों में देरी की सूचना है और कुछ उड़ानें रद्द हैं। दिल्ली हवाई अड्डे पर सुबह चार बजे के बाद दृश्यता घटने लगी और 150 मीटर तक गिर गई।

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया गांधी का स्वास्थ्य स्थिर, इलाज का हो रहा अच्छा असर : डॉक्टर

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी का यहां गंगाराम अस्पताल में इलाज कर रहे डाक्टरों के दल का कहना है कि उपचार का अच्छा असर हो रहा है और उनका स्वास्थ्य स्थिर है। श्रीमती गांधी का इलाज कर रहे डाक्टरों का कहना है कि सांस लेने में तकलीफ होने के कारण उन्हें सोमवार रात को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें पिछले दो दिन से खांसी हो रही थीं और वह हल्की फुल्की दवा ले रहीं थीं, लेकिन सोमवार शाम तबियत ज्यादा बिगड़ी, तो उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकीय परीक्षण के बाद स्पष्ट हुआ कि ठंड लगने के कारण उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई। डाक्टरों का कहना है कि मौसम और प्रदूषण के प्रभाव के कारण उनका दमा बढ़ गया था। वह अब ठीक हो रही हैं, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें भर्ती कराया गया है।

### वोटर लिस्ट में नाम के मामले में सोनिया गांधी को राहत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में नाम से जुड़े मामले में जवाब देने के लिए 7 फरवरी तक का समय दिया है। दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एडवोकेट विकास त्रिपाठी ने याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि सोनिया गांधी का नाम भारतीय नागरिकता मिलने से पहले ही वोटर लिस्ट में जोड़ दिया गया था। 9 दिसम्बर को कोर्ट ने सोनिया गांधी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। मंगलवार को सुनवाई के दौरान सोनिया गांधी के वकील ने कोर्ट से समय मांगा। इसके बाद कोर्ट ने 7 फरवरी तक का समय दिया।


### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद निधन

पुणे। पूर्व केंद्रीय मंत्री, 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों के सूत्रधार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश कलमाड़ी का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। उनका पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में इलाज चल रहा था। कलमाड़ी के परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और बहू, दो बेटियां और दामाद, साथ ही उनके पोते-पोतियां हैं।

# उप्र की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी, 2.89 करोड़ नाम हटे

## अब SIR ड्राफ्ट लिस्ट में मतदाताओं की संख्या 12.56 करोड़ हुई

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रति बूथ 1500 से 1200 वोटर्स के हिसाब से पोलिंग बूथ को तर्कसंगत बनाने के बाद, अब राज्य में 15430 नए बूथ जुड़े

लखनऊ। निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश की मसौदा (ड्राफ्ट) मतदाता सूची जारी की जिसमें लगभग दो करोड़ 89 लाख नाम हटा दिए गए हैं।

अब एसआईआर ड्राफ्ट लिस्ट में कुल मतदाताओं की संख्या 15.44 करोड़ से घटकर 12.56 करोड़ हो गई है, जो लगभग 18.70 प्रतिशत कम है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को बताया कि 27 अक्टूबर को मतदाता सूची जारी करते समय प्रदेश में 15 करोड़ 44 लाख 30 हजार 92 मतदाता पंजीकृत थे। जिसमें मतदाताओं से 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार 25 गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जो कुल मतदाताओं का 81.30 प्रतिशत है। मंगलवार को लोकभवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि 27 अक्टूबर 2025 को पहले दौर की मतदाता सूची को फ्रीज किया गया था। उस समय उत्तर प्रदेश में कुल 15 करोड़ 44 लाख मतदाता पंजीकृत थे। इसके बाद चार नवम्बर 2025 से गणना चरण शुरू होकर 26 दिसम्बर 2025 तक चली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस दौरान मतदाताओं से 12 करोड़ 55 लाख गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जो कुल मतदाताओं का 81.30 प्रतिशत है। पुनरीक्षण में 46,23,796 लाख मतदाता मृत पाए गए, जो 2.99 प्रतिशत हैं। वहीं 79,52,190 मतदाता ट्रेस नहीं हो सके, जबकि 2.17 करोड़ मतदाता अन्यत्र -शेष पृष्ठ दो पर

### खंड स्नातक के पांच व खंड शिक्षक के छह निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खंड स्नातक के 05 तथा खण्ड शिक्षक के 06 निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। यह प्रकाशन अर्हता तिथि एक नवम्बर 2025 के आधार पर किया गया है। लोकभवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 12 सितम्बर 2025 को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 06 दिसम्बर 2026 को समाप्त होने के कारण निर्वाचक नामावलियों को नए सिरे से तैयार किए जाने का कार्यक्रम जारी किया गया था। इसके क्रम में 30 सितम्बर 2025 को सार्वजनिक नोटिस जारी कर निर्वाचक नामावली तैयार करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई। जारी अंतिम प्रकाशन के अनुसार खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या इस प्रकार है, लखनऊ खण्ड स्नातक 2,11,756, वाराणसी खंड स्नातक 2,69,372, इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक 2,60,818, आगरा खंड स्नातक 1,80,293 तथा मेरठ खंड स्नातक 59,634 है। इसी प्रकार खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में बरेली- मुरादाबाद 46,553, लखनऊ 36,217, गोरखपुर- फैजाबाद 52,257, वाराणसी 32,549, आगरा 51,532 एवं मेरठ 33,163 मतदाता पंजीकृत पाए गए हैं।




### बांग्लादेश में 18 दिन में छठे हिंदू की हत्या

ढाका। बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में सोमवार रात एक हिंदू दुकानदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय शरत चक्रवर्ती मणि के रूप में हुई है। यह बीते 18 दिनों में छठे हिंदू व्यक्ति की हत्या है। शरत चक्रवर्ती मणि पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में अपनी किराना दुकान चला रहे थे। इसी दौरान अचानक पहुंचे अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल मणि को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# योगी मंत्रिमंडल की बैठक में 13 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ उप्र में सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए तीन हजार करोड़ से अधिक निवेश पर प्रोत्साहन को सरकार ने दी मंजूरी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने सेमीकंडक्टर उद्योग को आकर्षित करने के उद्देश्य से मंगलवार को तीन हजार करोड़ रुपये या उससे अधिक का निवेश करने वाली कंपनियों को विशेष प्रोत्साहन देने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है।

इस फैसले का उद्देश्य उच्च तकनीक विनिर्माण को बढ़ावा देना और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि बैठक में कुल 14 प्रस्ताव रखे गए थे, जिनमें से एक को स्थगित कर दिया गया, जबकि 13 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 में लागू राज्य की सेमीकंडक्टर नीति के तहत बड़े निवेश करने वाली कंपनियों को मामले-दर-मामले आधार पर प्रोत्साहन दिए जाएंगे। इन प्रोत्साहनों में ब्याज अनुदान, कर्मचारी लागत की प्रतिपूर्ति, 10 वर्षों तक जीएसटी में छूट तथा 10 साल तक प्रति यूनिट 2 रुपये तक की बिजली दर सब्सिडी शामिल है। श्री खन्ना ने बताया कि इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के पेशेवर कर्मचारियों के लिए ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) योगदान की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाएगी, -शेष पृष्ठ दो पर

# गलत फैसले पर जज को सजा नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## मप्र के न्यायिक अधिकारी निर्भय सिंह सुलिया की बर्खास्तगी की रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कोर्ट ने कहा: जजमेंट एरर और भ्रष्टाचार को एक नहीं मान सकते



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के न्यायिक अधिकारी निर्भय सिंह सुलिया की बर्खास्तगी रद्द कर दी। कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि सिर्फ गलत या त्रुटिपूर्ण न्यायिक आदेश पारित करने के आधार पर किसी न्यायिक अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जा सकती।

दरअसल सुलिया को वर्ष 2014 में सेवा से हटाया गया था। तब वे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश खरगोन के पद पर कार्यरत थे। सुलिया पर भ्रष्टाचार और आबकारी अधिनियम से जुड़े मामलों में जमानत याचिकाओं पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप था। कहा गया था कि 50 बल्क लीटर से अधिक शराब की जब्ती वाले कुछ मामलों में उन्होंने जमानत दी, जबकि ऐसे अन्य मामलों में उसी आधार पर जमानत खारिज की। विभागीय जांच के बाद हाई कोर्ट ने उन्हें बर्खास्त कर दिया था। अब जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने आदेश दिया कि 27 साल तक बेदाग सेवा देने वाले जज को बिना ड्यू प्रोसेस अपनाए हटाया गया, जो न्यायसंगत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई में हाई कोर्ट को अत्यधिक सतर्क रहना चाहिए। केवल गलत आदेश या निर्णय की त्रुटि पर यांत्रिक कार्रवाई न्यायिक स्वतंत्रता और विवेकाधिकार को कमजोर करती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रशासनिक कार्रवाई के भय से निचली अदालतें कई योग्य मामलों में जमानत देने से बचती हैं। इससे जमानत याचिकाएं उच्च अदालतों तक पहुंचती हैं।

### बंगाल के पार्ट-टाइम शिक्षकों को वेतन समानता की मांग की अनुमति मिली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के कुछ अल्पकालिक (पार्ट-टाइम) शिक्षकों को यह अनुमति दी कि वे राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव के समक्ष नया प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सकें, जिसमें वे गैर-सरकारी सहायता प्राप्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत पूर्ण-कालिक शिक्षकों के समान वेतन की मांग कर सकें। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने निर्देश दिया कि यदि यह प्रतिवेदन दाखिल किया जाता है, तो उस पर कानून के अनुसार विचार किया जाए और चार महीने के भीतर कारणयुक्त आदेश पारित कर निर्णय लिया जाए। अदालत में निर्णय का प्रभावी (ऑपरेटिव) हिस्सा पढ़ते हुए न्यायमूर्ति मेहता ने याचिकाकर्ताओं को यह छूट प्रदान की कि वे छह सप्ताह के भीतर सचिव के समक्ष प्रस्तुत हो सकते हैं और पूर्व में दिए गए हाईकोर्ट के आदेशों के अनुरूप अपनी शिकायतें, दावे और अधिकार रिकॉर्ड पर रख सकते हैं।

# गुजरात-कर्नाटक में सात कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

■ यूपी में ट्रेन में बम की खबर, इंस्पेक्टर ने डंडे से खींचा संदिग्ध बैग, केरल में 12 देसी बम बरामद

नई दिल्ली। गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में मंगलवार को अलग-अलग जगहों पर बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। गुजरात की छह कोर्ट, उत्तर प्रदेश के मऊ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन और कर्नाटक के मैसुरु जिला कोर्ट को धमकी दी गई।

सभी मामलों में पुलिस और बम स्क्वाड ने मौके पर जांच की, लेकिन किसी भी कोर्ट या ट्रेन से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, केरल के कन्नूर जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से 12 देसी विस्फोटक उपकरण बरामद किए हैं। सभी मामलों की जांच की जा रही है। गुजरात में हाईकोर्ट और 5 लोकल कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली। सूरत की कोर्ट के आफिशियल ईमेल पर सोमवार रात 2 बजे धमकी भरा ईमेल आया था। सुबह जब कर्मचारियों ने ईमेल चेक किया तो पुलिस को सूचना दी। आणंद, राजकोट, अहमदाबाद और भरूच के सेशन कोर्ट को इसी तरह का ईमेल मिला। हालांकि, बम स्क्वाड की जांच में कोर्ट से कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### साहित्यिक विरासत को किया जा रहा संरक्षित: प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि हम भारत की साहित्यिक विरासत को लोकप्रिय बनाने और संरक्षित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। प्रधान ने मंगलवार को यहां शास्त्रीय भाषाओं- कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और ओडिया के उत्कृष्टता केंद्रों द्वारा विकसित 41 साहित्यिक कृतियों का विमा. चन करने के बाद कहा कि हम भारत की साहित्यिक विरासत को लोकप्रिय बनाने और संरक्षित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारतीय भाषाएं अभिव्यक्ति का माध्यम हैं और सरकार इन भाषाओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। बजट की कोई कमी नहीं है और एक ढांचा विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय भाषा आधारित शिक्षा की परिकल्पणा की गई है। भारत में शिक्षा बहुत पुरानी परंपरा है। यह साहित्य एक शब्द से सीमित होने वाला नहीं था। भारतीय भाषा मनुष्य के लिए सबसे पहला वैज्ञानिक उपलब्धि है। सभी भारतीय बहुभाषी है।

### राष्ट्रीय राजमार्गों पर मोबाइल सेवा उपलब्ध कराने का आग्रह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के दूरस्थ और ग्रामीण खंडों में मोबाइल सेवा उपलब्ध नहीं रहती है, जिसके कारण यात्रियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है और दुर्घटना आदि के समय बड़ा संकट पैदा हो जाता है, इसलिए इन क्षेत्रों में भी बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। प्राधिकरण ने इसके लिए दूरसंचार विभाग तथा दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) से आग्रह करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के कई हिस्सों, विशेष रूप से ग्रीनफील्ड और दूरदराज के खंडों पर मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी की अनुपलब्धता होती है।

### नया अधिनियम अर्थव्यवस्था व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मील का पत्थर साबित होगा

# जी राम जी योजना बनेगी विकसित भारत की आधारशिला

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: जिन लोगों ने वर्षों तक संसाधनों पर डकैती डालकर देश को बेरोजगारी की ओर धकेला, उन्हें अपनी पोल खुलने का डर सता रहा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि संसद में विकसित भारत को गति देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पारित किया गया नया अधिनियम (जी राम जी योजना) देश की अर्थव्यवस्था, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण पहल के लिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से अभिनंदन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने वर्षों तक संसाधनों पर डकैती डालकर देश को बेरोजगारी की ओर धकेला, आज उन्हें अपनी पोल खुलने का डर सता रहा है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन विकास से जुड़े सकारात्मक कदमों का समर्थन करने के बजाय भ्रष्टाचार के अपने पुराने कारनामों को छिपाने के लिए सवाल खड़े कर रहे हैं। योगी ने कहा कि जी राम जी योजना विकसित भारत की आधारशिला बनेगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नई तकनीक को जोड़ा जा रहा है, जिससे जल संरक्षण, बाढ़ प्रबंधन और ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास संभव हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने मनरेगा पर कांग्रेस के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिन योजनाओं का ढोल पीटा जा रहा है, उनका जमीनी हकीकत से कोई लेना-देना नहीं रहा। हर जनपद से भ्रष्टाचार की शिकायतें आती थीं। किसानों को जरूरत के समय मजदूर नहीं मिलते थे और मजदूरों को काम के समय काम नहीं मिलता था। उन्होंने बताया कि नए संशोधन के तहत योजना में कार्य दिवसों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। समय पर काम नहीं मिलने की स्थिति में बेरा. जगारी भत्ते की गारंटी भी होगी। किसानों की जरूरत को देखते हुए आवश्यक समय पर मनरेगा के कार्य स्थगित रखे जाएंगे। योगी ने कहा कि जो लोग केवल खोदने और भरने से लाभ उठाते थे, वही इस योजना का विरोध कर रहे हैं। अब कार्यों को तकनीक से जोड़ा जाएगा, डिजिटल भुगतान होगा और रियल टाइम ऐप के माध्यम से निगरानी की जाएगी। योजना के अंतर्गत ऑडिट की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

#### समाजवादी पार्टी के शासनकाल में मनरेगा में बड़े पैमाने पर हुए घोटाले

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में मनरेगा में बड़े पैमाने पर घोटाले हुए, जिनकी जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना में केंद्र और राज्य की भागीदारी 60:40 की रहेगी, जिससे उत्तर प्रदेश को करीब 17 हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त धन. राशि मिल सकेगी। जिन राज्यों में श्रमिक वर्ग की संख्या अधिक है, उन्हें अधिक कार्य उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोजगार आत्मनिर्भरता का आधार बनेगा और इससे स्थाई परिसंपत्तियों का निर्माण होगा। उत्तर प्रदेश सरकार इस योजना को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ लागू करेगी। प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप इसे प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारा जाएगा। योगी ने कहा कि जिनकी सोच में कभी विकसित भारत नहीं रहा, वही लोग आज इसका दुष्प्रचार कर रहे हैं, लेकिन जी राम जी योजना देश के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगी।

## घर में आग लगने से डीएमआरसी कर्मचारी, पत्नी व बेटी की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली में मंगलवार तड़के एक घर में आग लगने की दुखद घटना में पति, पत्नी और उनकी बेटी की मौत हो गई।

दमकल विभाग के अनुसार, मुकुंदपुर स्थित दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) फ्लैट्स में आग लगने की सूचना लगभग तड़के 02:39 बजे मिली। दमकल विभाग ने तुरंत छह दमकल गाड़ियां मौके पर भेजीं और आग पर एक घंटे के अंदर काबू पा लिया गया तथा इसे सुबह 3:30 बजे तक पूरी तरह बुझा दिया गया। दमकलकर्मियों ने बाद में घर से तीनों के जले हुए शव बरामद किए। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान 45 वर्षीय अजय विमल, उनकी पत्नी नीलम (38) और उनकी बेटी जाह्नवी (10) के रूप में हुई है। आग बुझाने के दौरान एक दमकलकर्मी को मामूली चोटें आईं। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां आवश्यक चिकित्सा दी गई। फिलहाल आग लगने का सटीक कारण पता नहीं चला है। डीएमआरसी ने एक बयान में कहा कि मुकुंदपुर स्थित दिल्ली मेट्रो की आवासीय कॉलोनी के एक फ्लैट में धुआं/आग की सूचना मिली थी, जिसमें निगम के एक सहकर्मी अजय विमल, उनकी पत्नी और बेटी की जान चली गई। डीएमआरसी के अनुसार यह घटना लगभग तड़के 2:34 बजे हुई।

## अंकिता मामले की जांच सीबीआई करे: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ पहाड़ की बेटी के साथ बहुत अन्याय हुआ, उस पर जिस्मफरोशी का दबाव बनाया गया: सुप्रिया श्रीनेत

अंकिता हत्याकांड को लेकर उत्तराखंड में रोष के बीच कांग्रेस ने मामले की पूरी जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की है, ताकि उसे न्याय मिल सके और सच सबके सामने आ सके।

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पहाड़ की एक बेटी के साथ बहुत अन्याय हुआ। उस बेटी के ऊपर जिस्मफरोशी का दबाव बनाया गया और जब उसने मना कर दिया तो उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। वहीं इस मामले में सारे सबूत छिपाने के लिए तुरंत उस होटल पर बुलडोजर चला दिया गया, क्योंकि उसमें भाजपा के नेता का बेटा शामिल था। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें सामने आ रही है कि यह पूरा मामला भारतीय जनता पार्टी के एक राष्ट्रीय महासचिव तक पहुंचता है।

पूरे उत्तराखंड के साथ ही भाजपा के लोग भी न्याय की उम्मीद कर रहे हैं। उत्तराखंड की सरकार अंकिता भंडारी को न्याय नहीं दे सकती, क्योंकि ये सरकार चैन की नींद सो रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग करते हुए कहा कि अंकिता को हर कीमत पर न्याय मिलना चाहिए और ये तभी होगा, जब सीबीआई इसकी जांच करेगी। इस बीच महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने भी मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि लोग उत्तराखंड में न्याय की मांग को लेकर सड़कों पर हैं। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री को तुरंत सीबीआई जांच के आदेश देने चाहिए। गौरतलब है कि अंकिता भंडारी ऋषिकेश के पास एक रिसॉर्ट में काम करती थी। आरोप है कि उस पर ष्विशेष सेवाएंष् देने के लिए दवाब बनाया गया था और जब उसने इससे मना कर दिया, तो उसकी हत्या कर दी गई थी।

## यूपी में ठंड हुई प्रचंड, जमीन से आसमान तक कोहरे का पहरा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ समूचे उत्तर प्रदेश में गलन, शीतलहर और कोहरे की तिहरी मार से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत समूचे उत्तर प्रदेश में गलन, शीतलहर और कोहरे की तिहरी मार से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है वहीं अधिसंख्य क्षेत्रों में हवा की सेहत भी खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है। मौसम विभाग के अनुसार गलन भरी ठंड और शीतलहर से राहत की फिलहाल कोई उम्मीद नहीं है। इस दौरान कुछ स्थानो पर घना कोहरा छाए रहने के आसार है। लखनऊ और कानपुर में मंगलवार दोपहर तक कोहरे और धुंध के चलते सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। सुबह 11 बजे तक दोनों ही महानगरों में अधिकतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहा। कमोवेश यही हालात प्रयागराज, आगरा, इटावा, अलीगढ़, उन्नाव और बाराबंकी समेत तमाम शहरों में रहे। यहां अधिकतम तापमान 14.15 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक 146 से 164 के बीच रहा। बीती रात राज्य के अधिसंख्य क्षेत्रों में पारा 7.8 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। मौसम के तल्ख तेवरों को देखते हुए राज्य सरकार के निर्देश पर कक्षा आठ तक के विद्यालयों को आठ जनवरी तक बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि नौवीं से 12वीं तक की कक्षाओं के खुलने और बंद करने का समय बदला गया है। चिकित्सकों ने मार्निंग वॉकर्स को सुबह की सैर से परहेज करने की सलाह दी है। विशेषकर बच्चे, बुजुर्ग और सीने व हृदय के रोगियों को सूर्य निकलने के बाद ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी गई है। इस बीच कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर लंबी दूरी की दर्जनों ट्रेन अपने निर्धारित समय से 12 घंटे तक की देरी से चल रही हैं, वहीं लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर कई उड़ाने विलंब से हैं। यमुना एक्सप्रेस वे और लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे समेत अन्य राजमार्गो पर वाहन रेंग रेंग कर चलते दिखाई पड़े। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जालौन,देवरिया और गोरखपुर समेत कई जिलों के जिलाधिकारी और अन्य आला अधिकारी सड़क पर उतर कर अलाव और रैनबसेरों का निरीक्षण करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि अलाव की सीमित संख्या के चलते निराश्रित ठंड में ठिठुर रहे हैं, वहीं सड़क पर आवारा जानवर भी ठंड से बेहाल हैं। कई स्वयंसेवी संस्थाएं और जानवर प्रेमी बेजुबानों को ठंड से बचाने के लिए तरह तरह के उपाय कर रहे हैं।

### कश्मीर घाटी में कड़ाके की ठंड का कहर जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कल रात से पूरे कश्मीर में ठंड का कहर जारी है और गुलमर्ग में इस मौसम का सबसे कम तापमान करीब शून्य से नीचे रिकॉर्ड किया गया, जबकि ज्यादातर दूसरे स्टेशनों पर भी पारे में तेज गिरावट देखी गई। मौसम विभाग ने पूरे कश्मीर में न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट का अनुमान जताया है। दस जनवरी तक पारा सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे रहने का अनुमान है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी होने के आसार है, जिससे मौजूदा शीत लहर की स्थिति से कुछ राहत मिलेगी।



सेंसेक्स 85063.34
निफ्टी 26178.70



सोना रु. 141500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 251000
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में लगातार दूसरी गिरावट

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले सकारात्मक संक. तों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मुनाफावसूली के कारण मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 376.28 अंक (0.44 प्रतिशत) टूटकर 85,063.34 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक 71.60 अंक यानी 0.27 फीसदी नीचे 26,178.70 अंक पर बंद हुआ।

टाटा समूह की रिटेल कंपनी ट्रेंट का शेयर 8.62 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज में भी मुनाफावसूली का दबाव रहा और इसका शेयर 4.42 प्रतिशत टूटा। मझौली कंपनियों के निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.06 फीसदी और छोटी कंपनियों के निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.22 प्रतिशत की गिरावट रही। तेल एवं गैस, रसायन और मीडिया सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। स्वास्थ्य, फार्मा, आईटी और सार्वजनिक बैंकों के समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। एनएसई में कुल 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,889 के शेयरों में गिरावट और 1,238 में बढ़त रही।

अन्य 110 कंपनियों के शेयर अंत में अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 13 के शेयरों में गिरावट रही। ट्रेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा आईटीसी का शेयर 2.07 प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.02 प्रतिशत गिर गया। इंडिगो में 1.96 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक में 1.56, अडानी पोर्ट्स में 1.30, पावरग्रिड में 1.16 और इटरनल में 1.08 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.87 प्रतिशत चढ़ा। हिदुस्तान यूनीलिवर में 1.75 फीसदी, सनफार्मा में 1.73, भारतीय स्टेट बैंक में 1.33, टीसीएस में 1.28 और एशियन पेंट्स में 1.09 प्रतिशत की बढ़त रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, टाइटन, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 1.50 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.38 प्रतिशत और जापान का निक्केई 1.32 प्रतिशत चढ़ गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.67 फीसदी और जर्मनी का डैक्स 0.15 फीसदी ऊपर था।

## चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल, सोना भी नए शिखर पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों से मिल रहे मजबूत संकेतों और घरेलू मांग में उछाल के चलते भारतीय सर्राफा बाजार में मंगलवार को ऐतिहासिक तेजी देखी गई। दिल्ली के हाजिर बाजार में चांदी ने 2.51 लाख रुपये प्रति किलो के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर लिया है, जबकि सोना भी 1,41,500 प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया है। सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नरम रुख के कारण कीमतों में इजाफा हुआ है। दिल्ली में चांदी की कीमतों में मंगलवार को 7,000 की भारी बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ ही चांदी 2,51,000 प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। यह लगातार तीसरा दिन है, जब चांदी की कीमतों में तेजी का रुख बना हुआ है। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,44,000 पर बंद हुई थी। सोने की कीमतों में भी लगातार चौथे दिन बढ़त जारी रही। दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,100 उछलकर रुपये1,41,500 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जो सोमवार को 1,40,400 पर बंद हुआ था।

## चावल, दालों के भाव बढ़े, गेहूं, चीनी स्थिर, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं और चीनी में टिकाव रहा। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 19 रुपये बढ़कर 3,866 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,849 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा पांच रुपये सस्ता हुआ।

दाल-दलहनों में तेजी रही। उड़द दाल औसतन 31 रुपये और मूंग दाल 30 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत 28 रुपये और तुअर दाल की 21 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। चना दाल भी 14 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 22 रिंगिट टूटकर 3,992 रिंगिट प्रति टन रह गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.10 प्रतिशत उतरकर 49.82 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 21 रुपये टूट गई। सरसों तेल 17 रुपये और सोया तेल पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। वहीं वनस्पति में 26 रुपये की तेजी रही। सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल 14.14 रुपये प्रति क्विंटल चढ़े। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। वहीं चीनी लगभग स्थिर रही।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7797.55 रुपये, मसूर काली 8168.30 रुपये, मूंग दाल 10101.89 रुपये, उड़द दाल 10399.46 रुपये, तुअर दाल 10613.30 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.13 रुपये और चावल 3865.74 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3299.13 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4299.62 रुपये और गुड़ 4988.65 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उप्र की...** स्थानांतरित हो चुके थे। इसके अलावा 25.47 लाख मतदाता ऐसे चिन्हित किए गए, जिनके नाम मतदाता सूची में एक से अधिक स्थानों पर दर्ज पाए गए। ऐसे मामलों में मतदाता का नाम केवल एक ही स्थान पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सुविधा और मानकों को ध्यान में रखते हुए एक मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता न हों, इसके लिए प्रदेश में 15,430 नए मतदेय स्थल बनाए गए हैं। विशेष पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का सक्रिय सहयोग रहा। प्रदेश के सभी 75 जिलों में दलों के साथ बैठकें की गईं और उन्हें मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी एवं प्रिंटेड कॉपी उपलब्ध कराई गई। अब तक 1546 बैठकें राजनीतिक दलों के साथ आयोजित की जा चुकी हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि, 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक दावा एवं आपत्ति की अवधि निर्धारित की गई है। इस अवधि में पात्र मतदाता फॉर्म-6, 6क, 7 एवं 8 के माध्यम से नाम जोड़ने, संशोधन कराने या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है, उन्हें बीएलओ के माध्यम से नोटिस भेजे जाएंगे और वे माता-पिता का नाम सहित विवरण सही करा सकेंगे। अब तक 15 लाख 78 हजार 423 फॉर्म-6 प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आयु पात्रता के अनुसार एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम इस सूची में शामिल होंगे, जबकि एक अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वालों के नाम बाद में अक्टूबर माह में जोड़े जाएंगे। सभी दावों और आपत्तियों के निस्तारण के बाद छह मार्च 2026 को उत्तर प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। घोषणा की कि प्रति बूथ 1500 से 1200 वोटर्स के हिसाब से पोलिग बूथ को तर्कसंगत बनाने के बाद, अब राज्य में 15430 नए बूथ जोड़े गए हैं।

**योगी मंत्रिमंडल...** जिसकी अधिकतम सीमा 2,000 रुपये प्रति माह होगी। साथ ही जल शुल्क में भी रियायतें दी जाएंगी। वित्त मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर क्षेत्र की वैश्विक दिग्गज कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करना और राज्य को पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह उद्योग अमेरिका, यूरोप, जापान और ताइवान के देशों के वर्चस्व में है। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने बताया कि कैबिनेट ने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की रुचि लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष में अब तक 21 कंपनियों ने निवेश शुरू कर दिया है, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होने की उम्मीद है। स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने बताया कि कैबिनेट ने वर्ष 2022 के उस निर्णय का विस्तार किया है, जिसके तहत पारिवारिक संपत्ति के हस्तांतरण पर स्टांप शुल्क 5,000 रुपये तक सीमित किया गया था। उन्होंने बताया कि यह सुविधा पहले केवल आवासीय और कृषि संपत्तियों तक सीमित थी, लेकिन अब ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पारिवा. रिक दायरे में गिफ्ट डीड के माध्यम से हस्तांतरित की जाने वाली व्यावसायिक संपत्तियों पर भी लागू होगी। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि कैबिनेट ने वाराणसी में शिव प्रकाश गुप्ता मंडलीय जिला अस्पताल के स्थान पर 500 बेड के मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना को भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की कुल लागत 315 करोड़ रुपये होगी और इसे चार वर्षों में पूरा किया जाएगा। परियोजना की 60 प्रतिशत लागत केंद्र सरकार वहन करेगी, जबकि शेष राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी।

## कैट मई में भारतीय व्यापार महोत्सव का करेगा आयोजन: खंडेलवाल

नई दिल्ली, वार्ता



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने, भारतीय व्यापार और घरेलू वस्तुओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने के मकसद से अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में मई में भारतीय व्यापार महोत्सव (बीवीएम) का आयोजन करेगा।

एक मई से आयोजित होने वाले इस महोत्सव को लेकर कैट के अधिकारियों ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान कैट के महासचिव एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि मोदी के आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल के आह्वान के अनुरूप यह महोत्सव आयोजित होगा। इसका उद्देश्य देश के घरेलू व्यापार को सुदृढ़ और सुरक्षित करना है तथा भारत के व्यापार के परचम को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में आयात शुल्क और वैश्विक संघर्षों के चलते दुनिया भर में बड़े परिवर्तन आए हैं। कैट इसे भारत की सामूहिक क्षमताओं को सशक्त करने के एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखता है। इसी क्रम में, कैट द्वारा देश भर में भारतीय व्यापार आंदोलन शुरू किया जा रहा है जिसकी पहली और प्रमुख पहल के रूप में कैट आगामी एक मई से चार मई तक राष्ट्रीय राजधानी के भारत मडपम, प्रगति मैदान में बीवीएम 2026 का आयोजन करेगा, जो देश में अब तक की सबसे बड़ी राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी होगी। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव भारतीय कॉमन मार्केट का उत्सव होगा और वन नेशन वन मार्केट की भावना के तहत भारतीय व्यापार, विनिर्माण, सेवाओं एवं उद्यमिता की सामूहिक शक्ति, विविधता और एकता को प्रदर्शित करेगा तथा भारत की पुरातन संस्कृति एवं सभ्यता में व्यापार के जुड़ाव को भी प्रभावी रूप से प्रदर्शित करेगा। उन्होंने बताया कि बीवीएम 2026 का आयोजन पूरी तरह 'मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड' की परिकल्पना के अनुरूप किया जा रहा है।

## एफडीआरसी संवाद, सहानुभूति और न्याय से सामाजिक सौहार्द की सशक्त पहल: बबिता सिंह चौहान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान ने पुलिस द्वारा संचालित पारिवारिक विवाद निवारण क्लिनिक (फैमिली डिस्प्यूट रेजोल्यूशन क्लिनिक- एफडीआरसी) को महिलाओं, बच्चों एवं परिवार की गरिमा और अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक प्रभावी, जन-केंद्रित और दूरदर्शी पहल बताया है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल न्याय, सहानुभूति और संवाद के माध्यम से सामा. जिक सौहार्द को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। बबिता सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि एफडीआरसी का मुख्य उद्देश्य पारिवारिक कलह, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और वैवाहिक विवादों को दंडात्मक कार्रवाई के बजाय संवेदनशील परामर्श, मध्यस्थता और आपसी बात. चीत से सुलझाना है। इससे पीड़ितों को लंबी कानूनी प्रक्रिया, सामाजिक कलंक और मानसिक तनाव से राहत मिलती है। यह पहल कानून और करुणा के बीच संतुलन स्थापित कर न्याय को अधिक मानवीय बनाती है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) पुलिस और शारदा विश्वविद्यालय के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद यह प्रयोगात्मक पहल शुरू हुई थी। 10 जुलाई 2020 को औपचारिक उद्घाटन के बाद एफडीआरसी एक सफल मॉडल के रूप में उभरा है। इसके माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थापित परिवार परामर्श केंद्रों ने सैकड़ों मामलों में सुलह, पुनर्मिलन और शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया है, जिससे न्यायालयों और पुलिस तंत्र पर बढ़ते बोझ में भी कमी आई है।

# अंकिता को न्याय दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्धः सीएम

**माता-पिता की भावनाओं के अनुरूप होगा अगला निर्णय : मुख्यमंत्री ,सरकार की सशक्त और प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप तीनों दोषियों को सुनाई जा चुकी आजीवन कारावास की सजा**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है और इस दिशा में सरकार ने पूरी गंभीरता, संवे. दनशीलता और पारदर्शिता के साथ कार्य किया है।

मंगलवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अंकित भंडारी मामले में इस जघन्य अपराध की निष्पक्ष एवं गहन जांच के लिए महिला अधिकारी रेणुका देवी की अध्यक्षता में विशेष जांच दल का गठन किया गया था, जिसने मामले के सभी पहलुओं की गहराई से जांच की। सरकार की सशक्त और प्रभावी न्यायालयीय पैरवी के परिणामस्वरूप तीनों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी की जांच पर न केवल निचली अदालत, बल्कि माननीय उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय ने भी संतोष व्यक्त किया है, जो जांच की निष्पक्षता और मजबूती को दर्शाता है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वर्तमान में किसी कथित ऑडियो क्लिप के आधार पर प्रदेश में अनावश्यक माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि न्यायिक प्रक्रिया पूरी गंभीरता से अपने निष्कर्ष तक पहुंच चुकी है और दोषियों को कड़ी सजा मिल चुकी है।सीबीआई जांच के विषय पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यद्यपि पूरे प्रदेश की जनता की भावनाएं बेटी अंकिता के साथ जुड़ी हुई हैं, लेकिन इस दुखद घटना से सबसे अधिक प्रभावित उसके माता-पिता हैं।

उन्होंने कहा कि वे स्वयं अंकिता के माता-पिता से बात करेंगे और उनकी भावनाओं, पीड़ा एवं अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ही आगे कोई निर्णय लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और न्याय के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अंकिता के पिता से बात करूंगा।

किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा, हम हर जांच के लिए तैयार हैं। कहा कि अंकिता भंडारी की हत्या एक संवेदनशील व हृदय विदारक घटना है। प्रदेश सरकार ने इस पूरे मामले की मजबूती से पैरवी की और तीन आरोपियों को उम्र कैद की सजा हुई है। सीएम धामी ने कहा कि हाल ही में जारी एक ऑडियो की सत्यता जानने के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। सरकार इस मामले में हर जांच करने के लिए तैयार है। कोई भी दोषी होगा वह छूटेगा नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा अंकिता के माता पिता से बात करेंगे और वह जो चाहेंगे सरकार उस पर निर्णय लेगी। वायरल ऑडियो के बाद सबसे ज्यादा प्रभावित अंकिता के परिजन हुए हैं।

मुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान आदि मौजूद रहे।

## इन दिनों चर्चा में है मामला

प्रदेश में 3 साल बाद एक बार फिर अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर प्रदेश में लोग सड़कों पर उतरे हैं। तीन साल पहले हुए चर्चित अंकिता हत्याकांड में वीआईपी का नाम सामने आने पर विपक्ष सहित तमाम सामाजिक संगठन सरकार से सीबीआई जांच कराने की मांग कर रहे हैं। बीते कई दिनों से अभिनेत्री उर्मिला सनावर के सिलसिलेवार वीडियो ने सोशल मीडिया के साथ साथ पूरे प्रदेश में सियासी भूचाल ला दिया है। उर्मिला सनावर अपने वीडियो में जहां अंकिता भंडारी हत्याकांड की परतें खोलने का दावा कर रही है तो वहीं वीआईपी नामों को लेकर भी पार्टी के ही वरिष्ठ नेताओं पर आरोप लगा रही है।वायरल वीडियो से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता असहज हो रहे हैं। महिला की ओर से हर दिन सोशल मीडिया पर लाइव आकर पार्टी के बड़े नेताओं के नाम लेकर लगाए जा रहे आरोप, टेलीफोन पर की जा रही बातचीत का रिकॉर्ड, संबंधित तस्वीरों से पार्टी की छवि खराब हो रही है। प्रदेशभर से लोग सोशल मीडिया पर इन वीडियो में दिए जा रहे तथ्यों पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। पहले पार्टी के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मामले पर अपना पक्ष रखते हुए कांग्रेस को दोषी ठहराया। इसके बाद प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम ने मीडिया के सामने अपनी पीड़ा बयां करते हुए कानूनी कार्रवाई की बात की है। बीते दिवस राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने प्रेसवार्ता की। वहीं दूसरी और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश प्रभारी की ओर से पूर्व विधायक सुरेश राठौर और उर्मिला सनावर के खिलाफ देहरादून के डालनवाला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसमें दोनों आरोपियों पर जानबूझकर सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो जारी कर उनकी छवि खराब करने व दंगे फैलाने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# ऋषिकेश वन विभाग के प्रकरण में महिला आयोग की मानवीय पहल

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून :** ऋषिकेश के बापुग्राम, गुमानीवाला, सुमन विहार व प्रकरण सम्बंधित क्षेत्र में वन भूमि से संबंधित सर्वे एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान उत्पन्न परिस्थितियों को लेकर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सरकार से हस्तक्षेप की अपील की है। उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने आज सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर इस संबंध में एक पत्र सौंपा और निवेदन किया कि इस प्रकरण में जिन निर्दोष नागरिकों को आरोपी बनाकर उनके विरुद्ध मुकदमे दर्ज किए गए हैं, उन्हें जनहित में वापस लिया जाए। जब वन भूमि के सर्वे एवं अतिक्रमण हटाने के उद्देश्य से पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची थी। मौके पर परिस्थितियों की गंभीरता के कारण क्षेत्र में असमंजस और भ्रम का वातावरण बन गया, जिससे बड़ी संख्या में नागरिक वहां एकत्र हो गए। घटना के बाद बड़ी संख्या में नागरिकों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। महिला आयोग ने पत्र में उल्लेख किया है कि



यह संपूर्ण घटनाक्रम किसी भी प्रकार के सुनियोजित विरोध या शासन-प्रशासन के प्रति अवमानना का परिणाम नहीं था, बल्कि परिस्थितिजन्य असमंजस एवं भय के वातावरण में उत्पन्न हुआ था।

आयोग का कहना है कि अनेक निर्दोष नागरिक भी इन मुकदमों की जद में आ गए हैं, जिनमें से कई अपने परिवार के एकमात्र भरण-पोषणकर्ता हैं।महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से अपेक्षा जताई है कि सरकार इस पूरे प्रकरण को मानवीय एवं संवेदनशील दृष्टिकोण से देखते हुए निर्दोष नागरिकों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने के निर्देश प्रदान करे, जिससे प्रभावित परिवारों को मानसिक संबल मिले और शासन के प्रति जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।

# जांच में अंकिता के परिवार से राय पर भाजपा ने किया स्वागत

**कांग्रेस अध्यक्ष का बयान निराशाजनक, मामले मे सियासत दुर्भाग्यपूर्ण:भट्ट**



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा ने सीएम द्वारा अंकिता के परिजनों से बात कर जांच मे आगे फैसला करने के निर्णय का स्वागत किया है। पार्टी ने कांग्रेस अध्यक्ष के बयान को निराशाजनक और सियासत को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के आरोपों पर भी पलटवार किया कि पूर्व में एसआईटी जांच से लेकर पैरवी तक सब पीड़ित परिवार की सहमति से हुआ है, ऐसे में अब उन्हें परिवार से राय लेने में दिक्कत क्यों है? लगता है कांग्रेस की राजनैतिक मंशा सच सामने लाने की नहीं बल्कि माहौल खराब करने की है। उनकी नजर में पीड़ित परिवार की राय कोई अहमियत नहीं रखती है।

मुख्यमंत्री धामी की परिजनों से राय और कांग्रेस अध्यक्ष के उसके विरोध पर पूछे सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना के संज्ञान में आने के बाद, सरकार ने जिस संवेदनशीलता, गंभीरता और तत्परता से जांच से लेकर मामले की पैरवी की उसका नतीजा रहा कि दोषियों को आजीवन कारावास की सजा हुई है। यह भी जगजाहिर है कि पूरी जांच और केस की पैरवी पीड़ित परिवार की सहमति से हुई है। अब चूंकि एक अपुष्ट वायरल वीडियो के आधार पर प्रदेश में शंका और अविश्वास का माहौल खड़ा किया जा रहा है। उसको लेकर सरकार गंभीर है और पहले ही कह चुकी है कि पुख्ता साक्ष्य सामने आते हैं तो कोई भी जांच हम कराने को तैयार हैं। चूंकि वीडियो में आरोप लगाने वाले भी सामने नहीं आ रहे हैं और विपक्ष भी राजनैतिक प्रोपेगेंडा फैला रहा है। इसलिए अविश्वास के कुहासे को छंटाने के लिए असल पीड़ित परिवार से बात करना अब आवश्यक है कि उनकी वर्तमान परिस्थितियों में आगे राय क्या है? जैसा वे कहेंगे, उसपर सरकार विचार कर उचित निर्णय लेगी।उन्होंने गोदियाल के रुख को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार से सुझाव का विरोध कर रही है। क्या कांग्रेस अध्यक्ष की नजर में दिवंगत अंकिता के माता पिता की इच्छा की कोई अहमियत नहीं है? क्या वह नहीं चाहती कि इस घटना को लेकर जो असंमजस और अराजक माहौल बनाने की कोशिश हो रही है वह समाप्त हो? वो भी जब झूठे आरोप के ऑडियो वीडियो वाले सोशल मीडिया पात्र, गायब हैं और सामने नहीं आ रहे हैं। इससे उनकी मंशा भी संदेह की स्थिति का इशारा करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की रुचि पहले से ही बेटी अंकिता को इंसाफ दिलाने की नहीं रही। बल्कि वह इसका राजनैतिक लाभ लेने के लिए प्रदेश में भ्रम और झूठ का माहौल बनाना चाहते थे। उनका मकसद येन केन प्रकारेण इस घटना से भाजपा के बड़े नेताओं को जोड़कर, राजनीतिक लाभ लेने की थी। अन्यथा, न्यायालय से सबसे बड़ी सजा के बाद भी झूठ फैलाते रहना, वायरल वीडियो की प्रेस कॉन्फ्रेंस दिल्ली में करना और तब से आरोप लगाने वालों का गायब हों जाना और अब पीड़ित परिवार की राय लेने का विरोध, यह स्पष्ट इशारा करता है कि कांग्रेस इस प्रकरण का हल नहीं चाहती है या दोषियों को कानूनी लाभ पहुंचाना चाहती है। यह हैरानी भरा है कि सीबीआई की विरोधी पार्टी, उससे ही जांच की बात कहती है।

# जोशी ने समूह की महिलाओं को दिया वे-साइड एमेनिटीज का तोहफा

**ग्राम्य विकास मंत्री ने किया 100.91 लाख की लागत के वे-साइड एमेनिटीज निर्माण कार्य का शिलान्यास**



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने जनपद देहरादून के मसूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भट्टा फॉल के समीप ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत 100.91 लाख की लागत के वे-साइड एमेनिटीज निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया।

इस अवसर पर ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि क्लस्टर लेवल फेडरेशन के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुवाखोली क्षेत्र में भी वे-साइड एमेनिटीज खोला जाए, जिससे अधिक से अधिक महिलाओं को आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें।

ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि वे-साइड एमेनिटीज के साथ-साथ महिलाओं द्वारा संचालित रेस्टोरेंट का निर्माण भी किया जाए, जिससे महिला समूहों की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि इससे पर्यटकों को स्थानीय पहाड़ी व्यंजनों का स्वाद चखने का अवसर मिलेगा और महिलाओं को स्थायी रोजगार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक 1.65 लाख महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं, इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, एसडीएम राहुल आनंद, मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश रावत, कुशाल राणा, लक्ष्मण रावत, ग्राम प्रधान मीना कोटाल, विशाल खरोल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं महिला समूहों की सदस्य उपस्थित रहे।

# दून पुलिस ने वसूला 4.30 लाख का जुर्माना

**देहरादून।** शहर की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दून पुलिस का सत्यापन अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। इस दौरान पटेलनगर पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले 43 मकान मालिकों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 लाख 30 हजार रुपये का जुर्माना ठोका।मंगलवार को थाना पटेलनगर पुलिस की अलग-अलग टीमों ने आजाद कॉलोनी और चंद्रबनी जैसे क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीम ने घर-घर जाकर बाहरी व्यक्तियों और किरायेदारों के दस्तावेजों की जांच की। अभियान का मुख्य उद्देश्य संदिग्धों की तलाश करना और अवैध गतिविधियों पर नकेल कसना था।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि बिना सत्यापन के किरायेदारों को रखने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# गुणवत्ता आधारित संस्कृति को बढ़ावा देना जरूरी:धामी

**साहसी छात्राओं दिव्या व दीपिका की बहादुरी को बताया गर्व का विषय को बताया गर्व का विषय**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को भारतीय मानक ब्यूरो के 79वें स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो ने बीते आठ दशकों में गुणवत्ता, विश्वसनीयता और उपभोक्ता संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर गुणवत्ता ही पहचान के मंत्र को साकार किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1947 में भारतीय मानक संस्था के रूप में शुरू हुई यह यात्रा आज देश की औद्योगिक, वैज्ञानिक और आर्थिक प्रगति की मजबूत आधारशिला के रूप में स्थापित हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि बीआईएस द्वारा मानकीकरण, प्रमाणीकरण और गुणवत्ता परीक्षण के माध्यम से न केवल उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाया गया है, बल्कि उपभोक्ताओं के जीवन में भरोसे और सुरक्षा की भावना को भी सुदृढ़ किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मानकीकरण का क्षेत्र केवल उद्योग जगत तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि कृषि, स्वास्थ्य, सड़क सुरक्षा, ऊर्जा, जल संरक्षण, आपदा प्रबंधन एवं डिजिटल सेवाओं तक विस्तृत हो चुका है। उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा डिजिटल सुरक्षा, मेडिकल डिवाइस, ड्रोन, इलेक्ट्रिक वाहन, रिसाइकिल सामग्री एवं हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में समयानुकूल मानक तय कर भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो सतत विकास के लक्ष्य के अनुरूप इकोलॉजी और इकॉनमी के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में सराहनीय योगदान दे रहा है। राज्य में बीआईएस द्वारा लोक निर्माण विभाग, आपदा प्रबंधन, एमडीडीए, यूपीसीएल सहित विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करते हुए मानकीकरण संबंधी जागरूकता और सहयोगात्मक कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया जैसे अभियान देश की आर्थिक और तकनीकी प्रगति के आधार स्तंभ बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पाद विश्व में गुणवत्ता का मानदंड बनें यह प्रधानमंत्री का स्पष्ट दृष्टिकोण है और इस लक्ष्य की प्राप्ति में बीआईएस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भी अपने स्थानीय उत्पादों हस्तशिल्प, जैविक कृषि उत्पाद, औषधीय जड़ी-बूटियाँ एवं स्थानीय खाद्य उत्पाद के लिए उच्च गुणवत्ता मानक स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि "हाउस ऑफ हिमालयाज" ब्रांड राज्य के पारंपरिक उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता को केवल मानक नहीं बल्कि आदत बनाना आवश्यक है, ताकि गुणवत्ता आधारित संस्कृति एक जन आंदोलन के रूप में विकसित हो सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय मानक ब्यूरो वन नेशन, वन स्टैंडर्ड की नीति के तहत देश को वैश्विक मानकों की प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बनाएगा और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प में अपनी अहम भूमिका निभाता रहेगा।इस अवसर पर विधायक खजान दास, उमेश शर्मा काऊ, सविता कपूर, निदेशक भारतीय मानक ब्यूरो चीफ सौरभ तिवारी, महानिदेशक यू-कॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, ब्रिगेडियर के.जी बहल (सेनि), उद्योग एवं व्यापार संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जीआरपी ने यात्रियों के लाखों के 200 गुम हुए मोबाइल किए बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** रेल यात्रा के दौरान मोबा. इल खोने की मायूसी झेल रहे यात्रियों के लिए मंगलवार का दिन राहत भरा रहा। पुलिस महानिरीक्षक (रेलवेज) मुख्तार मोहसिन ने हरिद्वार जीआरपी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 200 मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे। बरामद किए गए इन स्मार्टफोन्स की अनुमानित कीमत करीब ध्36.50 लाख बताई जा रही है।

आईजी मुख्तार मोहसिन ने बताया कि यात्रियों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के लिए टीम गठित की गई थी। जीआरपी की एसओजी और सर्विलांस टीम ने पोर्टल और मैन्युअल सूचनाओं की मदद से उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, पश्चिम बंगाल और बिहार सहित कई राज्यों से इन मोबाइलों को ट्रेस कर बरामद किया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।



## सुरक्षा व्यवस्था पर कड़े निर्देश

मोबाइल वितरण के बाद आईजी ने अपराध समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।ट्रेनों और स्टेशनों पर महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम हों।लूट, चेन स्नैचिंग और जहरखुरानी जैसी वारदातों को रो. कने के लिए एस्कॉर्ट ड्यूटी रोटेशन में लगाई जाए।आगामी त्योहारों के मद्देनजर बीडीएस और डॉग स्क्वायड के जरिए स्टेशनों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए।स्टेशनों पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के साथ मिलकर निगरानी बढ़ाई जाए।इस अवसर पर एसपी रेलवेज अरुणा भारती, एसपी क्राइम जितेंद्र मेहरा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री का बयान संवेदना नहीं जिम्मेदारी से बचने की कोशिशः गोदियाल



शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने मुख्यमंत्री के हालिया बयान पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह संवेदना नहीं, बल्कि जिम्मेदारी टालने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि तीन साल तक सरकार किस जांच के लिए तैयार थी और सीबीआई जांच से क्यों भागती रही।गोदियाल ने कहा कि जांच कानून से होती है, माता-पिता के आदेश से नहीं। अगर सरकार गंभीर है तो आज ही कैबिनेट से सीबीआई जांच और हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी का फैसला करे। घोषणाओं से नहीं, आदेश से न्याय होता है।

## सबूत मिटाने वाली सरकार आज सबूत मांग रही है: गणेश

**चमोली/गढ़वाल।** अंकिता भंडारी को न्याय दो पदयात्रा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि उत्तराखंड की जनता अब चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि रिसोर्ट पर बुलडोजर चलाकर और पुलिस कस्टडी में आग लगाकर सबूत मिटाए गए, और अब वही सरकार सबूत मांग रही है। गोदियाल ने वीआईपी की पहचान सार्वजनिक करने, सीबीआई जांच और हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में जांच की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा राजनीति नहीं, बल्कि न्याय का जनआंदोलन है।

## अंकिता को न्याय की लड़ाई राजनीति है तो कांग्रेस रोज करेगी: दसौनी

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस की नेत्री गरिमा मेहरा दसौनी ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की लड़ाई अगर राजनीति है, तो कांग्रेस ऐसी राजनीति रोज करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का कांग्रेस पर "राजनीतिकरण" का आरोप उसकी नैतिक दिवालियापन को दर्शाता है।गरिमा ने सवाल उठाया कि तीन साल बाद अब वीआईपी की पहचान क्यों उजागर की जा रही है, जांच को प्रभावित करने वाले अधिकारी कौन थे और न्याय में देरी किसके संरक्षण में हुई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक अंकिता को पूर्ण न्याय नहीं मिलेगा, कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

# एशियन पेंट्स की बाल्टी बिकने से पहले ही कूपन हो रहे कैश

**कंपनी का गोलमोल या फिर बोलेरो की चालाकी. ? उत्तराखंड सहित कई राज्यों में डीलरों पर कंपनी के पदाधिकारी कार्यवाही करने में जुटे**

इमरान चौधरी

**देहरादून।** देश की सबसे बड़ी पेंट कंपनी एशियन पेंट्स इन दिनों एक अजीबोगरीब श्कूपन घोटालेश से जूझ रही है। कंपनी ने खुलासा किया है कि बाजार में पेंट की बाल्टी पहुं. चने या बिकने से पहले ही उसके भीतर रखे गए श्लॉयल्टी कूपनश का पैसा निकाला जा रहा है। इस मामले में कंपनी ने अपने ही कई डीलरों और बिचौलियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।एशियन पेंट्स अपनी बाल्टियों के अंदर पेंटर्स और ठेकेदारों के लिए खास श्कूपनश रखती है। इन कूपनों को स्कैन करने पर एक निश्चित राशि सीधे पेंटर के बैंक खाते या डिजिटल वॉलेट में जाती है। हालिया जांच में सामने आया है कि बाल्टी ग्राहक तक पहुँचने से पहले ही उसे खोलकर कूपन निकाल लिए जा रहे हैं या बाल्टी के बाहर से ही तकनीकी छेड़छाड़ कर कूपन कोड स्कैन किए जा रहे हैं। जब असली ग्राहक या पेंटर बाल्टी खोलता है, तो उसे कूपन या तो मिलता नहीं या वह पहले से इस्तेमाल किया हुआ मिलता है। जिसके चलते अब कंपनी के पदाधिकारी भी इस बाल्टी के कूपन गोलमोल मामले में इंवॉल्व दिखाई पड़ते हैं या फिर यह माने की कंपनी को चूना लगाने के लिए डॉलर ही इस खेल को अंजाम दे रहे हैं। सूत्रों की माने तो यह मामला बिना कंपनी के वर्ककरो कि मिली भगत के चलते ही हो सकता है। सदर क्षेत्रा अधिकारी अंकित कंडारी के दरबार में आई ऐसी ही एक शिकायत को लेकर कंपनी के अधिवक्ता एवं रुड़की स्थित डीलर के अधिवक्ता आमने-सामने अपने-अपने आरोपो को लेकर जूझते नजर आए। एशियन पेंट्स कंपनी के अधिवक्ता ने रुड़की स्थित एक एशियन पेंट डीलर पर सीधा सा लाखों के अवैध तरीके से कूपन बेचने का आरोप लगाकर उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की तो वही रुड़की स्थिति डीलर के वकील ने कंपनी के ही कर्मचारियों पर सीधा सा गोलमोल का आरोप लगाकर कंपनी के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए बात कही। यह मामला कई घंटों तक क्षेत्राधिकारी के दरबार में चर्चाओं का विषय बना रहा। क्षेत्राधिकारी अंकित कंडारी का कहना है की जांच के बाद ही कार्यवाही की जाएगी। अब यह मामला जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि कंपनी कि बाल्टी में डाले गए कूपन के घोटाले को लेकर कौन दोषी है कंपनी के कर्मचारी या फिर डीलर इस पर पुलिस भी गंभीरता के साथ जांच में जुटी है। इस प्रकरण में रुड़की के सीनियर अधिवक्ता मोहम्मद सैफी ने कहा कि कंपनी के कुछ कर्मचारियों कि तरफ से ही यह घोटाला हुआ है क्योंकि बिना बाल्टी बीके ही कूपन मार्केट में कैसे आ गए।

## इन राज्यों में हुई कार्रवाई

सूत्रों के अनुसार, कंपनी ने संदिग्ध ट्रांजेक्शन और कूपन स्कैनिंग डेटा के आधार पर कई राज्यों में छापेमारी और एफआईआर दर्ज कराई है। गुजरात (वडोदरा): यहां हाल ही में पुलिस ने एक गिरोह को दबोचा है जो बाल्टियों से कूपन चोरी कर लाखों रुपये की चपत लगा चुका था। उत्तर प्रदेश (वाराणसी और नोएडा) यूपी में नकली पेंट और कूपन हेरफेर के मामले में कई दुकानों पर छापेमारी की गई है। नोएडा में नकली उत्पाद और कूपन से जुड़े मामलों में एफआईआर दर्ज हुई है।हरियाणा और राजस्थान इन राज्यों में भी कंपनी की विजिलेंस टीम ने संदिग्ध डीलरों के कोड ब्लॉक कर उनके खिलाफ कानूनी नोटिस जारी किए हैं।

## डीलरों पर कंपनी का शिकंजा

एशियन पेंट्स ने स्पष्ट किया है कि जिन डीलरों के आउटलेट से बार-बार श्प्री-मैच्योर स्कैनिंगश (बिकने से पहले स्कैनिंग) के मामले आ रहे हैं, उनकी डीलरशिप रद्द की जा सकती है। कंपनी ने अपने डेटा एनालिटिक्स के जरिए उन लोकेशनों की पहचान की है जहाँ से एक ही आईपी एड्रेस या फोन नंबर से कई कूपन स्कैन किए गए हैं।

# कूड़ा वाहन की घोषणा, गंदगी करने वालों की खैर नहीं

## राजाखेत में सजे जनता दरबार में सुनी गई, 103 फरियादें अधिकांश का मौके पर ही हुआ निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल में आम जनमानस की समस्याओं को उनके द्वार पर ही सुलझाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार के तहत प्रशासन की सक्रियता सुदूरवर्ती क्षेत्रों में देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रतापनगर तहसील और जाखणीधार ब्लॉक के अंतर्गत न्याय पंचायत सिलोली के राजकीय इंटर कॉलेज राजाखेत में एक भव्य बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय सतर्कता समिति की अध्यक्ष और राज्यमंत्री गीता रावत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि क्षेत्रीय विधायक विक्रम सिंह नेगी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। शिविर के दौरान



प्रशासन ने कुल 103 आवेदन और शिकायतें प्राप्त कीं, जिनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निस्तारण कर फरियादियों को राहत प्रदान की गई। वहीं, शि. विर में अनुपस्थित रहने पर खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) जाखणीधार का स्पष्टीकरण तलब करते हुए प्रशासन ने कड़े तेवर दिखाए हैं।

शिविर के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों ने अपने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लोगों को लाभान्वित किया। बाल विकास विभाग द्वारा मौके पर ही 12 पात्र लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट प्रदान की गई। वहीं, पंचायती राज विभाग ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के तहत 13 विवाह पंजीकरण कराए, जिनमें से 6 जोड़ों को तत्काल पंजीकरण प्रमाण पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विक्रम सिंह नेगी ने क्षेत्र की स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए अपनी विधायक निधि से कूड़ा उठान हेतु एक वाहन देने की महत्वपूर्ण घोषणा की। साथ ही, उन्होंने जंगली जानवरों से खेती की सुरक्षा के लिए बंदूक लाइसेंस प्रक्रिया को सरल करने और स्कूली रास्तों पर उगी झाड़ियों के कटान का मुद्दा उठाया। विधायक के सुझाव पर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी (एडीपीआरओ) को सभी न्याय पंचायतों में रास्तों की सफाई के लिए बुश कटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शिविर में मुख्य अतिथि गीता रावत ने जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रशासन का गांव-गांव पहुंचकर समस्याओं का समाधान करना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से न केवल शिकायतों का निवारण हो रहा है, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक ग्रामीणों को शिविरों तक लाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राप्त शिकायतों को जन समर्पण पोर्टल पर अपलोड कर एक सप्ताह के भीतर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। शिविर में मदननेगी बाजार में गंदगी की समस्या पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए बीडीओ और एसडीएम को निर्देश दिए कि कूड़ा फैलाने वाले दुकानदारों का चालान किया जाए और व्यापार मंडल के साथ बैठक कर मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। साथ ही श्रम विभाग को रोस्टर बनाकर श्रमिकों के पंजीकरण हेतु कैंप लगाने के निर्देश दिए गए।

जनता दरबार में ग्राम प्रधान म्यूंडा अनीता देवी ने राजाखेत-घनसाली मोटर मार्ग और म्यूंडा से पीपलडाली सड़क के सर्वे में छूटे परिवारों को भूमि मुआवजा देने की मांग की, जिस पर अधीक्षण अभियंता लोनिवि को प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने को कहा गया। कॉल गांव निवासी विद्यादत्त पेटवाल ने भटवाड़ा-खेट सड़क निर्माण से क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन का मुद्दा उठाया, जिस पर जल संस्थान को एक सप्ताह का समय दिया गया। इसके अलावा रोडवेज बस सेवा विस्तार, सोलर लाइट और कृषि भूमि पर तारबाड़ जैसी मांगें भी रखी गईं। नोडल अधिकारी पवन कुमार काला ने बताया कि शिविर में 486 लोगों ने विभिन्न स्टॉलों का लाभ उठाया और स्वास्थ्य विभाग द्वारा 191 लोगों की जांच व दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख जाखणीधार राजेश नौटियाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मान सिंह रौतेला, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत, एसडीएम प्रतापनगर अंकित राज, कनिष्ठ उप प्रमुख कीर्ति सिंह पंवार, पूर्व राज्य मंत्री प्रेम जुयाल सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गोल्डन कार्ड योजना में प्रीमियम वृद्धि पर रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** अवकाश प्राप्त कर्मचारी विकास संगठन ने गोल्डन कार्ड योजना में मासिक अंशदान कटौती में प्रीमियम वृद्धि किए जाने पर रोष व्यक्त किया है। मंगलवार को मांगों को लेकर संगठन के पदाधिकारियो ने तहसीलदार श्रीनगर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में संगठन के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र मैठाणी एवं सचिव सुरेश चन्द्र मैठाणी ने कहा कि गोल्डन कार्ड योजना वर्ष 2021 से प्रारम्भ की गई।

जिसमें पेंशनर्स से ग्रेड पे के आधार पर उक्त योजना का शुरू किया गया है। कहा कि योजना में अनियमित. ाओं होने के कारण संगठन द्वारा इसकी जांच कर योजना को सुदृढ़ ढंग से संचालित किए जाने की मांग की थी। कहा कि गोल्डन कार्ड में चयनित अस्पतालों में मरीजों की भरती न करना व स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा प्रतिपूर्ति बीजकों का भुगतान समय से न करने से वयोवृद्ध पेंशनर्स, पारिवारिक पेंशनर्स में रोष व्याप्त है। कहा कि दिसम्बर 2025 में हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने प्रारंभिक मासिक अंशदान में काफी वृद्धि कर योजना को इन्श्योरेन्स मोड से चलाने की स्वीकृति प्रदान की है। कहा कि मासिक प्रीमियम वृद्धि करना पेंशनर एवं पारिवारिक पेशनर का शोषण व उत्पीड़न है। जिससे पेंशनरों में रोष व्याप्त है। उन्होने अस्पतालों में नि:शुल्क पैथोलोजी, नि:शुल्क डाइग्नोसिस्ट में छोटा प्रीमियम फिल्टर व बड़ा हाईफ्लैक्स डाइलेपर तीनों फिल्टरों का प्राविधान नि:शुल्क किए जाने, सीजीएचएस की दरों पर उपचार, बीजकों का भुगतान किए जाने की मांग की है।

## जन-जन की सरकार: टिहरी के चार स्थानों पर लगा जनता दरबार, 1212 लोगों ने उठाई समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा सुदूरवर्ती क्षेत्रों के निवासियों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने और उनकी समस्याओं का घर-द्वार पर ही समाधान करने के उद्देश्य से संचालित 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान अब एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। इसी क्रम में मंगलवार को जनपद टिहरी गढ़वाल के अलग-अलग दुर्गम स्थानों पर एक साथ चार बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें उमड़ी भीड़ ने प्रशासन के प्रति अपने विश्वास को दर्शाया। इन शिविरों के माध्यम से जिला प्रशासन ने सुदूर गांवों में पहुंचकर न केवल जनता की नब्ज टटोली, बल्कि मौके पर ही कई समस्याओं का निस्तारण कर आमजन को बड़ी राहत प्रदान की। जिले में प्रशासनिक मशीनरी की सक्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक ही दिन में चार अलग-अलग स्थानों पर वरिष्ठ अधिकारियों ने मोर्चा संभाला। पहला शिविर तहसील प्रतापनगर के विकासखंड जाखणीधार अंतर्गत न्याय पंचायत सिलोली के राजकीय इंटर कालेज राजाखेत में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता स्वयं जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने की। वहीं, दूसरा शिविर विकासखंड नरेंद्रनगर की उप-तहसील पाव-की-देवी स्थित न्याय पंचायत बनाली के राजकीय इंटर कालेज दुआधार में उप-जिलाधिकारी नरेंद्रनगर आशीष घिल्डियाल की देखरेख में संपन्न हुआ। इसी तरह तीसरा शिविर तहसील प्रतापनगर की न्याय पंचायत तिनवाल गांव के राजकीय इंटर कालेज गल्याखेत में अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में और चौथा शिविर तहसील घनसाली के भिलंगना ब्लॉक अंतर्गत न्याय पंचायत पड़ागली में परियोजना निदेशक डीआरडीए पुष्पेंद्र चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मंगलवार को आयोजित इन चारों शिविरों में कुल 1212 लोगों ने प्रतिभाग किया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि ग्रामीण जनता अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कितनी उत्सुक है। शिविरों के दौरान कुल 106 शिकायतें और समस्याएं प्रशासन के समक्ष दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए 24 शिकायतों का मौके पर ही स्थायी निस्तारण कर दिया। इसके अलावा, विभिन्न प्रकार के आवश्यक प्रमाण पत्रों के लिए 75 आवेदन पत्र भरवाए गए और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत 488 पात्र व्यक्तियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। शिविरों में शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, उद्यान, समाज कल्याण, महिला सशक्तिकरण, खाद्य आपूर्ति, सिंचाई, पशुपालन, ऊर्जा, लोक निर्माण विभाग, उद्योग और जल संस्थान सहित लगभग सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अपने स्टॉल लगाकर मौजूद रहे, जिन्होंने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।



## कोट बंगार में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी प्रतीक जैन के निर्देशन में सरकार जन-जन के द्वार' के तहत विकासखंड जखोली की ग्राम पंचायत कोट बंगार में उप जिलाधिकारी जखोली अनिल रावत की अध्यक्षता में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इस दौरान फरियादियों ने 30 शिकायतें दर्ज की जिसमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उप जिलाधिकारी अनिल रावत ने सभी विभागीय अधिकारियों को लंबित एवं प्रेषित शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। ताकि आम जनता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## चिन्यालीसौड़ में बंदरों का आतंक, लोग दहशत में

**चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी)।** नगरपालिका चिन्यालीसौड़ क्षेत्र में इन दिनों बंदरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगर क्षेत्र के नागणी वार्ड संख्या छह में बंदरों ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। खेत-खलिहानों में खड़ी फसलें, घरों की क्यारियों में लगी साग-सब्जी को बंदर लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके साथ ही बंदर घरों की छतों पर भी उत्पात मचा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंदरों के कारण बच्चों और बुजुर्गों में भय का माहौल बना हुआ है। बंदर राह चलते लोगों पर झपटने के लिए दौड़ पड़ते हैं, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर वन विभाग से कई बार बंदरों को पकड़ने की गुहार लगाई गई, लेकिन विभाग ने बजट का हवाला देते हुए अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। वन विभाग द्वारा नगर पालिका के सहयोग से पिंजरा लगाने की बात जरूर कही गई थी, लेकिन अब तक पिंजरा नहीं लगाया गया, जिससे लोगों में भारी रोष है। स्थानीय निवासी शम्भू प्रसाद सेमवाल, मोहन लाल सेमवाल, अनिल मेहरा, सोवत सिंह बिष्ट और शशिकांत विजल्वाण ने चेतावनी दी है कि यदि वन विभाग ने शीघ्र बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई नहीं की, तो वे विभाग का घेराव करने को मजबूर होंगे। वहीं इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी जगमोहन गंगाड़ी ने बताया कि वित्तीय वर्ष का बजट समाप्त हो जाने के कारण बंदर पकड़ने वाली टीम को पुन: नहीं बुलाया जा सकता।

# मदननेगी में केंद्रीय विद्यालय की राह हुई आसान

## डीएम ने निरीक्षण कर दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जाखणीधार ब्लॉक के मदननेगी क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना और सुचारू संचालन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह गंभीर नजर आ रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने मदननेगी पहुंचकर प्रस्तावित विद्यालय स्थल और वैकल्पिक व्यवस्थाओं का गहन स्थलीय निरीक्षण किया। प्रशासन का प्रयास है कि जब तक केंद्रीय विद्यालय का अपना भव्य और स्थायी भवन बनकर तैयार नहीं हो जाता, तब तक छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए पूर्व में संचालित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के रिक्त भवन को कक्षाओं के संच. ालन हेतु वैकल्पिक तौर पर तैयार किया गया है। जिलाधिकारी ने भवन की स्थिति का जायजा लेते हुए इसे छात्रों के लिए सर्वथा उपयुक्त बनाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रति. निधियों और प्रशासन के बीच विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। ब्लॉक प्रमुख जाखणीधार राजेश नौटियाल ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि स्कूल प्रबंधन के साथ हुई वार्ता के अनुसार, सुचारू पठन-पाठन के लिए डायट के आवासीय परिसर में स्थित चार अतिरिक्त कक्षों की मरम्मत और रंग-रोगन की नितांत आवश्यकता है। इसके अलावा, उन्होंने विद्यालय परिसर के समीप स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर को हटाने और ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन को शिफ्ट करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने इन सुझावों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने और एस्टीमेट तैयार कर काम शुरू करने के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मदननेगी में केंद्रीय विद्यालय के स्थायी भवन निर्माण के लिए भूमि चिन्हित करने की प्रक्रिया और अन्य कागजी कार्यवाही भी तेज गति से चल रही है, जिसे जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। प्रशासन की इस सक्रियता से स्थानीय निवा. सियों में भी उम्मीद जगी है कि अब उनके बच्चों को घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण केंद्रीय शिक्षा मिल सकेगी। इस निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी प्रतापनगर अंकित राज सहित शिक्षा विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौके पर उपस्थित रहे।

# मोहन नेगी बने पीटीए अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में मंगलवार को अभिभावक शिक्षक संघ की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया।



बैठक में सर्व सहमति से मोहन नेगी को अध्यक्ष, लोकेन्द्र रावत को उपाध्यक्ष, शांति प्रसाद नौटियाल को कोषाध्यक्ष, डा. डीएस नेगी को सचिव, दीना देवी को सहसचिव चुना गया। जबकि अजय ठाकुर, सतेश्वरी देवी, प्रीति नेगी एवं मंजू देवी को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद मोहन नेगी ने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। प्राचार्य प्रो. एमपी नगवाल ने कहा कि महाविद्यालय में छात्रा छात्राों की नियमित उपस्थिति बनाये रखने में अभिभावकों का सहयोग लिया जाएगा। इस अवसर पर डा. हर्षी खंडूरी, डा. ममता असवाल, डा. रंजू बिष्ट, डा. कुलदीप नेगी, डा. राजेश कुमार, डा. मुकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने भटवाड़ी में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** अंकिता हत्या काण्ड की सीबीआई जांच को लेकर कांग्रेस लगातार हमलावर हो रही है। मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष राणा के नेतृत्व में गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक भटवाड़ी में अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर राज्य सरकार का पुतला दहन किया है। प्रदर्शन के दौरान मनीष राणा ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है। इस मामले में अब तक निष्पक्ष और पारदर्शी जांच न होना राज्य सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सच्चाई को सामने लाने के बजाय मामले को दबाने का प्रयास कर रही है।



उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांग्रेस पार्टी तब तक चुप नहीं बैठेगी जब तक अंकिता को पूर्ण न्याय नहीं मिल जाता। दोषियों को राजनीतिक संरक्षण समाप्त कर निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराई जाए, यही जनता की मांग है। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र न्याय सुनिश्चित नहीं किया गया तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस के ब्लांक अध्यक्ष मनोज पंवार , पपेंरद नेगी, संजीव नौटियाल, राखी, एकादशी, धनपाल समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे है।

# फर्राटा दौड़ में माधवी और ज्योति ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर के भक्तियाना स्थित एनआईटी खेल मैदान में मंगलवार को चार दिवसीय खेल महाकुंभ-विधायक चैंपियन ट्रॉफी 2025-26 का आगाज हुआ। प्रतियोगिता में तीन खिर्सू, थैलीसैंण एवं पैठाणी ब्लॉक के 15 न्याय पंचायत के 200 से अधिक बालि. काओं ने प्रतिभाग कर अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खिर्सू ब्लॉक प्रमुख अनील भंडारी ने किया।



इस दौरान उन्होने छात्रों ने पढाई के साथ-साथ खेलों के प्रति भी ध्यान देने को प्रेरित किया। मौके पर आयोजित अंडर-19 बालिका वर्ग की 800 मीटर दौड़ में खुशबु ने प्रथम, हिमांशी ने द्वितीय, शुभम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में माधवी ने प्रथम, कीर्ति रावत ने द्वितीय और सोनाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

400 मीटर दौड़ में खुशबु, राखी और आरती ने क्रमांश प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर दौड़ में ज्योति ने प्रथम, स्वेता ने द्वितीय, सोनाली ने तृतीय, 3000 मीटर दौड़ में संजना ने प्रथम, अमिता ने द्वितीय, अंजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

लम्बी कूद में कीर्ति रावत ने प्रथम, आरूषि कठैत ने द्वितीय, दिव्यांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 बालिका वर्ग की 60 मीटर दौड़ में सुहाना ने प्रथम, अनुष्का ने द्वितीय, खुशी ने तृतीय, गोला फेंक में रेखा ने प्रथम, साक्षी ने द्वितीय और वंदना ने तृतीय, 600 मीटर दौड़ में सुहना ने प्रथम, लम्बी कूद में साक्षी, ऊंची कूद में कनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 वर्ग में रिले रेस में खिर्सू ने प्रथम, थैलीसैंण ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर ज्येष्ठ उप प्रमुख खिर्सू नितिन रावत, मंडलध्यक्ष विनय घिल्डियाल, उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, खेल संयोजक प्रदीप मल्ल, जिला युवा कल्याण अधिकारी रविंद्र फोनिया, विनोद रिवाड़ी, आदेश बहुगुणा, साक्षी आदि मौजूद थे।

## शराब तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में नशे और अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने का लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में ऊखीमठ पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 17 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान दीपक सिंह पुत्र उमेद सिंह, निवासी ग्राम कालीमठ, थाना गुप्तकाशी के रूप में हुई है। उसके पास से 17 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। अभियुक्त के खिलाफ थाना ऊखीमठ में मुकदमा किया गया है। टीम में उप निरीक्षक सतीश शाह चौकी प्रभारी चोपता, अपर उप निरीक्षक अनिल कुमार, हेड कांस्टेबल अनिल, धीरेंद्र पंवार, पंकज आर्य शामिल थे।

# विकास कार्यों एवं जनसमस्याओं पर हुई व्यापक चर्चा

## अगस्त्यमुनि में बीडीसी बैठक संपंन, जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से विकास को मिलेगी गति: चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** क्षेत्र पंचायत प्रमुख अगस्त्यमुनि भुवनेश्वरी देवी की अध्यक्षता में विकासखंड सभागार में बीडीसी बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त निर्वाचित क्षेपंस, ग्राम प्रधान तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी ने प्रतिभाग किया।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति तथा विभागों की ओर से किए जा रहे कार्यों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। क्षेपं प्रमुख भुवनेश्वरी देवी ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ जनता की सेवा को लेकर कार्य करें। उन्होंने सभी विभागों से जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को शीघ्र धरातल पर उतारने का आग्रह किया तथा सदन की गरिमा बनाए रखने की अपील की। बैठक में सड़क निर्माण एवं मरम्मत, मुआवजा, पेयजल आपूर्ति, शिक्षा, विद्युत व्यवस्था, मानव-वन्यजीव संघर्ष, जंगली जानवरों से फसलों को हो रहे नुकसान जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही विकसित भारत- जी राम जी मनरेगा के अंतर्गत नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में श्रमिक ऑनलाइन उपस्थिति से जुड़ी व्यवहारिक समस्याओं, ग्राम प्रधानों के मानदेय में वृद्धि, योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रधानों की संस्तुति, शिलापटों पर ग्राम प्रधान का नाम अंकित किए जाने, क्षेत्र पंचायत सदस्यों के मानदेय में वृद्धि तथा कूड़ा निस्तारण हेतु कूड़ा वाहनों की संख्या बढ़ाने जैसे विषयों पर भी सदन में विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत चौधरी ने सदन को संबोधित करते हुए सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अधिका. रियों से जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर क्षेत्रीय समस्याओं एवं विकास कार्यों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध रूप से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेशभर में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न न्याय पंचायतों में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे आमजन की समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता जनसमस्याओं का समयबद्ध निस्तारण है तथा सरकार आमजन के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई फेज-4 के अंतर्गत सर्वाधिक सड़कें जनपद में निर्मित की जा रही हैं। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का अनुरोध किया, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग लाभान्वित हो सकें। इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख शांति प्रसाद चमोला, कनिष्ठ प्रमुख सविता भंडारी, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, उप वन संरक्षक रुद्रप्रयाग रजत सुमन, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, खंड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि सुरेश शाह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रामप्रक. ाश, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेन्द्र बिष्ट, जिला पर्यटन विकास अधिकारी राहुल चौबे सहित अन्य मौजूद थे।



## जल जीवन मिशन की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** जिलाधिकारी गौरव कुमार ने मंगलवार को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित कार्यों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने जल संस्थान और जल निगम के अधिकारियों को जल जीवन मिशन स्वीकृत योजनाओं को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगतिरत फेज 2 योजनाओं के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराये जाने के निर्देश। उन्होंने टीपीआई (थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन) के कार्मिकों को गांवों में किए जा रहे हर घर जल सर्वेक्षण कार्यो को शीघ्र पूरा कर तय समय में वास्तविक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। साथ ही जल संस्थान और जल निगम के अधिकारियों को जल जीवन मिशन के तहत आ रहीं शिकायतों और समस्याओं का तत्काल निस्तारण करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को हर घर जल सर्टिफिकेशन और स्रोत की जियो टैगिंग में वांछित प्रगति लाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलो में जल जीवन मिशन के तहत पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने वन क्षेत्रा के अंतर्गत लंबित योजनाओं को वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय करते हुये शीघ्र निस्तारित कर लेने की निर्देश दिए। इस दौरान जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी ने बताया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के पुनर्गठन एवं जल स्रोतों के सुधारीकरण हेतु दूसरे चरण में जनपद में कुल 571 योजनाओं में से 472 पूर्ण कर ली गई है और 99 योजनाओं का कार्य चल रहा है। हर घर जल के अंतर्गत 1113 गांवों के सापेक्ष 729 गांवों में सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है। कुल 1338 पेयजल स्रोत में से 1229 स्रोत की जियो टैगिंग कर ली गई है।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम किया जाए : सीएम

■ वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ मानव जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखंड राज्य वन्यजीव बोर्ड की 22वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने मानव-वन्यजीव संघर्ष की बढती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके नियंत्रण के लिए और अधिक प्रभावी कदम उठाए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भालू, गुलदार, बाघ तथा हाथी से संबंधित क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाई जाए और वन विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि संवे. दनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग, डिजिटल निगरानी और अर्ली वार्निंग सिस्टम को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावित ग्रामों में सोलर फेंसिंग, बायो-फेंसिंग, हनी बी फेंसिंग, वॉच टावर एवं अन्य सुरक्षात्मक उपाय अनिवार्य रूप से स्थापित किए जाएँ। उन्होंने ग्रामीणों को सतर्कता और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविरों के आयोजन और रैपिड रिस्पॉन्स टीम को निरंतर सक्रिय रखने के भी निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हाथी एवं बाघ कॉरिडोर सहित सभी वन्यजीव कॉरिडोरों के संरक्षण को शीर्ष प्राथमिकता दी जाए। वन्यजीवों के आवागमन वाले मार्गों पर एनिमल पास, अंडरपास और ओवरपास निर्माण की व्यवस्था को और प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि वर्तमान वन्यजीव संरक्षण नियमों या प्राविधानों में संशोधन की आवश्यकता हो, तो संबंधित विभाग आवश्यक परीक्षण कर संशोधन प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजें।बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वन्यजीव समन्वय समिति को सक्रिय बनाए रखने के साथ ही संवे. दनशील जिलों, ब्लॉकों एवं ग्रामों की हॉट स्पॉट मैपिंग तत्काल पूरी की जाए। उन्होंने स्कूलों, आंगनबाड़ियों, जलस्रोतों और पैदल मार्गों के आसपास सुरक्षा प्रबंध मजबूत करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस कचरा प्रबंधन को सख्ती से लागू किया जाए, ताकि भालू और अन्य वन्यजीव आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आकर्षित न हों।मुख्यमंत्री ने कहा कि ईको-टूरिज्म व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए रिजर्व फारॅरेस्ट के अलावा प्रदेश की वाइल्डलाइफ सेंचुरी एवं कंजरर्वेशन रिजर्व क्षेत्रों में भी कार्य किये जाएं। मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने तथा जन सुरक्षा की दृष्टि से टेरिटोरियल फॉरेस्ट डिविजन में पशु चिकित्सकों की व्यवस्था भी की जाए।बैठक में वन भूमि हस्तांतरण से संबंधित कुल 9 प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की गई। इनमें जनपद रुद्रप्रयाग स्थित केदारनाथ वन्यजीव अभयारण्य की 4 विविध पेयजल योजनाएं और 2 पेयजल योजनाएं, राजाजी नेशनल पार्क क्षेत्र से जुड़ी 2 मोटरमार्ग योजनाएं तथा रामनगर वन प्रभाग से संबंधित एक ऑप्टिकल फाइबर प्रस्ताव शामिल है। इसके अलावा संरक्षित क्षेत्रों की 10 किलोमीटर परिधि में उपखनिज चुगान से जुड़े 22 प्रस्तावों को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड के विचारार्थ संदर्भित किए जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में राज्य वन्यजीव बोर्ड के सदस्य विधायक दीवान सिंह बिष्ट, सुरेश सिंह चौहान, बंशीधर भगत, प्रमुख सचिव वन आर.के. सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक रंजन कुमार मिश्र, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ अन्य सदस्यगण एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य वन्यजीव बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय वन्यजीव संरक्षण और मानव सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक समग्र और दूरदर्शी कदम हैं, जिनसे उत्तराखंड में वन्यजीव प्रबंधन व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

बैठक में राज्य वन्यजीव बोर्ड के सदस्य विधायक दीवान सिंह बिष्ट, सुरेश सिंह चौहान, बंशीधर भगत, प्रमुख सचिव वन आर.के. सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक रंजन कुमार मिश्र, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ अन्य सदस्यगण एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर .......

### अब पहाड़ों में भी गूंजेगी शिक्षा की गूंज, शासन की बड़ी पहल

**देहरादून।**मुख्यमंत्री के विजन और जिलाधिकारी सविन बंसल की सक्रियता से देहरादून के दूरस्थ और सीमांत क्षेत्र त्यूनी को जल्द ही एक आधुनिक सार्वजनिक पुस्तकालय (लाइब्रेरी) की सौगात मिलने जा रही है। छात्र-छात्राओं और स्थानीय संस्थाओं की मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने पुस्तकालय की मरम्मत और फर्नीचर के लिए घ12.20 लाख का बजट स्वीकृत किया है।इस स्वीकृत राशि में से प्रथम किस्त के रूप में 60 प्रतिशत यानी घ7.20 लाख की धनराशि आज जारी भी कर दी गई है। यह कदम जिला खनिज फाउंडेशन न्यास (क्ड४) के माध्यम से उठाया गया है।बीते दिनों जिलाधिकारी के त्यूनी भ्रमण के दौरान स्थानीय युवाओं और संकल्प जनजातीय उत्थान फाउंडेशन ने लाइब्रेरी की मांग उठाई थी। डीएम ने ग्रामीण निर्माण विभाग को तुरंत प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अध्ययन संस्कृति को बढ़ावा देना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह लाइब्रेरी न केवल ज्ञानवर्धन का केंद्र बनेगी, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक सशक्त मंच भी साबित होगी।

### रायपुर में मेडिकल स्टोरों पर छापा, चार दुकानें सील



**देहरादून।** सेफ ड्रग्स: सेफ लाइफश अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती सीमा डुँगराकोटी और ड्रग विभाग की टीम ने मंगलवार को रायपुर क्षेत्र में मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। इस कार्रवाई से क्षेत्र के दवा विक्रेताओं में हड़कंप मच गया।निरीक्षण के दौरान कोठारी मेडिकल स्टोर के गल्ले में नोटों की गड्डियों के साथ नारकोटिक्स (नशीली) दवाएं बरामद हुईं, जिनका कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। इसके अलावा गिरी मेडिकोज, देवभूमि मेडिकोज और सिद्धेश्वरी मेडिकोज में फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति, सीसीटीवी की कमी और एक्सपायरी दवाओं के निस्तारण में भारी अनियमितताएं पाई गईं। इन चारों दुकानों को तत्काल बंद कराते हुए विभाग ने स्पष्टीकरण तलब किया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी गई है।वहीँ, एम.एस. मेडिकल हॉल में व्यवस्थाएं मानक के अनुसार मिलीं। टीम को देख कई अन्य दुकानदार दुकानें बंद कर भाग निकले, जिसे प्रशासन ने संदिग्ध माना है। सचिव सीमा डुँगराकोटी ने स्पष्ट किया कि आमजन की सेहत से खिलवाड़ रोकने के लिए ऐसे निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे।

### विधायक चीमा ने गांव में पहुंचकर सुनी समस्याएं

**काशीपुर।** ग्राम सभा कुद्दयोवाला में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क सहित अन्य मांगों को रखा। इस दौरान विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने सड़क निर्माण कराने की घोषणा की। जन संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। वहां कई लोगों ने मुख्य सड़क से भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर पार्क तक की सड़क निर्माण कराने की मांग की। इस पर विधायक चीमा ने सड़क को बनाने की घोषणा की। इस दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न मांगें की, जिन्हें विधायक ने जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, प्रदेश प्रवक्ता गुरविंदर सिंह चंडोक, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री मनोज प्रजापति, मंडल अध्यक्ष, बृजेश पाल सहि अन्य लोग मौजूद रहे।

## रवाईखाल और काण्डे में बहुउद्देशीय शिविर

**बागेश्वर।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रवाईखाल और काण्डे में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में 900 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया और केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लिया।

शिविरों में कुल 37 प्रमाण पत्र जारी किए गए, जबकि 122 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर समाधान किया गया। शेष शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। स्वास्थ्य विभाग ने शिविरों में स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की। रवाईखाल में आयोजित शिविर की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने की, जबकि काण्डे में आयोजित शिविर की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल ने की।

# शिविर में ग्रामीणों दिखा उत्साह, 1500 लोग पहुंचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी:** "जनख्रजन की सरकार, जनख्रजन के द्वार" अभियान के अंतर्गत मंगलवार को न्याय पंचायत जिब्या में जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। विकासखंड चिन्यालीसौड़ की न्याय पंचायत जिब्या के इंटर कॉलेज धारकोट में जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की अध्यक्षता में जनसमस्याओं की सुनवाई की गई। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा सहभागिता करते हुए आमख्रजनमानस की समस्याओं को सुना गया तथा उनका मौके पर निस्तारण किया गया।

शिविर में 1500 से अधिक लोगो पहुंचे जिनमें से 107 लिखित शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की



अध्यक्षता में 82 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष जटिल समस्याओं के लिए संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। शिविर में धारकोट के ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र में बैंक की शाखा खोलने की मांग को रखा और बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से शाखा खोलने की मांग की जा रही है। सहकारी विभाग द्वारा अवगत कराया की क्षेत्र में शाखा खोलने की घोषणा पूर्व में हो रखी है जिस पर आरबीआई से स्वीकृति मिलते ही अग्रिम कार्यवाही शीघ्र की जाएगी।

शिविर में एक फरियादियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि उसका बच्चा बचपन में आग से जलने के कारण एक कान और हाथ बुरी तरह जला हुआ हैं जिस पर जिलाधिकारी से दिव्यांग पेंशन की मांग की। जिलाधिकारी द्वारा तत्काल चिकित्सा अधिकारी को दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी कर पेंशन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। खुशाल सिंह राणा ग्राम मथाली द्वारा लोनिवि द्वारा सड़क निर्माण से कृषि भूमि कटान होने की शिकायत दर्ज कराई जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोनिवि चिन्यालीसौड़ को त्वरित कार्यवाही कर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कहा कि जनख्रजन की सरकार,जनख्रजन के द्वार अभियान से सरकार का उद्देश्य है कि लोगों को इन शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं से मौके पर लाभान्वित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया जा रहा है। शिविरों में लोगों के सभी जरूरी आवश्यक प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। शिविर में दर्जाधारी राज्यमंत्री गीता राम गौड़,राम सुंदर नौटियाल, अखिल भारतीय चिकित्सा परिषद से जीएन नौटियाल, जिला पंचायत सदस्य सरिता देवी, मंडल अध्यक्ष मनीष कुकरेती, समन्वयक, सुभाष नौटियाल, ग्राम प्रधान जिब्या प्रियंका पंवार, क्षेत्र पंचायत सदस्य शैलेन्द्र लाल सहित अन्य ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य, मुख्य विकास अधिकारी जय भारत सिंह, पीडी अजय सिंह,खंड विकास अधिकारी प्रकाश पंवार, न्याय पंचायत नोडल अधिकारी महावीर राणा सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गांव के विकास में अहम साबित होगा वीबी-जी राम जी अधिनियम: सीएम

■ विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण धिनियम को बताया ऐतिहासिक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह नया अधिनियम केवल मनरेगा का नाम बदलना नहीं, बल्कि ग्रामीण रोजगार नीति की संरचनात्मक पुनर्रचना है। जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र एवं इकाइयां मजबूत हो सकेंगी। उन्होंने इसे गांव को विकसित बनाने के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम किसानों को सुरक्षा, श्रमिकों को रोजगार, महिलाओं को सम्मान, गांवों का विकास और विकसित गाँव के माध्यम से विक. सित भारत के लिए मजबूत नींव बनाने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

मंगलवार को मीडिया सेंटर, सचिवालय में मीडिया से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वीबी-जी राम जी, विकास आधारित गारंटी प्रदान के साथ अब ग्रामीण परिवारों को 100 की जगह 125 दिन के रोजगार का अधिकार प्रदान करेगा। जो पहले से 25% अधिक होगा। इसके तहत 15 दिन में काम नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता अनिवार्य रूप से दिए जाने की



व्यवस्था बनाई गई है, साथ ही इसके लिए अधिकारी की जिम्मेदारी भी तय की गई है। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था के तहत दिए जाने भुगतान साप्ताहिक होगा और विलंब होने पर मुआवजे का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीबी-जी राम जी के तहत होने वाले कार्यों में तकनीक आधारित पारदर्शिता रखी गई है। इसमें बायोमेट्रिक हाजिरी, जियो-टैगिंग और जीआईएस मैपिंग, मोबाइल ऐप और सार्वजनिक डैशबोर्ड, एआई आधारित फ्रॉड डिटेक्शन, साल में दो बार अनिवार्य सोशल ऑडिट जैसे विभिन्न तकनीकों के प्रयोग का प्रावधान किया गया है। इन सभी तकनीकों का प्रयोग इस योजना को भ्रष्टाचार-मुक्त रोजगार गारंटी योजना बनाता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि वीबी-जी राम जी में किसान हितों की स्पष्ट रूप से सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। खेती के बुवाई और कटाई के मौसम में अधिकतम 60 दिन तक योजना के काम कानूनी रूप से रोके जा सकेंगे। जिससे किसानों को मजदूरों की कमी नहीं होगी एवं खेती की लागत भी नहीं बढ़ेगी साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था संतुलित रहेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीबी-जी राम जी के तहत ग्राम पंचायत और ग्राम सभा को असली ताकत प्रदान की गई है। उन्होंने कहा इस योजना में काम थोपे नहीं जाएंगे बल्कि विकास कार्यों का चिन्हीकरण ग्राम सभा द्वारा ही तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कम से कम 50 फीसदी कार्य सीधे ग्राम पंचायतों के स्तर पर कराए जा सकेंगे। इसके तहत जॉब कार्ड, पंजीकरण, योजना निर्माण जैसे कार्य ग्राम सभा के स्थानीय स्तर पर तय होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा वीबी-जी राम जी के तहत काम की गुणवत्ता और उपयोगिता का विशेष प्रावधान रखा गया है। इसके तहत अब जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका परिसंपत्तियाँ, आपदा प्रबंधन के अंतर्गत आने वाले कामों को किया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से तालाब, चेकडैम, स्टॉपडैम, सड़क, नाली, स्कूल, अस्पताल, ैभ्ळ शेड, स्किल सेंटर, हाट, रिटेनिंग वॉल, ड्रेनेज, पिचिंग जैसे कार्य होंगे। इससे सबको काम भी मिलेगा और गाँव भी मजबूत होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा वीबी-जी राम जी के तहत महिला सशक्तिकरण पर विशेष फोकस किया गया है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी बहनों के लिए स्किल सेंटर, शेड निर्माण, ग्रामीण हाट आदि बनाए जाएंगे जिससे महिलाओं को गाँव में ही रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीबी-जी राम जी के अंतर्गत प्रशासनिक ढांचे को मजबूती प्रदान की गई है। उन्होंने कहा ग्राम रोजगार सहायक, फील्ड असिस्टेंट, तकनीकी सहायक आदि इस योजना की रीढ़ हैं। इनके प्रशिक्षण, मानदेय और निगरानी के लिए प्रशासनिक खर्च 6% से बढ़ाकर 9% किया गया है। जिसके कारण काम की गुणवत्ता बढ़ेगी, भुगतान समय पर होगा एवं निगरानी मजबूत हो सकेगी।मुख्यमंत्री ने कहा वीबी-जी राम जी के अंतर्गत निष्पक्ष वित्तीय प्रबंधन पर भी ध्यान दिया गया है। इसमें सामान्य राज्यों के लिए 60:40 का अनुपात एवं हिमालयी और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 90:10 का अनुपात किया गया है। इसके तहत अब स्पष्ट वार्षिक बजट का प्रावधान होगा जिसमें पहले अनिश्चितता रहती थी। 'मुख्यमंत्री ने कहा इस अधिनियम के अंतर्गत उत्तराखंड जैसे हिमालयी राज्य को केंद्र सरकार द्वारा 90 प्रतिशत वित्तीय सहयोग मिलेगा, जिससे राज्य पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास और तेजी से होगा।इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, विधायक दलीप रावत मौजूद रहे।

# गड़प्पू के जंगल में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** मंगलवार को कालाढूंगी के बाजपुर मार्ग स्थित गड़प्पु जंगल क्षेत्र में एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। कुछ लोगों द्वारा जंगल में एक व्यक्ति के बेसुध पड़े होने की सूचना मिलने पर कालाढूंगी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया।

पुलिस द्वारा शव को कालाढूंगी अस्पताल लाया गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और आसपास के लोगों ने पुलिस को बताया कि बीती रात जंगल क्षेत्र में हाथी के चिंघाड़ने की आवाजें सुनाई दी थीं। मृतक के शरीर पर कई स्थानों पर गंभीर चोट के निशान भी पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया हाथी के हमले या सड़क दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। स्थानीय लोगों के अनुसार मृत वृद्ध व्यक्ति पिछले कई दिनों से गड़प्पु और कालाढूंगी के आसपास आवारा अवस्था में घूमता हुआ देखा गया था। बताया जा रहा है कि उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी, जिसके चलते वह अक्सर जंगल और सड़क किनारे दिखाई देता था। उसकी पहचान को लेकर क्षेत्रवासियों में भी कोई स्पष्ट जानक. ारी नहीं है।

## आपात सेवाओं में लापरवाही पर सख्ती

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में रेफरल मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आपातकालीन उपचार के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मरीज को रेफर करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाए कि जिस अस्पताल में उसे भेजा जा रहा है, वहां उपचार की समुचित सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने निर्देश दिए कि रेफर किए गए प्रत्येक मरीज की स्थिति पर संबंधित अस्पताल लगातार नजर रखे और उपचार से जुड़ी हर जानकारी अपडेट के रूप में प्राप्त करे। अनावश्यक लंबी दूरी पर रेफरल से बचते हुए निकटवर्ती चिकित्सा संस्थानों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।

यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड देहरादून-248006
दूरभाष : 0135-2763808, फैक्स : 0135-2763508
सी०आई०एन० सं0: U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्र सं0: 11 दिनांक: 06/01/2026

ई-निविदा सूचना

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन), रामगंगा जल विद्युत गृह, कालागढ़ (पौड़ी-गढ़वाल) इच्छुक निविदा दाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-
ई0 नि0सं0-11/अधि0अभि0(उत्पादन)/केएलजी/2025-26
ई0 नि0सं0-12/अधि0अभि0(उत्पादन)/केएलजी/2025-26
कार्य/आपूर्ति का नाम: 1-कंज्यूमेबल्स की आपूर्ति। 2-विभिन्न प्रकार की रिले, गापन यन्त्रों की आपूर्ति एवं सम्बन्धित स्थापना का कार्य।
अनुमानित लागत: 1. रू0 15,17,584.00 (जीएसटी अतिरिक्त) 2. रू0 28,32,520.00 (जीएसटी अतिरिक्त)
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 07.01.2026
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 29.01.2026, 16.00 बजे तक
अन्य जानकारी एवं निविदा प्रपत्र ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल "http://uktenders.gov.in" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
अधिशासी अभियन्ता (उत्पा0)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, मोहनपुर, 56 स्पेशल विंग, प्रेमनगर, देहरादून
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UR2001SGC025867, दूरभाष : 0135-2978072

विद्युत बाधित सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, मोहनपुर, देहरादून के अधीनस्थ विद्युत वितरण उपखण्ड, मोहनपुर के अन्तर्गत सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को अवगत कराना है कि 33/11 के०वी० उपसंस्थान, मोहनपुर के अन्तर्गत 11 के०वी० धौलास फीडर पर अनुरक्षण सम्बन्धी तथा एन०एच० द्वारा आवश्यक कार्य सम्पादित किये जाने के कारण निम्नांकित फीडरों पर विद्युत आपूर्ति निम्नांकित अंकित तिथियों में पूर्ण या आंशिक रूप से बाधित रहेगी:-

| दिनांक | समय | 33/11 के०वी० उपसंस्थान का नाम | 11 के०वी० फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 07.01.2026 एवं 09.01.2026 | प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, मोहनपुर | 11 के०वी० धौलास फीडर | सम्बन्धित फीडर से पोषित समस्त क्षेत्र। |

अत: समस्त उपभोक्ताओं से निवेदन है कि इस कार्य हेतु अपनी वैकल्पिक व्यवस्था बनाये रखें एवं विद्युत विभाग को सहयोग करने की कृपा करें।
No.: 16/EE(CM)/UPCL/A-2 Date : 06.01.2026 अधिशासी अभियन्ता
राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912)
विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185 / फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें।)

# शिविर में ग्रामीणों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

■ विधायक प्रेमचंद अग्रवाल और राज्य मंत्रियों ने स्टालों का निरीक्षण कर बांटी महालक्ष्मी किट

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।**जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" संकल्प को धरातल पर उतारते हुए मंगलवार को श्यामपुर के खदरीखड़कमाफ में बहुउद्देशीय शिविर का भव्य आयोजन किया गया। उप जिलाधिकारी (एसडीएम) योगेश मेहरा की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में ऋषिकेश विधायक प्रेमचंद अग्रवाल और दर्जाधारी मंत्रियों ने शिरकत की। शिविर में



कुल 1292 ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिला।शिविर में भूमि, सड़क, बिजली और पानी से संबंधित कुल 60 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 17 का निस्तारण एसडीएम ने मौके पर ही कर दिया। शेष शिकायतों के लिए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एसडीएम मेहरा ने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## स्वास्थ्य जांच और किट वितरण

शिविर में स्वास्थ्य विभाग ने 170, होम्योपैथिक ने 82 और आयुर्वेद विभाग ने 26 लोगों की जांच कर निशुल्क दवाएं बांटीं। महिला सशक्तिकरण विभाग की ओर से 3 महिलाओं को श्मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किटश और 10 को श्बेबी किटश प्रदान की गई। वहीं, पशुपालन विभाग ने 259 पशुपालकों को दवाइयां वितरित कीं।राजस्व विभाग ने मौके पर ही आय, चरित्र और हैसियत जैसे 36 प्रमाण पत्र जारी किए। समाज कल्याण विभाग ने 60 पात्र लाभार्थियों की वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन स्वीकृत की। इसके अलावा कृषि, उद्यान और डेयरी विभाग ने भी किसानों को उपकरण और योजनाओं से लाभान्वित किया।इस अवसर पर राज्यमंत्री मधु भट्ट, सुरेंद्र मोगा, ब्लॉक प्रमुख बीनान, ग्राम प्रधान आशीष रांगड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) कोरपोरेट आईडी नं. U40109UP2001SGC025067/2350
विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कावली रोड, देहरादून-248001
दूरभाष संख्या: 0135-2763872-78, फैक्स: 0135-2760289 वेबसाईट: www.uktenders.gov.in

ई-निविदा सूचना

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, देहरादून निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित करता है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | निविदा विशिष्टीकरण संख्या | मात्रा | अनुमानित लागत (₹) | विगत तीन वित्तीय वर्षो का औसत टर्न ओवर (i.e. 2022-2023 2023-2024 & 2024-2025 (₹ में) | धरोहर राशि (₹ में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (₹ में) | आनलाईन माध्यम से निविदा पूर्व आयोजित सभा की तिथि एवं समय | निविदा हेतु आनलाईन आवेदन करने एवं आनलाईन एवं ऑफलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | आनलाईन एवं आफ लाईन निविदा भाग-एक खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 मीटर लम्बे स्टील टयूबलर पोल एस पी - 10 (Bottom portion hot dip galvanized) | सी.सी.पी.-I /20/2025-26 | 8000 नग | 4,67,56,000.00 | 6,93,84,000.00 | 9,26,000.00 | 17,700.00 | 16.1.2026 को 12.00 बजे | 27.1.2026 को 17:00 बजे तक | 28.1.2026 के 15:30 बजे |
| 2 | 8.5 मीटर लम्बे स्टील टयूबलर पोल एस पी -21 (Bottom portion hot dip galvanized) | सी.सी.पी.-I /21/2025-26 | 15000 नग | 16,24,50,000.00 | 24,36,75,000.00 | 32,49,000.00 | 29,500.00 | | 27.1.2026 को 17:00 बजे तक | 28.1.2026 के 15:45 बजे |
| 3 | 11 मीटर लम्बे स्टील टयूबलर पोल एस पी -55 (Bottom portion hot dip galvanized) | सी.सी.पी.-I /22/2025-26 | 6000 नग | 11,22,10,620.00 | 16,83,16,000.00 | 22,45,000.00 | 29,500.00 | | 27.1.2026 को 17:00 बजे तक | 28.1.2026 के 16:00 बजे |

अन्य विवरण के लिए कृपया वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।
No.: 19/1/EE(CM)UPCL/A-2 Dt.: 06/01/2026
अधीक्षण अभियन्ता, कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-प्रथम)
'राष्ट्र हित में बिजली बचायें' बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1800 419 0405 अथवा 1912)
'विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाऐं'
(विद्युत चोरी सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें)

# तीर्थयात्रियों की सेवा में ऑटो रिक्शा चालकों की महत्वपूर्ण भूमिका : मदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** तीर्थयात्रियों की सेवा में ऑटो रिक्शा चालकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। विशेषकर ट्रेन व बसों से हरिद्वार पधारने वाले यात्रियों की सबसे पहले मुलाकात ऑटो चालकों से ही होती है। उनका व्यवहार व कार्यशैली समूचे देश में तीर्थनगरी की पहचान बनती है। यह विचार नगर विधायक मदन कौशिक ने पंचपुरी ऑटो रिक्शा विक्रम एसो. ललतारा पुल की नवगठित कार्यकारिणी को प्रमाण पत्र सौंपकर शपथ दिलाते हुए व्यक्त किये। मदन कौशिक ने कहा कि ऑटो चालकों को तीर्थनगरी की मर्यादा व अक्षुण्णता को बढ़ाने में अपने आचरण व व्यवहार से अपना सहयोग देना चाहिए। तीर्थयात्रियों व स्थानीय निवासियों को सुगम सेवा व मृदु व्यवहार देकर ऑटो चालक अपना व्यापार भी बढ़ा सकते हैं। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि नवनिर्वाचित पदाधिकारी सबका सहयोग लेकर संस्था को मजबूत करते हुए ऑटो चालकों के हितों की रक्षा हेतु कार्य करेंगे। संस्था के संरक्षक भाजपा नेता अनिरूद्ध भाटी ने कहा कि पंचपुरी ऑटो रिक्शा विक्रम एसो. ललतारा पुल हरिद्वार की सबसे प्राचीन व सदस्य संख्या वाली यूनियन हैं। संस्था के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वह ऑटो चालकों को नियमों का पालन कराते हुए तीर्थयात्रियों व स्थानीय निवासियों को बेहतर व सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराये। उन्होंने कहा कि ऑटो चालक तीर्थयात्रियों से विनम्र व्यवहार करें व अपने वाहन के समस्त कागजात को दुरूस्त रखते हुए गंगा मैया की जय के अभिवादन से तीर्थनगरी में पधारने वाले यात्रियों का स्वागत करें।



एसो. के संरक्षक व्यापारी नेता विजय शर्मा व डा.राजेन्द्र पाराश र ने संयुक्त रूप से कहा कि जीवानन्द भट्ट के नेतृत्व में नवगठित कार्यकारिणी निश्चित रूप से शासन-प्रशासन का सहयोग करते हुए तीर्थयात्रियों व हरिद्वारवासियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करायेगी।

संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जीवानन्द भट्ट व कोषाध्यक्ष प्रमोद उपाध्याय ने कहा कि जिस आशा व विश्वास से सभी सदस्यों ने उन्हें चुना है। उस पर खरा उतरते हुए वह पूर्ण निष्ठा व लगन से ऑटो चालकों की समस्याओं का समाधान कराने हेतु प्रयासरत रहेंगे।

इस अवसर पर विधायक मदन कौशिक ने जीवानन्द भट्ट को अध्यक्ष, मंगल शर्मा को उपाध्यक्ष, देवेन्द्र सौदाई को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कुलदीप पाल को महामंत्री, प्रमोद उपाध्याय को कोषाध्यक्ष, विनोद डाबरा को सचिव, संजय भारद्वाज को सह सचिव, शंकर शर्मा को कार्यवाहक अध्यक्ष, संजय कुमार को प्रवक्ता, अमित कुमार को संगठन मंत्री, मंगल सौदाई को व्यवस्थापक के रूप में शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण समारोह को महंत शुभम गिरि, आदेश पंडित, राजेश भट्ट, सुरेश राणा, विजय अग्रवाल आदि ने सम्बोधित किया। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन लव दत्ता ने किया।

इस अवसर पर पार्षद दीपक शर्मा, भोला शर्मा, दिनेश पाण्डेय, कुलदीप सैनी, राघव ठाकुर, जयकेश गिरि, सुरेश राणा, मोनू कुमार, हरीश अरोड़ा, आदित्य यादव, दिव्यम यादव, संजय, वसीम, बबलू, पिंटू गुप्ता, कुलदीप, हरि सिंह, मंगल शर्मा, शंकर शर्मा, रंजीत गुप्ता, देवेन्द्र, दिनेश चौधरी, नाथीराम, अरविन्द राणा, कंवलजीत समेत अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक की मांग : व्यापारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** महानगर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुनील सेठी के नेतृत्व में व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने एसपी सिटी से मुलाकात कर चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक की मांग को लेकर पत्र सौंपा। महानगर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुनील सेठी ने कहा कि हर वर्ष दुर्घटनाओं और कई लोगों की मृत्यु तक का कारण बनने वाला चाईनीज मांझा चोरी छिपे बार्डर से आ रहा है और जगह-जगह चोरी से बिक रहा है। जिसे अब ऑनललाइन भी बेचा जा रहा है। सैकड़ों बच्चों के पास यह जानलेवा मांझा उपलब्ध हो रहा है। कुछ लोग निजी स्वार्थ और लालच के चलते निर्दोष राहगीरों और पशु पक्षियों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। सेठी ने कहा कि जानलेवा चाईनीज मांझा सप्लाई करने वाले सप्लायर, भंडारण करने वाले, बेचने वाले, खरीदने वाले और इस मांझे से पतंग उड़ाने वाले सभी पर कठोरतम कार्यवाही सहित भारी जुर्माना तय होना चाहिए। ड्रोन से संघन चेकिंग अभियान चलना चाहिए और पुलिस की चेतावनी के बाद भी इसका भंडारण करने वालो पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। महानगर उपाध्यक्ष सुनील मनोचा, कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल एवं सचिव युवराज बिष्ट ने कहा कि सभी को पता है कि चाईनीज मांझा जानलेवा है। इसके बावजूद कुछ लालची लोग आम इंसान की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। इसलिए पुलिस को सख्त से सख्त कार्रवाई कर चाईनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगानी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में सोनू चौधरी, लालजी यादव, प्रीत कमल, मनोज कुमार, सुनील मनोचा, एसके सैनी शामिल रहे।



# हरिद्वार अमृत क्षेत्र घोषित हो : साध्वी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हिंदूवादी नेत्री साध्वी प्राची ने धर्मनगरी हरिद्वार को अमृत क्षेत्र घोषित करने और गैर हिंदुओं का प्रवेश प्रतिबंधित किए जाने की मांग की है। प्रैस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए साध्वी प्राची ने कहा कि हरकी पैड़ी हिंदुओं का पवित्र क्षेत्र है। हरकी पैड़ी की मान मर्यादाओं एवं पवित्रता को बरकरार रखने के लिए हिंदुओं के पवित्र क्षेत्र में गैर धर्मावलंबियों के प्रवेश को प्रतिबंध किया जाना चाहिए। गैर हिंदुओं के संपत्ति खरीदने पर भी रोक लगायी जाए। साध्वी प्राची ने कहा कि ईसाइयों के वेटिकन सिटी एवं मुस्लिम समाज के मक्का मदीना में भी अन्य धर्म के लोगों के प्रवेश पर रोक है। शासन प्रशासन को नगर निगम द्वारा बनाए गए बायोलॉज का पालन करना चाहिए। हरिद्वार और हरकी पैड़ी को अमृत क्षेत्र घोषित करने के साथ 200 से 300 मीटर क्षेत्र में पवित्रता का विशेष ध्यान रखते हुए गैर धर्मावलंबियों पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि धर्मरक्षक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह हिंदू संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। साध्वी प्राची ने यह भी कहा कि बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या की भी जांच कर धर्मनगरी से बाहर किया जाए। नियम कानूनों का पालन करते हुए धर्मनगरी की पवित्रता को बनाए रखने के लिए सभी को प्रयास करने होंगे।



# पुलिस के निरंतर प्रयास से लूट के आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** थाना बहादराबाद पुलिस ने लूट के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी ने आरोपियों पर पाँच हजार रूपए का ईनाम घोषित किया था। दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि वांछित वासूरज उर्फ बिल्ला पुत्र पन्नेलाल, निवासी माच्छारेड़ी थाना पिरान कलियर व निर्देश उर्फ नवाब उर्फ गबरू पुत्र नरेश निवासी कनखल की गिरफ्तारी के लिए बहादराबाद पुलिस जुटी हुई थी। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने सोमवार को दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई पंद्रह हजार रूपए की रकम बरामद की गई है। पुलिस टीम में बहादराबाद थानाध्यक्ष अंकुर शर्मा, एसएसआई नितिन बिष्ट, हेड कांस्टेबल रामवीर, सीआईयू कांस्टेबल वसीम व बलवंत सिंह शामिल रहे।

# अंकिता को न्याय दिलाने की मांग

## सीएम धामी का पुतला दहन : कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पथरी क्षेत्र के गांव कटारपुर चौराहे पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालेश्वर के नेतृत्व में अंकिता भंडारी को न्याय दो के तहत भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अंकिता भंडारी के हत्यारे चाहे जो भी वीआईपी या मंत्री हों, धामी सरकार उन्हें जनता के सामने लाए और अंकिता को न्याय दिलाने का काम करे। मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालेश्वर, विधानसभा अध्यक्ष गुलशन अंसारी एवं विधायक प्रतिनिधि मुसर्रफ अंसारी के नेतृत्व में कटारपुर चौराहे पर अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सरकार एवं मुख्यमंत्री धामी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान "वीआईपी चेहरा सामने लाओ" के नारे लगाए गए। जिलाध्यक्ष बालेश्वर ने भाजपा सरकार पर अपने मंत्रियों को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा लेकर सत्ता में आई थी, लेकिन आज उसी सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। विधायक प्रतिनिधि मुसर्रफ अंसारी ने कहा कि यदि धामी सरकार सही है तो अंकिता भंडारी प्रकरण में सीबीआई जांच क्यों नहीं कराई जा रही है। सरकार वीआईपी चेहरों को बचाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तब तक चुप नहीं बैठेगी जब तक सीबीआई जांच नहीं होती और वीआईपी चेहरे जनता के सामने बेनकाब नहीं हो जाते। इस मौके पर नाथीराम चौहान, धर्मेंद्र चौहान, हारून प्रधान, ताहिर प्रधान, शकील प्रधान, गुलशन अंसारी, सलीम अहमद, मुस्तफा अंसारी, डॉ. नूर अली, अजमल नवाज ऐथल, सुशील चौहान, विनोद कुमार, राजकुमार सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन करेगा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में हरिद्वार डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में भेल सेक्टर 1 में रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार 7 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए हरिद्वार डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र भटेजा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारी परिवारो के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। एक साथ एक स्थान पर मिलने पर संवाद कायम होता है। लोगों को एक दूसरे को जानने समझने का अवसर भी मिलता है। भटेजा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बंटी डांस ग्रुप द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। महिलाओं एवं बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। गाजियाबाद से पहुंच रहे राजू जादूगर सभी को जादू की कला दिखाएंगे। कार्यक्रम के दौरान मेधावी बच्चों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। डिस्ट्रीब्यूटर्स परिवार के लोग दो राउंड तंबोला में भी भाग लेंगे। सुनील अरोड़ा व संदीप वैष्णव ने कहा कि परिवार ही समाज की कड़ी है। नव वर्ष का यह कार्यक्रम सभी को मनोरंजित करेगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बेस्ट कपल अवार्ड होगा।

# खाद्य विभाग द्वारा परीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखंड के निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 6 जनवरी 2026 को जुर्स कंट्री टाउनशिप ज्वालापुर हरिद्वार में खाद्य सचल खाद्य विश्लेषणशाला द्वारा परीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 51 विभिन्न खाद्य पदार्थ उपभोक्ताओं द्वारा जांच हेतु लाए गये। लगभग 100 उपभोक्ताओं को खाद्य पदार्थों के परीक्षण के विषय में अवगत कराया गया, टीम में वीरेंद्र सिंह बिष्ट उपायुक्त लैब, महिमानंद जोशी सहायक आयुक्त हरिद्वार, योगेंद्र पांडेय वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी रुड़की, दिलीप जैन वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी तहसील हरिद्वार, कैलाश चंद्र टम्टा खाद्य सुरक्षा अधिकारी नगर निगम हरिद्वार एवं रमेश जोशी कनिष्क विश्लेषक खाद्य उपस्थित रहे।



# उच्च न्यायालय से सुरेश राठौर को राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश राठौर के विरुद्ध हरिद्वार और देहरादून जिले में दर्ज चार मुकदमों में से दो पर सुनवाई हुई। मुकदमे की सुनवाई के पश्चात न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ ने दर्ज चार मुकदमों में से उन्हें दो मुकदमों पर राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। साथ में एकल पीठ ने राज्य सरकार समेत मुकदमा दर्ज करने वालों को नोटिस जारी करते हुए चार हफ्ते के अंदर अपना पक्ष रखने को कहा है। मामले के अनुसार सुरेश राठौर और उनकी कथित पत्नी उर्मिला सनावर पर हरिद्वार के झबरेड़ा, बहादराबाद, नेहरू कॉलोनी देहरादून और डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमे में कहा गया है कि उनके द्वारा भाजपा नेता दुष्यंत गौतम की छवि खराब करने के लिए फेसबुक समेत सोशल मीडिया में वीडिओ और ऑडिओ वायरल किए जा रहे हैं जिसकी वजह से उनकी छवि धूमिल हो रही है। दर्ज मुकदमे में कहा गया है कि सुरेश राठौर और उर्मिला सनावर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। जबकि याचिकाकर्ता सुरेश राठौर की तरफ से दर्ज दो मुकदमों को मंगलवार को हाईकोर्ट ने चुनौती दी गई। दायर याचिका में कहा गया कि उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाए और दर्ज मुकदमों को निरस्त किया जाए। उनके द्वारा सोशल मीडिया पर कोई दुष्प्रचार दुष्यंत कुमार गौतम खिलाफ नहीं किया जा रहा है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दो मुकदमों पर उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। साथ ही राज्य सरकार और मुकदमा दर्ज कराने वाले दुष्यंत गौतम, धर्मेंद्र कुमार, संचित कुमार और आरती गौड़ को नोटिस जारी कर कोर्ट में अपना पक्ष रखने के लिए कहा है। मामला अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़ा है जिसमें अभिनेत्री उर्मिला सनावर द्वारा कुछ ऑडियो और वीडियो जारी किए गए थे। इन ऑडियो में भाजपा के उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम समेत कई अन्य लोगों के नाम सामने आए थे। ऑडियो-वीडियो सामने आने के बाद दुष्यंत गौतम, आरती गौड़, संचित कुमार और धर्मेंद्र कुमार समेत अन्य लोगों ने अलग-अलग कोतवाली में सुरेश राठौर के खिलाफ छवि धूमिल करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी।

# नशे में युवक चढ़ा मोबाइल टॉवर पर

**घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस ने उतारा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पथरी क्षेत्र के गांव धनपुरा में एक नशेड़ी ने मोबाइल टॉवर पर चढ़कर हंगामा मचा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घंटों में युवक को टॉवर से उतारकर चौकी ले गई।

मंगलवार को गांव धनपुरा निवासी एक युवक नशे की हालत में मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया और घंटों तक उत्पात मचाता रहा। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही फेरूपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, जहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने टॉवर पर चढ़े युवक को सकुशल नीचे उतारा और चौकी ले गई।

पूछताछ में युवक ने अपना नाम ललित कुमार पुत्र कंवरपाल, निवासी धनपुरा बताया। पुलिस युवक से अन्य जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

वहीं ग्रामीणों का कहना है कि गांव में नशे का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। जगह-जगह शराब, स्मैक आदि बेची जा रही है, जिसके कारण नवयुवक नशे की लत में पड़कर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** थाना सिडकुल पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गैंग लीडर को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आरोपी गिरोह बनाकर स्मैक की तस्करी करते थे।

सिडकुल पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत गिरोह बनाकर नशे की तस्करी करने वालों पर कार्यवाही करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे अंशुल पुत्र जसवीर निवासी बझेडी सरकारी स्कूल के पास थाना ऊन जिला शामली उत्तर प्रदेश, आदित्य पुत्र श्रवण निवासी देवनगर रावली महदूद थाना सिडकुल हरिद्वार व राहुल पुत्र कैलाश निवासी शंकर मार्केट लोहे की टंकी के पास कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल हाल निवासी टीन मार्केट रावली महदूद को एचएमटी होटल जाने वाले रास्ते पर डेंसो चौक से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सिडकुल नितेश शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक देवेंद्र तोमर, कांस्टेबल सुनील तोमर, कांस्टेबल रोहित बड़ोदिया, कांस्टेबल जितेंद्र तोमर शामिल रहे।



# निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं समय पर पूर्ण करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** 2027 में आयोजित होने वाले कुंभ मेले को दिव्य,भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किए जाने के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से किए जा रहे निर्माण कार्यों एवं की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में उपाध्यक्ष आपदा प्रबंधन राज्य मंत्री विनय रोहिला ने सीसीआर सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की समीक्षा करते हुए उपाध्यक्ष आपदा प्रबंधन राज्य मंत्री विनय रोहिला ने कहा की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विजन है कि आगामी 2027 में आयोजित होने वाले कुम्भ मेले को दिव्य,भव्य एवं स्मार्ट डिजिटल तकनीक के माध्यम से कुंभ मेले को सुव्यस्थित ढंग से आयोजित किया जाए तथा संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए सभी अधिकारी इसमें व्यक्तिगत रूप से संचालित निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग स्वयं करे जिससे कि कार्य समय से पूर्ण कराए जा सके। उन्होंने कहा कि कुम्भ मेला 2027 केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि यह राज्य की प्रशासनिक क्षमता तकनीकी दक्षता एवं आपदा प्रबन्धन प्रणाली की एक ऐतिहासिक परीक्षा है। जिसमें करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं विश्वास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कुंभ जैसे विशाल आयोजन में बाढ़, अग्निकांड, भगदड़, स्वास्थ्य आपात स्थितिया, मौसम जनित आपदाएं, संचार व्यवधान तथा अफवाह जैसे चुनौतियां स्वाभाविक है इसलिए हमें किसी घटना के घटित होने के बाद प्रतिक्रिया देने के बजाय पूर्व तैयारी आधारित, जोखिम केंद्रित तकनीक संचालित आपदा प्रबंधन मॉडल अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि भीड़ प्रबंधन कुंभ का सबसे संवेदनशील पहलू है, श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या के अनुरूप सेक्टरवार योजना, आवागमन, वैकल्पिक निकासी मार्ग तथा होल्डिंग एरिया विकसित किए जाए। उन्होंने कहा कि यातायात एवं परिवहन प्रबंधन के अंतर्गत रेलवे, रोडवेज एवं निजी वाहनों के लिए पृथक योजना हो तथा बाढ़ एवं जल प्रबंधन की दृष्टि से गंगा एवं घाट क्षेत्रों में जलस्तर की निरंतर निगरानी,मौसम विभाग से रियल टाइम समन्वय,चेतावनी प्रणाली तथा सुरक्षित स्थलों की पहचान, घाटों पर रेस्क्यू बोट, गोताखोर एवं लाइफ जैकेट की पर्याप्त व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि अग्नि सुरक्षा के क्षेत्र में टेंट सिटी, अखाड़ों, विद्युत व्यवस्था एवं सामुदायिक रसोई क्षेत्रों में फायर सेफ्टी ऑडिट अनिवार्य रूप से कराया जाए साथ ही स्वास्थ्य एवं आपात चिकित्सा सेवाएं कुंभ की रीढ़ हैं। फील्ड हॉस्पिटल, मोबाइल मेडिकल यूनिट, मेडिकल पोस्ट एवं एंबुलेंस नेटवर्क पूरी तरह कार्यशील रहे। उन्होंने संबंधित विभागों के निर्देश दिए है कि की जिस जिस स्तर से जो भी तैयारियां एवं व्यवस्था की जानी है उसके लिए बेहतर ढंग से कार्ययोजना तैयार करते हुए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाए जिसके की कुंभ मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर नगर निगम ,लो.नि.वि, राष्ट्रीय राजमार्ग, स्वास्थ्य विभाग, एनएचएआई, सिंचाई विभाग, पुलिस विभाग, जल संस्थान, जल निगम, विद्युत विभाग, खाद्य विभाग, जिला पूर्ति विभाग, परिवहन विभाग, एचआरडीए आदि विभागों द्वारा कुंभ मेले के लिए की जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में अपने अपने विभागों से संबंधित कार्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती ने पीपीटी के माध्यम से कुंभ मेले में होने वाले कार्यों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# गंगा सभा द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से आज हरिद्वार में गंगा सभा द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का विषय नहीं, बल्कि यह जीवन की सुरक्षा से जुड़ा सामाजिक दायित्व है। शपथ के माध्यम से आमजन को यह संकल्प दिलाया गया कि वे यातायात नियमों का पालन करेंगे, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन नहीं चलाएंगे, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करेंगे, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करेंगे, तेज गति एवं लापरवाही से वाहन नहीं चलाएंगे तथा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की हर संभव सहायता करेंगे। साथ ही, अपने परिवार, समाज एवं संपर्क में आने वाले लोगों को भी सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवहार के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में गंगा सभा के स्वागत मंत्री डॉ. सिद्धार्थ चक्रपाणि, सचिव शैलेश गौतम, सचिव उज्ज्वल पंडित, तथा तीर्थ पुरोहितगण हिमांशु वशिष्ठ, राजकुमार झा, अमित झा एवं वंश वशिष्ठ विशेष रूप से उपस्थित रहे। परिवहन विभाग की ओर से सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी निखिल शर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन) नेहा झा एवं परिवहन कर अधिकारी वरुणा सैनी ने सहभागिता करते हुए सड़क सुरक्षा माह के महत्व पर प्रकाश डाला तथा नागरिकों से यातायात नियमों के पालन में सक्रिय सहयोग की अपील की।

# एनडीआरएफ द्वारा फर्स्ट रिस्पॉन्डर प्रशिक्षण

## आपदा एवं सड़क दुर्घटना की स्थिति में मानक प्रोटोकॉल का डेमो प्रस्तुत किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सहायक संभागीय अधिकारी नेहा झा ने अवगत कराया कि परिवहन विभाग हरिद्वार द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा आपात परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पतंजलि यूनिवर्सिटी औरंगाबाद के तत्वावधान में एनसीसी एवं एनडीआरएफ के संयुक्त सहयोग से सड़क सुरक्षा कार्यक्रम एवं फर्स्ट रिस्पॉन्डर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, दुर्घटना के तुरंत बाद अपनाए जाने वाले सुरक्षित व्यवहार, गोल्डन आवर की महत्ता, घायलों को सुरक्षित निकालने, प्राथमिक उपचार, सीपीआर, रक्तस्राव रोकने, स्ट्रेचर आदि का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। एनडीआरएफ के प्रशिक्षकों द्वारा आपदा एवं सड़क दुर्घटना की स्थिति में प्रथम प्रतिक्रिया के मानक प्रोटोकॉल का डेमो भी प्रस्तुत किया गया। एनसीसी कैडेट्स एवं विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सड़क सुरक्षा के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षित प्रथम रिस्पॉन्डर बनने से दुर्घटनाओं में मृत्यु एवं गंभीर चोटों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों से यातायात नियमों के पालन, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग एवं नशे में वाहन न चलाने की शपथ दिलाई गई। यह आयोजन सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्धहोगा तथा युवाओं को जिम्मेदार नागरिक एवं प्रशिक्षित प्रथम सहायक के रूप में तैयार करने में सहायक बनेगा।

# शिविर में 32816 नागरिकों ने प्रतिभाग किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 17 दिसंबर से वर्तमान तक कुल पच्चीस शिविर आयोजित किए गए हैं जिसमें 14864 क्षेत्रवासियों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनों से लाभान्वित किया गया तथा 7940 लोगों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए जन जन की सरकार जन जन के द्वार बहुउद्देशीय शिविरों में 32816 क्षेत्रवासियों ने प्रतिभाग किया है और विभिन्न विभागों से संबंधित 1316 शिकायतें दर्ज की गई ही जिसमें से मौके पर 683 शिकायतों का निस्तारण किया गया है शेष शिकायतें सम्बन्धित विभागों को प्रेषित की गई।

## सार्वजनिक सूचना

मेरे मूल पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम गलती से नूतेश कुमार दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पिता का सही नाम विजयपाल सिंह है। भविष्य में सभी प्रयोजनों के लिए उनका सही नाम विजयपाल सिंह है।

श्रीमती विपिन रानी, पत्नी नूतेश कुमार सेंगर, निवासी मकान संख्या 87, गली संख्या 4, खन्ना नगर, तहसील एवं जिला हरिद्वार।

आधार संख्या : 4131 4744 8285

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :

**शाह टाइम्स हरिद्वार**
**डी. एस. वर्मा प्रभारी**
**हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# योजनाओं को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जाए: गणेश जोशी

## पेयजल, जल संस्थान, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, एमडीडीए के प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**मसूरी।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को मसूरी नगर पालिका सभागार में पेयजल निगम, जल संस्थान, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, वन विभाग, एमडीडीए एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के साथ मसूरी में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की।



बैठक के दौरान मंत्री जोशी ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने जल निगम एवं जल संस्थान के अधिकारियों को 15 दिन के भीतर मसूरी की पेयजल समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, साथ ही आपसी समन्वय से कार्य करने पर विशेष जोर दिया।

जल निगम एवं जल संस्थान के अधिकारियों ने मंत्री को अवगत कराया कि बिलाड़ू, धोबी घाट एवं कंपनी गार्डन की तीनों एसटीपी लाइनें लगभग पूर्ण हो चुकी हैं, जिन्हें फरवरी माह में प्रारंभ कर दिया जाएगा। वहीं कैमलबैक एसटीपी प्लांट को जुलाई माह तक पूरा कर लिया जाएगा। मंत्री गणेश जोशी ने विद्युत विभाग को पुराने बिजली के खंभों को बदलने एवं अंडरग्राउंड केबलिंग का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग को खराब सड़कों की मरम्मत तत्काल कराने को कहा। कैबिनेट मंत्री ने देहरादून-मसूरी मार्ग पर वेली ब्रिज के पास प्रस्तावित नए पुल के निर्माण की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कागजी कार्रवाई पूरी कर निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने भद्रराज मंदिर, बुरांसखंडा, सुवाखोली में चल रहे विकास कार्यों एवं किमाड़ी मोटर मार्ग की प्रगति की भी जानकारी ली।

वन विभाग के अधिकारियों को लो.पिंग कार्यों एवं जॉर्ज एवरेस्ट क्षेत्र में वन्यजीवों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए गए। मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी के माल रोड एवं लंढौर बाजार के सौंदर्यीकरण को लेकर एमडीडीए को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मसूरी में देश-विदेश से लाखों की संख्या में पर्यटक आते हैं, ऐसे में सभी विकास कार्यों को समय पर पूरा करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की असु.विधा न हो। बैठक में जनप्रति.निधियों एवं बुद्धिजीवियों के सुझाव भी लिए गए। बैठक में नगर पालि.का अध्यक्ष मीरा सकलानी, मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश रावत, एसडीएम मसूरी राहुल आनंद, डीएफओ मसूरी रेंज अमित कंवर सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 26 से 28 फरवरी तक बिलखेत में होगा नयार घाटी साहसिक महोत्सव 2026

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**सतपुली।** मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत की अध्यक्षता में विकास भवन में नयार वैली एडवेंचर फेस्टिवल-2026 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में साहसिक गतिविधियों से संबंधित पंजीकरण प्रक्रिया एवं व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रतिभागियों के ठहरने, परिवहन व्यवस्था, उद्घाटन समारोह, पुरस्कार वितरण सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिक.ारियों को समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 26 से 28 फरवरी तक बिलखेत में तीन दिवसीय नयार वैली एडवेंचर फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के दौरान पैराग्लाइडिंग, क्याकिंग, माउंटेन बाइकिंग, साइक्लिंग एवं एंग्लिंग जैसी साहसिक गति.विधियां आयोजित की जाएंगी। यह आयोजन जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग एवं मत्स्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। महोत्सव के अंतर्गत लैंसडाउन, बिलखेत एवं खिर्सू क्षेत्रों में माउंटेन बाइकिंग, ढ़ाढूखाल से बिलखेत तक पैराग्लाइडिंग तथा नयार नदी में क्याकिंग एवं एंग्लिंग प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। साथ ही बिलखेत में स्थानीय लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, जिला पर्यटन विकास अधिकारी खुशाल सिंह नेगी, मत्स्य निरीक्षक एकता देवपा, जर्नी क्राफ्ट से मयंक, अजय कंडारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# त्यूनी को आधुनिक लाइब्रेरी की सौगात



## डीएम ने त्यूनी में सार्वजनिक पुस्तकालय मरम्मत एवं फर्नीचर व्यवस्था को 12.20 लाख किए स्वीकृत, 7.20 लाख की प्रथम किस्त जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के शिक्षा-प्रेरित विज़न एवं जिलाधिकारी सविन बंसल के सशक्त नेतृत्व में जनपद देहरादून के दूरस्थ एवं सीमांत क्षेत्र त्यूनी में शिक्षा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और ठोस उपलब्धि दर्ज की गई है। सार्वजनिक पुस्तकालय (लाइब्रेरी) की मरम्मत एवं फर्नीचर व्यवस्था हेतु 12 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिसमें से प्रथम किस्त के रूप में 60 प्रतिशत धनराशि 7.20 लाख की धनराशि जारी कर दी गई है। जिलाधिकारी के त्यूनी भ्रमण कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं एवं संकल्प जनजातीय उत्थान फाउंडेशन समिति द्वारा जिलाधिकारी से पुस्तकालय बनाने का अनुरोध किया गया था, जिस पर जिला.धिकारी ने अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड देहरादून के माध्यम से त्यूनी में सार्वजनिक पुस्तकालय की मरम्मत एवं फर्नीचर व्यवस्था हेतु 12.20 लाख का प्राक्कलन के अनुसार धनराशि स्वीकृत करते हुए प्रथम किस्त जारी कर दी है। जिला प्रशासन के सत्त प्रयासों से जनपद देहरादून के दूरस्थ क्षेत्र त्यूनी में शिक्षा अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड देहरादून द्वारा 3 दिसम्बर 2025 के माध्यम से त्यूनी में सार्वजनिक पुस्तकालय की मरम्मत एवं फर्नीचर व्यवस्था हेतु 12.20 लाख का प्राक्कलन तैयार कर मुख्य शिक्षा अधिकारी, मयूर विहार, देहरादून को प्रस्तुत किया गया था। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों के क्रम में उक्त प्रस्ताव को जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास की शासी परिषद की आहूत बैठक में सम्मिलित किया गया, जहां शासी परिषद के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा 12 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया गया। जिला.धिकारी ने कहा कि समस्त जनपद सहित दूरस्थ एवं सीमांत क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुविधाओं का विस्तार जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# विधायक ने शिविर का जायजा लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** विधानसभा सहसपुर के अंतर्गत झाझरा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेशभर में संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित बहुद्देशीय शिविर में विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने



सहभागिता करते हुए शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस बहुद्देशीय शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने मौके पर ही आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया। बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने शिविर का लाभ उठाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सेवाएं प्राप्त कीं। विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री की जनहितैषी सोच का सशक्त उदाहरण है, जिसके माध्यम से सरकार स्वयं जनता के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में संवेदनशीलता और तत्परता बनाए रखें, ताकि आमजन को वास्तविक लाभ मिल सके।

## रुद्रनाथ महोत्सव और शीतकालीन उत्सव का आगाज आज

**रुद्रप्रयाग।** नगर मुख्यालय के गुलाबराय मैदान में आज से रुद्रनाथ महोत्सव और शीतकालीन उत्सव का रंगारंग आगाज होगा। यह मेला 7 से 13 जनवरी तक चलेगा। शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत ने कार्यक्रमों की रूपरेखा जारी की। पहले दिन भव्य झांकी कार्यक्रम के साथ मेला शुरू होगा, जिसमें विद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों, आर्मी और पूर्व सैनिक संगठनों की टीम लोक संस्कृति को प्रदर्शित करेंगी। महोत्सव के उद्घाटन पर संस्कृत महाविद्यालय और राजकीय बालिका विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्वस्तिवाचन और स्वागतगान प्रस्तुत किया जाएगा। दिन में सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं और पुरस्कार वितरण होंगे, जबकि सायंकाल जागर सम्राट पद्मश्री प्रीतम भरतवाण की गीत संध्या आकर्षण का केंद्र रहेगी। मेले में 8 जनवरी को क्विज प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, 9 जनवरी को ओपन मैराथन दौड़ और महिलाओं की रस्साकशी प्रतियोगिता, 10 जनवरी को महिला मंगल दलों के सांस्कृतिक नृत्य, 11 जनवरी को कीर्तन मंडली प्रतियोगिता और 12 जनवरी को बॉलीवुड नाइट आयोजित होगी। मेला समिति ने सभी नगरवासियों से कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

# एथलेटिक्स: न्याय पंचायत बेगी के विद्यालय का दबदबा

## खिलाड़ियों ने 12 स्वर्ण, 5 रजत व 4 कांस्य पदक अपने नाम किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विधानसभा स्तरीय खेलकूद एथलेटिक्स प्रतियोगिता में न्याय पंचायत बेगी के राजकीय इंटर कालेज कांडोईभरम के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने कुल 12 स्वर्ण, 5 रजत और 4 कांस्य पदक जीतकर अपना दबदबा कायम रखा। इस विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता में चकराता व कालसी विकासखंडों की कुल 16 न्याय पंचायतों के विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कड़े मुकाबलों के बीच राजकीय इंटर कालेज कांडोईभरम के बालक-बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का शानदार परिचय दिया।



प्रतियोगिता में तनु ने 1500 व 3000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनीता ने लंबी कूद व 60 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। दिव्यांश ने ऊंची कूद में प्रथम तथा 600 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल किया। यादेश ने लंबी कूद में प्रथम और 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। युवराज ने गोला फेंक में प्रथम स्थान हासिल किया।

इसी क्रम में सांगली ने भाला फेंक, नीतू ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम, किरण ने 600 मीटर में प्रथम और ऊंची कूद में द्वितीय स्थान, सृष्टि ने 200 मीटर में प्रथम तथा ऊंची कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं काजल ने 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसके अतिरिक्त बालिका वर्ग की 4-100 मीटर रिले दौड़ में विद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी जितेंद्र वर्मा ने किया। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों व अभिभावकों ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## अवैध आरा मशीनों पर हाईकोर्ट में सुनवाई

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी शहर के गली मोहल्लों में बिना राज्य प्रदूषण बोर्ड की अनुमति से चल रही अवैध आरा मशीनों को बंद करने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र और न्यायधीश सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने राज्य प्रदूषण बोर्ड से पूछा कि क्या इन आरा मशीनों के संचालन के लिए अनुमति ली गई थी या नहीं। कोर्ट ने दो सप्ताह में इस मामले पर अपना पक्ष रखने को कहा है। यह जनहित याचिका हल्द्वानी निवासी रोहन चंद्रवाती द्वारा दायर की गई थी, जिसमें कहा गया है कि गली मोहल्लों में दर्जनों आरा मशीनें बिना पीसीबी अनुमति के चल रही हैं, जो मानक भी पूरा नहीं करतीं। इन मशीनों से निकलने वाली ध्वनि और प्रदूषण से स्थानीय निवासियों, बीमारों और छात्रों को समस्याएं हैं।

# चकराता में गुलदार की लगातार मौजूदगी से दहशत का माहौल, घरों में दुबके लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता छावनी कार्यालय के समीप स्थित अमोली मोहल्ले में गुलदार की लगातार मौजूदगी से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। बीते कई दिनों से रिहायशी इलाके में रात के समय गुलदार के देखे जाने से स्थानीय लोग सहमे हुए हैं और उन्होंने वन विभाग व कैंट प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पिछले तीन-चार दिनों से गुलदार रात के समय अमोली मोहल्ले में चहलक.दमी कर रहा है। बताया गया कि तीन तारीख की रात गुलदार एक पालतू कुत्ते को उठा ले गया। वहीं कई लोगों ने मोहल्ले के पास स्थित



पार्क की मुंडेर पर गुलदार को बैठे हुए भी देखा, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है। अमोली मोहल्ले के निवासी विनय शर्मा, राजेन्द्र थापा, मनोज कुमार, नारायण कोठारी, मुकेश कुमार सहित अन्य लोगों का कहना है कि गुलदार की धमक से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शाम ढलते ही लोग घरों में कैद हो जाते हैं, वहीं मोहल्ले में रहने वाले व्यापारी भी डर के कारण बाजार की दुकानों को समय से पहले बंद कर घर लौटने को मजबूर हैं। क्षेत्रवासियों ने कैंट बोर्ड प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि गुलदार की गतिविधियों पर तत्काल नियंत्रण किया जाए, ताकि किसी बड़ी घटना से बचा जा सके। इस संबंध में संपर्क करने पर कैंट बोर्ड के प्रभारी रेंजर सुधांशु साध ने बताया कि मामले की जानकारी वन विभाग को दी जा रही है। वहीं, चकराता के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) वैभव कुमार ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र में निगरानी के लिए टीम गठित कर कैमरा ट्रैप लगाए जाएंगे तथा गुलदार की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## शिक्षकों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को 'हेल्थ इज़ वेल्थ' विषय पर कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

विकासनगर। सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर में शिक्षकों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 'हेल्थ इज़ वेल्थ' विषय पर एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन एवं कार्य-जीवन संतुलन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में रेनाटस वेलनेस कंपनी से आए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने शिक्षकों को तनाव प्रबंधन, पोषणयुक्त आहार, मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक सक्रियता तथा रोगों की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि स्वस्थ शिक्षक ही विद्यार्थियों के लिए सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चंदन सोलियाल (रीजनल हेड, उत्तराखंड), सुमेश कपूर (निदेशक), रवि कांत गोयल (प्रधानाचार्य) एवं सपना कपूर (उप-प्रधानाचार्या) ने अपने अनुभव साझा किए और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की निर्देशिका रश्मि गोयल एवं प्रधानाचार्या गीता नेगी ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं शिक्षकों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के विभु गोयल, विद्या जोशी, अदिति आले, पारुल, यश सिंघल, नितेश यादव, आशा गोसाई, वंदना आदि समस्त शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही।

# सीबीआई जांच से कम पर मंजूर नहीं: गोदियाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि अंकिता हत्याकांड में सीबीआई जांच के अलावा कांग्रेस को कुछ भी मंजूर नहीं होगा। गोपेश्वर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गोदियाल ने कहा कि बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड में वीआईपी के खुलासे को लेकर सीबीआई जांच से कम कांग्रेस को सरकार का कोई कदम मंजूर नहीं होगा। उन्होंने कहा किइस मामले की सुप्रीम कोर्ट अथवा हाईकोर्ट के सिटिंग जज के मार्ग दर्शन में सीबीआई जांच कर वीआईपी का खुलासा होना चाहिए।



कहा कि इसके लिए सीबीआई को एक माह का समय वीआईपी के नाम को सार्वजनिक करने के लिए दिया जाएगा। उनका कहना था कि कांग्रेस इस मामले में चुप नहीं बैठेगी और वीआईपी जांच तक आंदोलन को जारी रखेगी।

सरकार द्वारा इस मामले में कांग्रेस पर सियासत करने के आरोपों के जबाव में गोदियाल ने कहा कि एक राजनीतिक दल होने के नाते पहाड़ की बेटी को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस सड़कों पर उतरी है। सियासी दल होने के नाते इस मामले में भाजपा को सियासत नजर आ रही है तो यह आरोप भी हमें मंजूर है किंतु भाजपा सरकार को तो नाम का खुलासा करने के लिए सीबीआई जांच तो करनी ही होगी। भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम द्वारा मानहानि का मुकदमा दर्ज करने से संबंधित सवाल पर गोदियाल ने कहा कि इससे कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ता। भाजपा अपने नेताओं को बचा रही है तो कांग्रेस पहाड़ की बेटी के हत्याकांड के वीआईपी के खुलासे को लेकर आंदोलन कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार सबूतों को नष्ट करने पर तुली हुई है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल ने कहा कि भाजपा ही कांग्रेस को आंदोलन करने का मौका दे रही है। यदि सरकार शुरूआती दौर में ही मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश करती तो आज उत्तराखंड की जनता को सड़कों पर नहीं उतरना पड़ता। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट द्वारा इस मामले को जातिवाद की हवा देने के सवाल पर गोदियाल ने कहा कि इस मामले को जातिवाद में उलझा कर भाजपा मुद्दे को भटकाना चाहती है। कहा कि अपराधी तो अपराधी है चाहे वह किसी जाति अथवा धर्म का क्यों न हो। उन्होंने कहा कि अब भी सरकार ने सीबीआई जांच नहीं की तो कांग्रेस सत्ता में आते ही पूरे मामले का खुलासा करेगी। इस दौरान बदरीनाथ विधायक लखपत बुटोला, थराली के पूर्व विधायक डा. जीत राम, जिलाध्यक्ष सुरेश डिमरी, पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी आदि मौजद रहे।

# चोरी की घटना का सेलाकुई पुलिस ने किया खुलासा

## घटना को अजांम देने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** सेलाकुई क्षेत्र के बंद घर में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा किया। सेलाकुई पलिस ने घटना को अंजाम देने वाले 2 आरो.पियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई 5 लाख की ज्वैलरी व इलेक्ट्रानिक सामान बरामद किया। पुलिस ने दोनो आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वादी अमर सिंह बारवाल पुत्र गोविंद राम निवासी भागीरथी एनक्लेव राजावाला देहरादून द्वारा थाना सेलाकुई पर आकर एक तहरीर दी कि अज्ञात चोरो के द्वारा उनके घर से ज्वेलरी व अन्य घरेलू सामान चोरी कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर थाना सेलाकुई पर तत्काल सम्बन्धित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता के दृष्टिगत सेलाकुई पर पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटनास्थल के आसपास आने जाने वालो रास्तो पर लगे सीसीटीवी कैमरो को चैक करते हुए संदिग्धों के सम्बन्ध में जानका.रियां एकत्रित की गई। पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे प्रयासो से परिणाम स्वरूप आज मंगलवार को चैकिंग के दौरान राजा रोड तिराहे से मुखबिर की सूचना पर 2 अभियुक्तों अनुज कुमार पुत्र दिनेश कुमार निवासी पीठ वाली गली सेलाकुई तथा मोहित ठाकुर पुत्र जगदीश निवासी जमालपुर सेलाकुई को घटना में चोरी किए गए सामान के साथ गिरफ्तार किया गया। घटना में शामिल एक विधि विवादित किशोर को संरक्षण में लिया गया। पुलिस टीम में पीडी भट्ट थानाध्यक्ष सेलाकुई, एसआई सुमेर सिंह, महिला एसआई मीना रावत, सिपाही उपेंद्र, सोहन, सुधीर, मुकेश शामिल रहे।

# स्वयंसेवियों ने विभिन्न गतिविधियों में लिया भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** आशा राम वैदिक इण्टर कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज

## शत प्रतिशत मतदान करने, आग को कैसे बुझाया जाए प्रदर्शन कर बताया गया

डाकपत्थर व विकासनगर की एनएसएस इकाई के विशेष शिविर में स्वयंसेवियों ने विविध गति.विधियों में भाग लिया। इस अवसर पर लोकतंत्र की मजबूती के लिए आशाराम वैदिक इंटर कालेज की स्वयंसेवियों ने विकासनगर से भीमावाला तक एक विशाल 'मतदाता जागरूकता' रैली निकाली। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने नारों और पोस्टरों के माध्यम से



स्थानीय नागरिकों को मतदान के महत्व के बारे में बताया और शत-प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया।

आशाराम वैदिक इंटर कालेज विक.ासनगर के शिविर के दूसरे चरण में आयोजित बौद्धिक सत्र में विक.ासनगर चौकी प्रभारी मयंक त्यागी ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवियों को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सतर्कता ही बचाव का सबसे बड़ा साधन है। उन्होंने ऑनलाइन फ्रॉड, सुरक्षित इंटरनेट बैंकिंग और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी अनिता, अनिल नेगी और कार्यक्रम सहायक पीताम्बर तोमर एनसीसी अधिकारी हिमांशु वर्मा, विभा, बृजेश आदि विद्यालय स्टाफ सहित इकाई के सभी स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज डाकपत्थर के राष्ट्रीय सेवा योजना का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में पूर्व प्रधान सुबोध गोयल पूर्व छात्र अध्यक्ष और वर्तमान समय में ग्राम प्रधान पापियाणा आशीष बिष्ट छात्र नेता रजत नौटियाल आदित्य गुरुंग सोरिया त्यागी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सुबोध गोयल ने कहा कि जो भी आप लोगों ने इस 7 दिन के शिविर से सीखा है उसे अपने जीवन में आत्मसात भी करना है। इस अवसर पर डाकपत्थर के ग्राम प्रधान आशीष बिष्ट, अखिलेश कुमार, स्वयंसेवी दिव्या, आरुषि, हिमांशी, ऐश्वर्या, प्रिंस आर्यन, अंश, ललित, अर्जित, काजल, अर्पि.कता प्राची, नीतू, अंकुश, काजल, जाह्नवी, निधि, दिव्यांशी, अना.मिका, वंशिका, समीर, रिंकी, डिंपल, सार्थक, प्रियान्शु, मोहित, हितेश, राजेंद्र, सन्दीप, अंशिका आदि उपस्थित रहे। सरस्वती विद्या मंदिर बाबूगढ़ विकासनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छटे दिन स्वयंसेवियों ने 'मतदाता जागरूकता अभियान' के तहत बीडीएम इंटर कालेज से लेकर पिपलेश्वर महादेव मंदिर जमनीपुर तप्पड़ तक जन जागरूकता रैली निकाली तथा वहां जाकर मंदिर परिसर के आसपास श्रमदान व स्वच्छता कार्य किया। 'इसी के साथ उत्तराखंड अग्निशमन एवं आपात सेवा, डाकपत्थर, विक.ासनगर से आये गरिमा थपलियाल (फायरमैन) सुरुचि रावत (फायरमैन) हंसराज (फायरमैन) विनीत चौहान (फायरमैन) ने स्वयंसेवियों को आग के प्रकार तथा किस प्रकार की आग को कैसे बुझाया जाता है प्रदर्शन करके बताया'। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य बाज सिंह, वक्ता राम आसरे, कार्यक्रम अधिकारी कुलद.ीप जगवाण, गुलाब सिंह, महाराज सिंह बिष्ट तथा स्वयंसेवी तनिषा चौहान, स्वाती,कनन,कामना, निहा.रिका, आरती, अंजू, आयुषी, ईशा, लवीश, आदित्य, नैतिक, ऋषभ, सचिन, अनुज, आशु, अनुराग आदि उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी ने किया कोतवाली कोटद्वार का वार्षिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पौड़ी, सर्वेश पंवार ने मंगलवार को कोतवाली कोटद्वार का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना अभिलेखों, प्रशासनिक कार्यप्रणाली और थाना परिसर की गहन जांच की। एसएसपी ने थाने में अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने, न्यायालयीय निर्णयों के बाद माल निस्तारण, तथा अनुपयोगी सामग्री के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। सीसीटीएनएस पोर्टल और सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का समय-सीमा के भीतर निस्तारण करने को भी कहा। महिला हेल्प डेस्क पर शिकायतों के त्वरित निस्तारण और शिष्ट व्यवहार पर ध्यान देने का निर्देश दिया।

इसके अलावा, कर्मचारियों को परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने और आमजन से शालीनता एवं संवेदनशीलता से पेश आने के लिए प्रेरित किया गया। एसएसपी ने जनता से सीधे संवाद करते हुए उनके सुझावों और समस्याओं का समाधान शीघ्रता से करने के निर्देश दिए।

# चिंटू के साथ बेटा भी गया सलाखों के पीछे

## फायर झोंक रहा था पिता, बेटे ने तान रखी थी पिस्टल, विदेश पिस्टल के साथ पकड़ा गया बेटा भी

**नितिन हत्याकांड में पार्षद के बेटे जय की संलिप्ता भी आई सामने**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नितिन लोहनी हत्याकांड के हत्यारोपी भाजपा पार्षद अमित बिष्ट उर्फ चिन्टू को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया। इस मामले में बड़ा खुलासा यह है कि हत्या की वारदात में चिंटू अकेला नहीं था। वो अकेला ही नितिन पर फायर नहीं झोंक रहा था। बल्कि जब चिंटू पौनिया से पार्षद झोंक रहा था, तब उसका बेटा जय भी वहीं था। उसके हाथ में पिता की विदेशी पिस्टल थी, जिसे पिता के साथ पीछा करने हुए उसने अपने ही दोस्त नितिन पर तान रखी थी। जिसकी जामा तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी अमित के बेटे के पास से एक पिस्टल मय 4 जिंदा कारतूस 25 बोर के बरामद किए है। पिता के साथ पुलिस ने आरोपी पार्षद अमित के बेटा जय को भी गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया। बता दें कि बीते 4 जनवरी रविवार की रात जज फार्म निवासी नितिन लोहनी को पार्षद अमित बिष्ट ने मौत के घाट



उतार दिया था। पुलिस के अनुसार नितिन अपने दोस्त कमल भंडारी के साथ स्कूटी से पार्षद के घर मानपुर उत्तर वार्ड-55 रामपुर रोड पहुंचा था। नितिन स्कूटी पर बैठा था। कमल ने पार्षद के घर की घंटी बजाई। दूसरी घंटी पर पार्षद अमित अपने 19 वर्षीय बेटे जय के साथ बालकनी पर आया। पार्षद के हाथ में डबल बैरल पौनिया (शॉट गन) थी। पार्षद ने कमल से पूछा कि क्या वह दरम्वाल गैंग से है और फायरिंग शुरू कर दी। जब दोनों जान बचाकर भागे और पार्षद पौनिया लेकर दोनों के पीछे दौड़ पड़ा। पुलिस का कहना है कि घटना के वक्त पार्षद अमित अकेला नहीं था। बल्कि उसके साथ उसका बेटा जय बिष्ट भी साथ में था। जय के हाथ में पिता की 6.35 बोर वाली मेड इन चेकोस्लोवाकिया की पिस्टल थी। उसने पिस्टल नितिन की ओर तान रखी थी और पिता अमित लगातार फायर झोंक रहा था। लेकिन इस गोलीकांड में नितिन की मौत हो गई। प्राथमिक जांच में ही पुलिस को अमित पर शक हो गया। घटना की रात ही अमित को पूछताछ के लिए हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उससे लगातार पूछताछ की गई, साथ ही पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो अमित के साथ उसका बेटा जय भी हाथ में पिस्टल लिए दौड़ता नजर आया, लेकिन तब तक देर चुकी थी और जय मय पिस्टल के फरार हो चुका था। यह तथ्य सामने आते ही पुलिस ने जय की तलाश शुरू कर दी। बीते सोमवार की रात 11 बजे टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने मुखबिर की सूचना पर जय को फायर स्टेशन से हौंडा तिराहा बरेली रोड की ओर जाते वक्त गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जय के पास से उसके पिता की विदेशी पिस्टल और चार कारतूस भी बरामद किए। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि हत्यारोपी अमित और उसके बेटे जय को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर दोनों को जेल भेज दिया गया है। एसएसपी डा.मंजूनाथ टीसी ने बताया कि परिजनों की ओर से मिली तहरीर में केवल पार्षद अमित का ही नाम था, लेकिन जब टीम ने वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने शुरू किए तो घटना के वक्त पिता के साथ जय भी नजर आया। हम इस बात की जांच भी कर रहे हैं कि क्या जय के हाथ में मौजूद पिस्टल से भी फायर हुई या नहीं। जिसकी बारीकी से जांच की जा रही है।

**सुबूत मिटाने का प्रयास**

इस मामले में एक और अहम तथ्य सामने आया है। पुलिस ने जब अमित के घर में लगे सीसीटीवी की डीवीआर को जांचने के लिए लिया, तो वह गायब था। पुलिस ने बाद में डीवीआर खोज निकाला, लेकिन अमित ने उसे तोड़ दिया था। हालांकि, पुलिस ने डीवीआर से रिकॉर्डिंग निकाल ली, जिसने अमित के सारे दावों को खारिज कर दिए। इस वजह से आरोपी अमित पर सुबूत मिटाने की भी धारा लगाई गई है।

## एसएसपी से मिला पीड़ित परिवार, सुरक्षा की गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को हल्द्वानी में मृतक नितिन लोहनी के बड़े भाई पियूष ने एसएसपी से मुलाकात की और मामले में किसी भी तरह की लीपापोती और कोताही न बरते जाने की अपील की। पियूष के साथ इस मुलाकात में कई जनप्रतिनिधि भी शामिल थे। एसएसपी ने भरोसा दिलाया कि मामले में कोई निष्पक्षता से की जाएगी। साथ ही, पीड़ित परिवार और चश्मदीद गवाह की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि इस मामले की चार्जशीट जल्द से जल्द कोर्ट में दाखिल की जाएगी ताकि पीड़ित परिवार को जल्दी न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जांच में सभी सुबूत और तथ्य कागजों से बाहर नहीं जाने पाएंगे। इसके अलावा, उन्होंने यह भी



कहा कि हत्यारोपी पार्षद अमित बिष्ट के खिलाफ यदि किसी और मामले में शिकायत आती है, तो उस पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने पियूष और अन्य परिजनों को यह भी भरोसा दिलाया कि नितिन के परिवार और चश्मदीद गवाह कमल भंडारी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी, और इसके लिए कोतवाल विजय मेहता को निर्देशित किया गया है। एसएसपी ने इस दौरान बताया कि तहरीर में सिर्फ पार्षद अमित का नाम था, लेकिन पुलिस ने अपनी जांच के दौरान अमित के बेटे जय को भी गिरफ्तार किया, जो पहले मामले में शामिल नहीं था। इस मुलाकात के दौरान नितिन के बड़े भाई पियूष के अलावा, नितिन के चचेरे भाई, पूर्व मेयर प्रत्याशी ललित जोशी, प्रमोद बोरा, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू, जिला पंचायत सदस्य छवि कांडपाल, नीरज तिवारी, उमेश बिनवाल आदि मौजूद रहे।

## इसी कोतवाली से पिछले साल चिंटू को छुड़ा ले गए थे विधायक

**जिस कोतवाली से छुड़ाया उसी कोतवाली में मुंह लटकाए बैठा था चिंटू**

**दीपक भंडारी**

**हल्द्वानी।** जी हां ये वही कोतवाली है, जहां विधायक बंशीधर भगत ने पिछले साल सितंबर में पार्षद अमित बिष्ट उर्फ चिंटू को बचाने के लिए हस्तक्षेप किया था। मंगलवार को उसी हल्द्वानी में अब चिंटू को मुंह बांधे, चेहरा लटकाए और लोगों से नजरें चुराते हुए देखा गया। इस बार वह अपने बेटे जय के साथ था, और दोनों एक ही हथकड़ी में जकड़े हुए थे। यह वही चिंटू है, जिसे विधायक ने पिछले साल सितंबर में मारपीट के मामले में कोतवाली से छुड़ा लिया था। तब एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा को भी मामले में दखल देना पड़ा था। बता दें कि पिछले साल सितंबर में जब अमित बिष्ट भारतीय जनता पार्टी का मंडल उपाध्यक्ष भी था और पार्षद के रूप में जिम्मेदारी निभा रहा था। यह विवाद एक बिजली के पोल पर लगी लाइट को लेकर हुआ था। कुछ लोग पोल पर चढ़े थे और लाइट टेढ़ी हो गई थी, जिससे अमित बिष्ट ने बुरी तरह से उन युवकों को पीट डाला। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, और पीड़ित पक्ष ने टीपीनगर चौकी पहुंचकर पार्षद के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने अमित बिष्ट को चौकी बुलाया, लेकिन उसने खुद आने के बजाय अपने लेटर पैड पर शिकायत भेज दी। इसके बाद पुलिस को एक्शन लेना पड़ा और उसे हिरासत में ले लिया गया। अमित बिष्ट की गिरफ्तारी के बाद हल्द्वानी कोतवाली के बाहर उसे छुड़ाने के लिए एक बड़ी भी एकत्र हो गई थी। जब पुलिस ने उसे नहीं छोड़ा, तो अगले दिन कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत लाव-लश्कर के साथ कोतवाली पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने विरोध किया और कहा कि न सिर्फ अमित को छोड़ा जाए, बल्कि एसएसपी भी सड़कों पर आकर इस मामले को हल करें। काफी देर तक जिद करने के बाद एसएसपी पीएन मीणा को सड़कों पर आना पड़ा। विधायक और एसएसपी के बीच बातचीत हुई, और अंततः पूरे सम्मान के साथ अमित को कोतवाली से छोड़ दिया गया। इस दौरान विधायक ने एसएसपी को यह भी बताया कि अमित उनके कार्यकर्ता और मंडल का उपाध्यक्ष है, उसे सम्मान के साथ छोड़ा जाना चाहिए।

## राजनीति-दबंगई-अपराध की 'गोली' से मारा गया नितिन

**बेवजह हुई एक युवक की हत्या ने शहर को झकझोर दिया**

**शाहबेज़ खान**

**हल्द्वानी।** एक निर्दोष नौजवान सत्ता और दबंगई के नशे में चूर नेता की गोली का निशाना बन गया। बेवजह हुई एक युवक की हत्या ने हल्द्वानी शहर को न सिर्फ झकझोर कर रख दिया है, बल्कि नेताओं के चरित्र पर भी उंगली उठाने को मजबूर कर दिया है। लोग स्तब्ध हैं कि इस शहर और जिले की फिज़ा में अपराधियों का इतना बोलबाला आखिर कहां से अचानक बढ़ गया। उनके लिए यह चिंता का एक विषय है। दरअसल इस दबंगई की जड़ राजनीति है। बड़े नेताओं का हाथ जब दबंगों पर रहता है तो छुटभैय्ये नेताओं के हौंसले और बुलंद हो जाते हैं। कानून के हाथ जब राजनी. ति बांधने की कोशिश करती है तो इन दबंगों के पर और निकल जाते हैं। हल्द्वानी जैसे शहर ने देखा होगा भयानक एक गैंगवार का दौर लेकिन आज की तारीख में शहर का माहौल एक बार फिर से गैंगवार की ओर बढ़ते जाना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। ऐसा नहीं है कि यहां पर पुलिस का कोई खौफ नहीं रहा अपराधियों को। समय इतना बदल गया है कि अपराधियों की पैरवी नेता करने उतर आते हैं और पुलिस के इकबाल को ध्वस्त कर पूरी तरह से कुचल देते हैं तो अपराधियों में अच्छा संदेश नहीं जाता और वो दबंगई जारी रखते हैं। अपराधी जब इस दबंगई में अपनी सीमा लांघ जाता है तो यही राजनीति और नेता उससे पल्लू झाड़ लेते हैं और ऐसा दिखाने की कोशिश करते हैं कि हम और हमारी पार्टी का ऐसा लोगों से कोई मतलब नहीं है। हल्द्वानी के नितिन लोहनी की हत्या को अंजाम देने वाले भाजपा पार्षद अमित बिष्ट उर्फ चिंटू को भाजपा ने निष्कासित कर तो दिया लेकिन अमित बिष्ट के खून से रंगे दामन से पीछा छुड़ाना इतना आसान नहीं है। खुलेआम मारपीट और दबंगई के आरोप में जब पुलिस ने कुछ माह पहले गिरफ्तार किया था तो विधायक बंशीधर भगत ने कोतवाली के सामने धरने पर बैठकर पुलिस को खरी-खोटी सुनाई थी और अमित बिष्ट को छुड़वा लिया था। आज वही भाजपा और भगत अमित बिष्ट से पल्लू झाड़ रहे हैं, लेकिन दरअसल अमित बिष्ट इन्हीं की शह पर कूद रहा था और चहेता ही रहा। पिछले साल जिला पंचायत के चुनाव में अपराध का खौफनाक मंज़र सबने देखा। देखा कि अपराध और राजनी. ति का गठजोड़ कैसा होता है। इसी राजनीति, दबंगई के खेल में एक नौजवान असमय और बेवजह मारा गया। अफसोस.. .अमित बिष्ट की एक गोली नितिन को लगी और उसके जिस्म के अंदर सबकुछ छलनी हो गया।

## गौलापुल से युवती ने लगाई नदी में छलांग, घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को गौलापुल से एक युवती ने नदी में छलांग लगा दी। इससे पहले एक युवक ने उसका पीछा किया और उसे रोकने की को. शिश की, लेकिन युवती के उससे पहले ही पुल से नीचे छलांग लगा दी। नदी के पत्थरों पर गिरने के कारण युवती के सिर, पेट और घुटनों में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने युवती को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी देते हुए बनभूलपुरा कोतवाल डीएस फर्त्याल के अनुसार 21 वर्षीय भावना गजीपुर गौलापार चोरगलिया निवासी एसके मार्केट कुंवरपुर गौलापार में नौकरी करती थीं। प्रत्यक्षदर्शी एसके मार्केट स्थित पारस स्पोर्ट्स में काम करने वाले सोनू ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को अचानक भावना अपनी स्कूटी लेकर निकल गई। शक होने पर सोनू भी अपनी स्कूटी लेकर उसके पीछे चल पड़ा। गौलापुल पर पहुंचने पर, भावना ने अपनी स्कूटी खड़ी की और जब सोनू ने उसे रोकने के लिए चिल्लाया, तो वह पुल से छलांग लगा चुकी थी। सूचना मिलते ही बनभूलपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को नदी से बाहर निकाला। उसे नैनताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया, जहां उसकी हालत अभी स्थिर बनी हुई है। सोनू ने पुलिस को बताया कि भावना अक्सर बीमार रहती हैं और उसका इलाज चल रहा था। वह समय-समय पर अचानक अपनी तबियत खराब होने की वजह से खतरनाक कदम उठा लेती थीं।

## चंदन हॉस्पिटल के निदेशक पर मुकदमा

**शव को बंधक बनाकर बिल भरने का है मामला**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चंदन हॉस्पिटल के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अस्पताल प्रबंधन पर आरोप है कि उन्होंने एक मृतका के शव को बंधक बना कर उसके पति से अस्पताल का बिल भरने की मांग की। मृतका के पति की तहरीर पर पुलिस ने चंदन हॉस्पिटल के चिकित्सा निदेशक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले में चिकित्सक की गिरफ्तारी भी हो सकती है। जानकारी के अनुसार गोलना करड़िया धारानौला, अल्मोड़ा निवासी नंदन बिरौड़िया ने कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीमार होने पर उन्होंने अपनी पत्नी सीमा को सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में भर्ती कराया था। 3 जनवरी की शाम करीब साढ़े 4 बजे, सीमा को बेस अस्पताल से रेर किया गया, और नंदन ने उन्हें भोटियापड़ाव स्थित चंदन हॉस्पिटल में भर्ती कराया। नंदन का कहना है कि सीमा को चंदन हॉस्पिटल के बाहर 108 एम्बुलेंस सेवा के वाहन से उतारने के बाद, अस्पताल के चिकित्सक ने उन्हें इमरजेंसी वार्ड में ले जाकर 50,000 रुपए नकद लिए और 7,000 रुपए के टेस्ट किए। शाम साढ़े 6 बजे सीमा को आईसीयू वार्ड में ले जाया गया। नंदन और उनके परिजनों ने अस्पताल की सीढ़ियों से पैदल नीचे उतरा, जबकि सीमा को लिफ्ट से ऊपर ले जाया गया। लेकिन जब नंदन ऊपर पहुंचे, तो हॉस्पिटल ने बताया कि सीमा का दिल रुक गया है और उनकी मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने नंदन से और 30,000 रुपए की मांग की। कहा गया कि जब तक 30,000 रुपए नहीं दिए जाएंगे, शव उन्हें नहीं सौंपा जाएगा। नंदन ने बहुत प्रयास किया, लेकिन शव देने के लिए अस्पताल तैयार नहीं हुआ। नंदन ने आखिरकार पुलिस से मदद मांगी, और मध्य रात्रि पुलिस की टीम चंदन हॉस्पिटल पहुंची और पत्नी का शव नंदन को सौंपा। पुलिस ने अस्पताल के एक कर्मचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की थी। इस मामले में अब पुलिस ने चंदन हॉस्पिटल के चिकित्सा निदेशक परवेज के खिलाफ बीएनएस की धारा 308(3) जबरन वसूली के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल विजय मेहता का कहना है कि तहरीर के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## अमेरिकी साम्राज्यवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रगतिशील महिला एकता केंद्र परिवर्तनकामी छात्र संगठन और क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के कार्यकर्ताओं ने बुद्ध पार्क में एकत्रित होकर वेनेजुएला पर अमेरिकी साम्राज्यवादियों के हमले का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन किया और वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी के अपहरण की निंदा की। इस दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि 3 जनवरी को अमेरिकी सेनाओं ने वेनेजुएला पर हमला कर निर्दोष नागरिकों का कत्लेआम किया और मादुरो को अगवा कर अमेरिका ले गए। पुतला दहन करने वालो में रजनी, ऋचा, दीपा, मीना, तुलसी, नीता,शारदा, रजनी, विमला, आनंदी, पद्म कविता, रीना, महेश आदि थे।

## इस्लाम हुसैन पर दर्ज मुकदमा रद्द होः पाण्डेय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठ पत्रकार और उत्तराखण्ड सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष इस्लाम हुसैन पर हल्द्वानी में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया जाना निंदनीय है। यह मुकदमा स्वघोषित गौ रक्षकों के द्वारा 4 जनवरी 2025 की दी हल्द्वानी कोतवाली में गई तहरीर के आधार पर दर्ज किया गया है। भाकपा माले के जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि पुलिस ने बिना गहन जांच पड़ताल के जितनी तेजी से मुकदमा दर्ज किया है वह आश्चर्यजनक है। इस्लाम हुसैन हमेशा संवैधानिक लोकतांत्रिक तरीके से सामाजिक सद्भाव और गरीबों हितों के लिए अपना काम करते रहे हैं। उनका काम हमेशा से संघी मानसिकता के लोगों की आंखों की किरकिरी बने हुए हैं। इसी नफरती गैंग के लोगों ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उन पर मुकदमा किया जाना अभिव्यक्ति की संविधान प्रदत्त आजादी पर हमला है। उत्तराखण्ड ओपन यूनिवर्सिटी के सभागार में इस्लाम भाई के भाषण पर उपस्थित तमाम प्रोफेसर, अन्य विद्वान, पत्रकारों, कर्मचारीगण सहित सभी लोगों में से किसी ने भी इस भाषण पर कोई आपत्ति या सवाल नहीं उठाया। डा. पाण्डेय ने कहा कि यूनिवर्सिटी की तरफ से भी कोई शिकायत नहीं की गई थी। लेकिन भाषण के तीन माह बीत जाने के बाद अचानक ये मुकदमा दर्ज होना बता रहा है कि यह सब षडयंत्र के तहत किया गया है। इसलिये इस्लाम हुसैन पर दर्ज झूठा मुकदमा तत्काल बिना शर्त रद्द किया जाना चाहिए।

## गोल्ज्यू पूजन के साथ उत्तरायणी मेले का आगाज आज से

**मंच पर बिखरेगी कुमाऊंनी संस्कृति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक की छटा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में नौ दिवसीय उत्तरायणी महोत्सव का आगाज कल यानि आज बुधवार से गोल्ज्यू पूजन के साथ शुरू होने जा रहा है। महोत्सव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उत्तरायणी महोत्सव में कुमाऊंनी संस्कृति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक गीत, लोक नृत्य, सांस्कृतिक व्यापार मेला, खेलकूद एवं सामाजिक व सांस्कृतिक संदेशों



से सुसज्जित भव्य शोभायात्रा मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगे। यह बात मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड्वाल ने कहीं। मंगलवार को हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में आयोजित पत्रकार वार्ता करते हुए मंच के संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर व मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड्वाल ने संयुक्त रूप से कहा कि पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच द्वारा 44 वर्षों से लगातार निर्वाध रूप से मंच प्रांगण में घुघुतिया त्यार (उत्तरायणी मेले) का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 7 से 15 जनवरी तक शाम को स्टार नाइट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लोक संस्कृति से जुड़े जाने माने कलाकर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उहोंने बताया कि कल यानि आज बुधवार को सुबह 10 बजे गोल्ज्यू पूजन एवं आरती से मेले की शुरूआत होगी।

दोपहर दो बजे से ओपन वर्ग की कुमाऊंनी भाषा में नाट्य प्रतियोगिता आयोजित होगी, जबकि सायं 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रहेगी। उन्होंने बताया कि 7 जनवरी को हरेन्द्र कठायत व अमित गोस्वामी, 8 जनवरी को जगदीश कांडपाल व राकेश जोशी, 9 जनवरी को महिपाल मेहता व रूचि आर्य, 10 जनवरी आनंद कोरंगा व चन्द्र प्रकाश, 11 जनवरी को राकेश पनेरू व किरन चोपड़ा, 12 जनवरी को बलवीर राणा व प्रियंका चन्द्र अपनी प्रस्तुति देंगे। जबकि 13 जनवरी को कैलाश कुमार व मेघना चन्द्र, 14 को सूरज प्रकाश, पवन कार्की व पुष्कर मेहर अपनी नी सुंदर प्रस्तुती देंगे। वहीं मेले के अंतिम दिन 15 जनवरी को बबीता देवी व रोशन बनौला अपनी परिचित गायकी से लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे। उन्होंने बताया कि मेले के माध्यम से कुमाऊंनी संस्कृति का प्रचार-प्रसार व संरक्षण किया जा रहा है। मेले में सभी कार्यक्रम कुमाऊंनी भाषा में किए जाते रहे हैं। पत्रकार वार्ता में हुकुम सिंह कुंवर, खड़क सिंह बगडवाल, गोपाल सिंह बिष्ट, देवेन्द्र सिंह तोलिया, त्रिलोक बनौली, शोभा बिष्ट, भुवन चंद्र जोशी, धान सिंह बिष्ट, लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, मोहन सिंह बोरा, हेम चंद्र भट्ट, तरूण नेगी, ललित बिष्ट, रश्मि लमगड़िया मौजूद रहे।

## सीवर-पेयजल कार्यों में देरी पर आयुक्त सख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को उत्तराखण्ड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी (यूयूएसडीए) के अंतर्गत सीवर, पेयजल एवं सड़क निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़कों की खुदाई के बाद समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और स्पष्ट कहा कि कार्य पूरा न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। स्थलीय निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने हाल ही में हुई एक सड़क दुर्घटना में पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया और उन्हें हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। आयुक्त ने एडीबी (एशियन डेवलपमेंट बैंक) के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिए कि जिन मार्गों पर खुदाई का कार्य चल रहा है, उन्हें तत्काल पुनः स्थापित (रिस्टोर) किया जाए। निरीक्षण के



दौरान कई स्थानों पर साइनेज बोर्ड न होने पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई। आयुक्त श्री रावत ने ठेकेदारों द्वारा बरती जा रही घोर लापरवाही पर नारा. जगी जताते हुए एडीबी के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिए कि नियमानुसार संबंधित ठेकेदारों पर पेनाल्टी लगाई जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बार-बार चेतावनी के बावजूद सुधार न होने पर भविष्य की सभी समीक्षा बैठकें कार्यालय में नहीं, बल्कि सीधे कार्यस्थलों पर ही की जाएंगी। निरीक्षण के दौरान पार्षदों एवं स्थानीय नागरिकों ने बताया कि कई क्षेत्रों में सड़कें लगभग छह माह पूर्व खोदी गई थीं, लेकिन अब तक कोई कार्य नहीं हुआ। स्थलीय निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने हाल ही में हुई एक सड़क दुर्घटना में पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया और उन्हें हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के समय सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, प्रोजेक्ट मैनेजर ब्रिडकुल कुलदीप सिंह, एसपी सिटी मनोज कत्याल, पार्षद चंदन मेहता, विनोद दानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## दीक्षांशु का शतक, एचसीसी ने 118 रनों से जीता मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग मैच मंगलवार को जीएनजी क्रिकेट



ग्राउंड में गट्स एन ग्लोरी और एचसीसी के मध्य खेला गया। गट्स एन ग्लोरी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। खराब मौसम के कारण मैच 25-25 ओवर का रखा गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एचसीसी ने 25 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 266 रन बनाए। एचसीसी के बल्लेबाजों में दीक्षांशु नेगी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 50 गेदों में 114 रन बनाए, जबकि प्रभाकर नैनवाल ने 71 और लक्ष्य नयाल ने अपनी टीम के लिए 31 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए गट्स एन ग्लोरी की टीम 25 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 148 रन ही बना सकी और 118 रनों से मैच हार गई। शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार दीक्षांशु नेगी के नाम रहा। अंपायर की भूमिका में विजय आर्या और शिवम् पाण्डे जबकि स्कोरर की भूमिका हरप्रीत सिंह कम्बोज ने निभाई। इस अवसर पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, लीला कांडपाल, नरेंद्र अधिकारी, जगमोहन बगड़वाल, आनंद बिष्ट, संजय चौधरी, सुनील साह, त्रिलोक जीना, विजय कुकसाल, बी एल साह, रवि नेगी, मनोज जोशी, विकास गुणवंत, दिलीप रावत, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।

## धर्म का पालन ही सुख और समृद्धि की कुंजीः जोशी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री गिरिजा देवी सनातन सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस पर कथा व्यास डा. नवीन चंद्र जोशी ने भक्तों को श्रीमद्भागवत के दिव्य संदेशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग है। आज की कथा भगवान के वाराह अवतार और ध्रुव चरित्र पर आधारित रही। व्यास ने बताया कि भगवान अपने भक्तों के प्रति दयालु और कृपालु होते हैं, और ध्रुव जैसे भक्तों को दर्शन देकर प्रभु ने अपनी भक्तवत्सलता का परिचय दिया है। साथ ही, पृथु अवतार की कथा सुनाते हुए उन्होंने यह भी बताया कि राजा का धर्मात्मा होना अनिवार्य है, क्योंकि धर्म का पालन ही सुख और समृद्धि की कुंजी है। कथा ज्ञान यज्ञ में आचार्य प्रमोद जोशी व आचार्य प्रकाश चंद्र जोशी ने पूजन कराया। मुख्य यजमान सोबन सिंह बिष्ट, डा. एसडी तिवारी, विनीत सिंह व दया किशन पाण्डेय रहे। इस अवसर पर आचार्य प्रशांत जोशी, गोविन्द बल्लभ जोशी, हेम चंद्र जोशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हिम्मतपुर तल्ला स्थित वैष्णवी कॉलोनी एवं बसंत विहार कॉलोनी में



सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें मांगलिक गीतों, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ समूचा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। कथा के प्रथम दिवस में व्यासपीठ से आचार्य नीरज चंद्र त्रिपाठी ने श्रीमद्भागवत की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा साक्षात् भगवान श्रीकृष्ण का स्वरूप है और इसके श्रवण मात्र से जीव के जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट होते हैं तथा भक्ति मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने बताया कि भागवत कथा मानव जीवन को धर्म, सत्य और भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करती है। कथा के प्रथम दिवस में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, मातृशक्ति, युवा एवं वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

## बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड चुनावः राजन मेहरा ने दाखिल किया नामांकन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड में चल रही नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन मंगलवार को हल्द्वानी बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव राजन सिंह मेहरा ने



अपने सैकड़ों अधिवक्ता समर्थकों के साथ बार काउंसिल कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जोरदार समर्थन जताते हुए उनके पक्ष में नारेबाजी की। नामांकन के बाद राजन सिंह मेहरा ने बताया कि बार काउंसिल का चुनाव लड़ने का उनका मुख्य उद्देश्य अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और उनके कल्याण से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि देश के कई राज्यों की बार काउंसिल अपने अधिवक्ताओं को मेडिक्लेम, डेथ क्लेम सहित अनेक सुविधाएं प्रदान कर रही हैं, जबकि उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य में, जहां लगभग 15 हजार अधिवक्ता मतदाता हैं, उन्हें अब तक इन बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा गया है। इसके साथ ही उन्होंने अधिवक्ताओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू कराने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर उनके साथ बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादकः एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### सबालेंका ने शानदार जीत के साथ 2026 अभियान शुरू किया

**सिडनी, वार्ता।** दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने मंगलवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में शानदार जीत के साथ अपने 2026 सीजन की शुरुआत की। सबालेंका ने दूसरे राउंड के मैच में स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 48 मिनट में 6-0, 6-1 से हराया। बेलारूस की खिलाड़ी, जो ब्रिस्बेन में डिफेंडिग चैंपियन हैं, को पहले राउंड में बाई मिली थी। नवम्बर 2025 में डब्ल्यूटीए फाइनल के बाद अपने पहले प्रतिस्पर्धी सिगल्स मैच में खेलते हुए, सबालेंका ने शुरू से ही मैच पर कंट्रोल रखा, पहला सेट 22 मिनट में जीता और दूसरे सेट में 5-0 की बढ़त बना ली, इससे पहले कि बुक्सा पहली बार अपनी सर्विस बचा पाई। सबालेंका, जो जनवरी में बाद में तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन सिगल्स खिताब जीतने की कोशिश कर रही हैं।

### जोकोविच एडिलेड से हटे, ऑस्ट्रेलियन ओपन पर फोकस

**एडिलेड, वार्ता।** नोवाक जोकोविच ने अगले हफ्ते होने वाले एडिलेड इंटरनेशनल से अपना नाम वापस ले लिया है, उन्होंने फिटनेस की चिताओं का हवाला दिया है क्योंकि वह ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी जारी रखे हुए हैं। एडिलेड में फैंस को संबोधित करते हुए एक इंस्टाग्राम स्टोरी में, 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने कहा कि वह एटीपी 250 इवेंट में ष्शारीरिक रूप से प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं, और इस फैसले को ष्व्यक्तिगत रूप से बहुत निराशाजनकष बताया। जोकोविच ने कहा कि एडिलेड उनके लिए खास महत्व रखता है, क्योंकि उन्होंने दो साल पहले वहां खिताब जीता था, और कहा कि शहर में वापस आकर ष्सच में घर जैसा महसूस हुआष। हालांकि, सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि उनकी तत्काल प्राथमिकता सीजन

## बीसीसीआई-बीसीबी विवाद का मुस्तफिजुर पर कोई असर नहीं

# बाहरी शोर से बेफ्रिक मुस्तफिजुर

**बांग्लादेश प्रीमियर लीग में रंगपुर राइडर्स के लिए खेल रहे**



**ढाका, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सलाह पर इंडियन प्रीमियर लीग से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स टीम से मुस्तफिजुर रहमान का बाहर होना दुनिया भर में चर्चा का विषय बन गया, खासकर तब जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत न जाने का फैसला किया, लेकिन मुस्तफिजुर रहमान बाहरी शोर से बेफिक्र दिख रहे हैं।

मुस्तफिजुर, जो फिलहाल चल रही बांग्लादेश प्रीमियर लीग में रंगपुर राइडर्स के लिए खेल रहे हैं, गेंद से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मुस्तफिजुर ने 4 जनवरी को सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ढाका कैपिटल्स के खिलाफ राइडर्स को पांच रन से रोमांचक जीत दिलाई, जब उन्होंने डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हुए 18वें ओवर में सिर्फ दो रन दिए और अंतिम ओवर में 10 रन बचाने से पहले शमीम हुसैन को भी आउट किया। बीसीसीआई द्वारा केकेआर को उन्हें टीम से हटाने का निर्देश देने के एक दिन बाद मुस्तफिजुर ने यह शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन किया। मुस्तफिजुर को अब वित्तीय दृष्टिकोण से भी बड़ा नुकसान हो सकता है क्योंकि उन्हें 9-2 करोड़ रुपये की बड़ी रकम में खरीदा गया था - जो आईपीएल नीलामी के इतिहास में बांग्लादेश के किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे ज्यादा है। मोहम्मद अशरफुल, जो मौजूदा बीपीएल में सहायक कोच के तौर पर राइडर्स का मार्गदर्शन कर रहे हैं, ने चटगांव रॉयल्स के खिलाफ मैच के बाद पत्रकारों से कहा कि वह (मुस्तफिजुर) पूरी तरह से शांत है। वह मैदान के बाहर की बातों के बारे में बिल्कुल भी चिंतित नहीं है। चाहे वह बीसीबी हो, भारत हो, बीपीएल हो या आईसीसी। उन्होंने आगे कहा कि अभी वह रंगपुर राइडर्स के लिए खेलने पर ध्यान दे रहा है और इसके बाद जो भी काम आएगा, वह उस पर ध्यान देगा। वह एक अलग ही स्तर का इंसान है। अशरफुल राष्ट्रीय टीम में भी मुस्तफिजुर के साथ काम करेंगे क्योंकि वह फिलहाल बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच हैं। ष्अगर आप पहले दो मैचों में मुस्तफिजुर की बात करें तो उनका परफॉर्मेंस थोड़ा कमजोर था, लेकिन खासकर जिस तरह से हमने ढाका के खिलाफ पिछला मैच जीता, वह एक शानदार जीत थी। और जिस तरह से मुस्तफिजुर ने आखिरी दो ओवर फेंके - मुझे लगता है कि वह इस फॉर्मेट के लिए वर्ल्ड चैंपियन हैं, वह इतने जरूरी हैं। मुस्तफिजुर के नेशनल टीम के साथी मोहम्मद सैफुद्दीन, जो चल रहे बीपीएल में ढाका कैपिटल्स के लिए खेल रहे हैं, ने भी अशरफुल जैसी ही बात कही। सैफुद्दीन ने एक प्रैक्टिस सेशन के बाद रिपोर्टर्स से कहा कि हमारा आखिरी मैच रंगपुर राइडर्स के खिलाफ था और मैच के बाद हम साथ में डिनर कर रहे थे और मैंने उसे अपने साथ बैठने के लिए बुलाया। हमें लगा कि वह निराश होगा लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं था। वह म्यूजकि सुन रहा था और हमेशा की तरह रिलैक्स लग रहा था। बांग्लादेश टीम के सीनियर असिस्टेंट कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने जोर देकर कहा कि वह मुस्तफिजुर के व्यवहार से हैरान नहीं हैं।

## विजय हजारे ट्रॉफी

# देवदत्त पडिक्कल ने 600 रन बनाकर रचा इतिहास



- **पडिक्कल ने यह उपलब्धि राजस्थान के खिलाफ कर्नाटक के एलीट ग्रुप 'ए' में हासिल की**

**बेंगलुरु, वार्ता।** देवदत्त पडिक्कल ने विजय हजारे ट्रॉफी में एक बार फिर इतिहास रच दिया है, क्योंकि वह भारत की प्रमुख घरेलू एक दिवसीय प्रतियोगिता के तीन अलग-अलग सीजन में 600 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। पडिक्कल ने यह उपलब्धि मंगलवार को गुजरात कॉलेज ग्राउंड में राजस्थान के खिलाफ कर्नाटक के एलीट ग्रुप ए मैच के दौरान हासिल की।

राजस्थान के खिलाफ, पडिक्कल ने एक और अहम भूमिका निभाई, 82 गेंदों में 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 91 रन बनाए, और कप्तान मयंक अग्रवाल के साथ 184 रन की शानदार ओपनिग पार्टनरशिप करके कर्नाटक की पारी को संभाला। इस जोड़ी ने कर्नाटक को एक मजबूत शुरुआत दी, जब राजस्थान ने फील्डिग करने का फैसला किया तो एक मजबूत प्लेटफॉर्म तैयार किया। चल रहे 2025-26 सीजन में उनके शानदार प्रदर्शन में 147, 124 और 113 के शतक शामिल हैं, जो अलग-अलग मैदानों और परिस्थितियों में उनकी निरंतरता को दिखाता है। अपने असाधारण फॉर्म के बावजूद, पडिक्कल को हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम से बाहर कर दिया गया था, जिससे क्रिकेट जगत में हैरानी हुई। इस अनदेखी ने घरेलू क्रिकेट में दबदबा बनाने और राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए एक मजबूत दावा पेश करने के उनके दृढ़ संकल्प को और बढ़ा दिया है। पडिक्कल ने पहले 2019-20 सीजन में 11 मैचों में 609 रन बनाकर विजय हजारे चार्ट में टॉप किया था और 2020-21 में सिर्फ सात पारियों में 147.40 की औसत से 737 रन बनाकर बेंचमार्क बढ़ाया था, जिसमें चार शतक शामिल थे, जब कर्नाटक सेमीफाइनल में पहुंचा था। पडिक्कल, जिन्होंने भारत के लिए दो टेस्ट और दो टी20 में भी खेला है, 2026 इंडियन प्रीमियर लीग में आरसीबी के लिए खेलेंगे। पिछले सीजन के बीच में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर होने के बावजूद फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिटेन किया था। एक मजबूत विजय हजारे सीजन के साथ, पडिक्कल का लक्ष्य भारतीय टीम में अपनी जगह वापस पाना और अपने शानदार फॉर्म को जारी रखना होगा।

## पाकिस्तान के खिलाफ अहम टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका की टीम घोषित

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है, जो आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से पहले उनकी तैयारियों का एक महत्वपूर्ण अंतिम कदम है। विश्व कप 7 फरवरी से शुरू होगा। आईसीसी के अनुसार, दासुन शनाका की कप्तानी वाली इस टीम में अनुभव और गहराई का मिश्रण है, जिसमें कुछ ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जो टी20 विश्व कप के लिए श्रीलंका की पिछली प्रारंभिक टीम का हिस्सा नहीं थे। उनके शामिल होने से जगहों के लिए प्रतिस्पर्धा और बढ़ गई है, क्योंकि श्रीलंका वैश्विक आयोजन के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा करने से पहले विकल्पों का मूल्यांकन कर रहा है। जैसे-जैसे यह बड़ा टूर्नामेंट करीब आ रहा है, यह सीरीज श्रीलंका को कॉम्बिनेशन को बेहतर बनाने और एक अच्छी विपक्षी टीम के खिलाफ लय बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। पिछली बार जब ए दोनों टीमें रावलपिंडी में टी20 ट्राई-सीरीज के फाइनल में मिली थीं, तो पाकिस्तान विजई रहा था।

**श्रीलंका टी-20 टीम**

**दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसंका, कामिल मिशारा, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, धनंजय डी सिल्वा, चरित असालंका, जनिथ लियानागे, कामिदु मेंडिस, वानिदु हसरंगा, दुनिथ वेल्लालागे, महेश थीक्षाना, ट्रैवीन मैथ्यू, दुष्मंथा चमीरा, मथीशा पथिराना, नुवान थुशारा, ईशान मलिगा।**

## दीप्ति ने रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवाया



- **दीप्ति शर्मा के पास अब सदरलैंड के 736 से एक रेटिंग पॉइंट कम है**

**दुबई, वार्ता।** भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर तिरुवनंतपुरम में श्रीलंका के खिलाफ अपनी घरेलू सीरीज के पांचवें और आखिरी टी20 में मैच जिताने वाली पारी के बाद आईसीसी महिला टी20 बैटिग रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर आ गई हैं, जबकि दीप्ति शर्मा ने बॉलिग रैंकिंग में टॉप स्पॉट खो दिया है।

कौर की 43 गेंदों पर 68 रन की पारी ने उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिलाया और वह टॉप 10 के करीब पहुंच गई, लेकिन शर्मा एनाबेल सदरलैंड के पीछे दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं, उनका 28 रन देकर एक विकेट लेना उन्हें आगे बनाए रखने के लिए काफी नहीं था। शर्मा के पास अब सदरलैंड के 736 से एक रेटिंग पॉइंट कम है, क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई फास्ट-बॉलिग ऑलराउंडर ने नंबर 1 पोजीशन फिर से हासिल कर ली है, जो उन्होंने पहली बार अगस्त 2025 में हासिल की थी, जब पाकिस्तान की स्पिनर सादिया इकबाल ने भी उन्हें टॉप स्पॉट दे दिया था। भारत के सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप करने के बाद अमनजोत कौर सात स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त 78वें स्थान पर आ गई हैं, जबकि श्रीलंका की बैट्समैन हसिनी परेरा (31 स्थान ऊपर चढ़कर 40वें स्थान पर) और इमेशा दुलानी (77 स्थान ऊपर चढ़कर 84वें स्थान पर) ने भी फिफ्टी लगाने के बाद बढ़त हासिल की है। बॉलिग रैंकिंग में भारत की लेफ्ट आर्म स्पिनर श्री चरणी भी पांच स्थान ऊपर चढ़कर 47वें स्थान पर आ गई हैं। श्रीलंका के लिए, कविशा दिलहारी (एक स्थान ऊपर चढ़कर 32वें स्थान पर) और चामरी अथापट्टू (तीन स्थान ऊपर चढ़कर 48वें स्थान पर) को बॉलिग रैंकिंग में बढ़त मिली है।

## कर्नाटक ने राजस्थान को 150 रनों से हराया

**अहमदाबाद, वार्ता।** देवदत्त पडिक्कल की 82 गेंदों में 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 91 रन की ऐतिहासिक पारी की बदौलत कर्नाटक ने विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले में मंगलवार को गुजरात कॉलेज ग्राउंड में राजस्थान को 150 रन से हरा दिया। पडिक्कल की शानदार पारी और कप्तान मयंक अग्रवाल (100) के साथ 184 रन की शानदार ओपनिग पार्टनरशिप के दम पर कर्नाटक ने 50 ओवर में सात विकेट पर 324 रन का मजबूत स्कोर बनाया। राजस्थान की टीम विशाल लक्ष्य के जवाब में 38 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। राजस्थान की तरफ से करण लांबा ने सर्वाधिक 55 रन बनाए। तेज गेंदबाज प्रसि( कृष्णा ने आठ ओवर में 36 रन देकर पांच विकेट झटके। कर्नाटक अपनी लगातार पांचवीं जीत और 20 अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गया है। दूसरी तरफ राजस्थान को चौथी हार का सामना करना पघ और वह आठ टीमों के ग्रुप में सातवें स्थान पर है।

## अमेरिकी टेनिस लीजेंड वीनस विलियम्स ऑकलैंड में पहले दौर में हारीं

**वेलिंगटन, वार्ता।** पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 वीनस विलियम्स मंगलवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक में अपने पहले मैच में पोलैंड की मैग्डा लिनेट से तीन सेट में हार गईं। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन विलियम्स ने महिला टेनिस एसोसिएशन 250 इवेंट में वापसी करते हुए अच्छे संकेत दिखाए, जो 2 से 17 जनवरी तक चलेगा। दुनिया में 53वें नंबर पर मौजूद लिनेट ने 6-4, 4-6, 6-2 से जीत हासिल कर दूसरे राउंड में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला इटली की एलिसाबेटा कोकियारेटो से होगा। लिनेट ने कहा कि मुझे लगा कि मैं कम गलतियां कर सकती थी, खासकर इतने पावरफुल हिटर के साथ, मुझे थोड़ा और सॉलिड होने की जरूरत है। वाइल्डकार्ड एंट्री पाने वाली विलियम्स, जो 582वें नंबर पर हैं, ने कहा कि मुझे लगता है कि मेरी प्रतिद्वंद्वी ने शानदार खेला। वह निश्चित रूप से जीत की हकदार थी। 45 साल की खिलाड़ी, जो अगस्त में यूएस ओपन के बाद अपना पहला मैच खेल रही थीं, ने कहा कि इस स्टेज पर उनका मुख्य फोकस इस महीने के आखिर में होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले मैच फिटनेस और लय बनाना है। इस हार से टूर्नामेंट के कुछ बड़े नामों के लिए मुश्किल शुरुआत हुई, जब सोमवार को दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी एम्मा नवारो टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गईं।

# जो रूट ने की रिकी पोंटिंग की बराबरी

- **सचिन तेंदुलकर से बस 10 शतक दूर है जो रूट**

**सिडनी, वार्ता।** टेस्ट क्रिकेट में अब इंग्लैंड के जो रूट के 41 शतक हो चुके हैं। वह अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जहां वह रिकी पोंटिंग के साथ हैं। उनसे आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर (51) और जैक कैलिस (45) हैं। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी में 160 रन बनाकर यह उपलब्धि अपने नाम की। 2021 की शुरुआत से अब तक रूट ने कुल 24 टेस्ट शतक लगाए हैं।

इस अवधि में किसी और बल्लेबाज ने दस से ज्यादा शतक नहीं लगाए हैं। हैरी ब्रूक, केन विलियमसन, स्टीवन स्मिथ और शुभमन गिल दस दस शतकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। छह कैलेंडर वर्षों में रूट के ए 24 शतक सिर्फ पोंटिंग और मैथ्यू हेडन से पीछे हैं, जिन्होंने 2001 से 2006 के बीच 26 शतक लगाए थे। 2026 की शुरुआत हुए अभी एक हफ्ता ही हुआ है और रूट के पास पोंटिंग और हेडन का रिकॉर्ड पार करने के लिए पूरा साल है। टेस्ट क्रिकेट में रूट ने 17 बार 150 से ज्यादा का स्कोर बनाया है, जो इतिहास में पांचवां सबसे ज्यादा है। इस सूची में सचिन तेंदुलकर 20 स्कोर के साथ सबसे आगे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजों में रूट के नाम सबसे ज्यादा 150 या उससे अधिक के स्कोर हैं। एलिस्टेयर कुक इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं। अब रूट के नाम टेस्ट क्रिकेट में सात अलग-अलग देशों में 150 से ज्यादा रन का स्कोर दर्ज है। उनसे ज्यादा देशों में यह कारनामा सिर्फ तेंदुलकर और यूनुस खान ने किया है। दोनों बल्लेबाजों ने आठ देशों के खलिाफ 150 का स्कोर बनाया है। टेस्ट क्रिकेट में लगातार 50 से ज्यादा रन की पांच पारियों को रूट ने शतक में बदला है। यह सिलसिला पिछले साल लीड्स में भारत के खिलाफ चौथी पारी में बनाए गए नाबाद 53 रन से शुरू हुआ था। यह पहला मौका है जब रूट ने लगातार पांच 50 स्कोर को शतक में बदला है। इससे पहले वह 2022 और 2024 में लगातार चार अर्द्धशतकों को शतक में बदल चुके हैं। रूट इंग्लैंड के पहले बल्लेबाज भी हैं, जिन्होंने एलिस्टेयर कुक के बाद यह कारनामा किया है।

### स्टीव स्मिथ शतक लगाकर एशेज में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने मंगलवार को एक शानदार शतक लगाकर एशेज के इतिहास में अपना नाम और मजबूती से दर्ज कराया। वह इंग्लैंड के महान खिलाड़ी जैक हॉब्स को पीछे छोड़कर एशेज इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने अपना 37वां टेस्ट शतक बनाया, जब उन्होंने ट्रैविस हेड के शानदार 163 रनों की बदौलत मिली मजबूत नींव पर पारी को आगे बढ़ाया। इससे मेजबान टीम इंग्लैंड के पहली पारी के कुल स्कोर को पार करने में सफल रही और सीरीज के आखिरी टेस्ट में एक महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। इस प्रक्रिया में, स्मिथ ने हॉब्स के 3,636 एशेज रनों के आंकड़े को पार कर लिया और अब वह ऑल-टाइम लिस्ट में सर डॉन ब्रैडमैन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। 36 वर्षीय खिलाड़ी एशेज शतकों की सूची में भी दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, इंग्लैंड के खिलाफ उनके 13 शतकों से ज्यादा सिर्फ ब्रैडमैन के 19 शतक हैं। स्मिथ का एशेज का सफर 2010 में पर्थ में शुरू हुआ था, हालांकि इस मशहूर प्रतिद्वंद्विता में अपना पहला शतक लगाने में उन्हें 15 पारियां लगीं, जो 2013 में द ओवल में आया था। तब से, वह इंग्लैंड के गेंदबाजों के लिए लगातार परेशानी का सबब बने हुए हैं, उनका सबसे शानदार प्रदर्शन 2019 में इंग्लैंड में हुए एशेज के दौरान आया था, जहां उन्होंने 110-57 के शानदार औसत से 774 रन बनाए थे। सिडनी में बनाया गया शतक स्मिथ का मौजूदा सीरीज का पहला और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के तौर पर 18वां शतक था।

## शब्बीर की घातक गेंदबाजी से बिहार ने मणिपुर को दी मात

**रांची, वार्ता।** शब्बीर खान (हैट्रिक सहित 30 रन पर सात विकेट) की घातक गेंदबाजी से बिहार ने मणिपुर को विजय हजारे ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप फाइनल में मंगलवार को 112 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। मणिपुर को 47.5 ओवर में 169 रन पर ढेर करने के बाद बिहार ने 31.2 ओवर में चार विकेट पर 170 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैच शब्बीर खान ने आठ ओवर की घातक गेंदबाजी में 30 रन देकर सात विकेट झटके जबकि हिमांशु तिवारी ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। मणिपुर की तरफ से उलेनयाई ख्वैराकपम ने 61 और फिरोइजम सिंह ने 51 रन बनाए। बिहार की तरफ से आयुष लोहारुका ने 72 गेंदों में 75 रन की मैच विजई पारी खेली।

## डीकॉक-बेयरस्टो ने खेली तूफानी पारी

**सनराजर्स ने कैपिटल्स के 176/7 के स्कोर को बिना कोई विकेट गंवाए पार कर लिया**

**प्रिटोरिया, वार्ता।** बेटवे एसए20 सीजन 4 रिकॉर्ड्स का सीजन बनता जा रहा है और सोमवार शाम सेंचुरियन में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने प्रिटोरिया कैपिटल्स के खिलाफ पहली ऐतिहासिक जीत दर्ज कर इसका ताजा उदाहरण पेश किया। सनराइजर्स ने कैपिटल्स के 176/7 के स्कोर को बिना कोई विकेट गंवाए पार कर लिया, जो बेटवे एसए20 इतिहास में उनका सबसे बड़ा सफल रन-चेज है।

इस शानदार जीत के साथ ट्रिस्टन स्टब्स की टीम 17 अंकों के साथ अंकतालिका में फिर से शीर्ष पर पहुंच गई। ओपनर्स क्विटन डी कॉक (नाबाद 79 रन, 41 गेंद, 5 चौके, 6 छक्के) और जॉनी बेयरस्टो (नाबाद 85 रन, 44 गेंद, 8 चौके, 6 छक्के) ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए कैपिटल्स के गेंदबाजों को चारों ओर बिखेर दिया। डी कॉक ने पावरप्ले में लुंगी एनगिडी की गेंदों पर कवर के ऊपर लगातार दो छक्के जड़ते हुए आक्रमण की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने लिजाड विलियम्स को भी नहीं बख्शा और सनराइजर्स को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। शुरुआत में बेयरस्टो ने डी कॉक को खुलकर खेलने दिया, लेकिन जैसे ही स्पिनर केशव महाराज गेंदबाजी पर आए, उन्होंने गियर बदल दिया। पूर्व इंग्लैंड विश्व कप विजेता बेयरस्टो ने महाराज के एक ही ओवर में पांच छक्के और एक चौका लगाकर 34 रन बटोर लिए, जो अब बेटवे एसए20 इतिहास का सबसे महंगा ओवर बन गया है। प्लेयर ऑफ द मैच के लिए क्विटन डी कॉक, कॉनर एस्टरह्यूजन, एनरिच नॉर्टजे और शरफेन रदरफोर्ड दावेदार थे, जिसमें डी कॉक को फैन वोट का 91-2 प्रतिशत समर्थन मिला। इससे पहले, सनराइजर्स ने सधी हुई गेंदबाजी और बेहतरीन फील्डिंग के दम पर कैपिटल्स को औसत से कम स्कोर पर रोक दिया था। हालांकि नए ओपनर कॉनर एस्टरह्यूजन (52 रन, 33 गेंद, 6 चौके, 2 छक्के) और मध्यक्रम के विस्फोटक बल्लेबाज शरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 47 रन, 22 गेंद, 3 चौके, 4 छक्के) ने पारी को संभाला, लेकिन सनराइजर्स ने पूरे समय मुकाबले पर अपनी पकड़ बनाए रखी। एनरिख नॉर्खिए ने अपने पुराने घरेलू मैदान पर 150 किमी/घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए 3/32 के आंकड़े दर्ज किए, जबकि लुईस ग्रेगरी ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 1/18 रन दिए। एडम मिल्ने ने अंतिम से पहले ओवर में 22 रन खाने के बावजूद 2/36 के आंकड़े हासिल किए, जिसमें कैपिटल्स के नए वेस्टइंडीजी स्टार आंद्रे रसेल का अहम विकेट भी शामिल था। मैच का आकर्षण क्विटन डी कॉक का शानदार एक हाथ से लिया गया डाइविग कैच रहा।

## दिल्ली ने रेलवे को छह विकेट से पीटा

**बेंगलुरु, वार्ता।** नवदीप सैनी और आयुष बदोनी के तीन-तीन विकेटों के बाद प्रियांश आर्य की 80 रन की विस्फोटक पारी के दम पर दिल्ली ने विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में मंगलवार को रेलवे को छह विकेट से पीट दिया। दिल्ली ने रेलवे को 40.4 ओवर में 179 रन पर ढेर करने के बाद 21.4 ओवर में छह विकेट पर 182 रन बनाकर अपनी पांचवीं जीत हासिल की और 20 अंकों के साथ अंक तालिका में ग्रुप डी में शीर्ष पर पहुंच गया। प्लेयर ऑफ द मैच प्रियांश ने मात्र 41 गेंदों पर 80 रन में 12 चौके और तीन छक्के लगाए। सार्थक ने 33 व नीतीश ने नाबाद 38 रन का योगदान दिया जबकि कप्तान पंत तीन छक्कों की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले रेलवे की पारी में कुश ने सर्वाधिक 51 रन बनाए। दिल्ली की तरफ से नवदीप व आयुष ने तीन-तीन विकेट लेकर रेलवे की पारी को 179 रन पर निपटा दिया।

# वैभव सूर्यवंशी ने पंत का रिकॉर्ड तोड़ा



- **सबसे तेज भारतीय यूथ वनडे अर्द्धशतक बनाया**

**बेनोनी, वार्ता।** क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने सोमवार को विलोमूर पार्क में दक्षिण अफ्रीका अंडर 19 के खिलाफ दूसरे यूथ वनडे के दौरान यूथ वनडे इंटरनेशनल में किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रेगुलर कप्तान आयुष म्हात्रे की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी करते हुए, 14 साल के सूर्यवंशी ने पावर-हिटिग का शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 15 गेंदों में अपना हाफ सेंचुरी पूरा किया, जिससे उन्होंने सीनियर भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 18 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। युवा ओपनर आखिरकार 24 गेंदों पर शानदार 68 रन बनाकर आउट हो गए, इस पारी में क्लीन स्ट्राइकिंग का बोलबाला था।

उन्होंने 10 छक्के और सिर्फ एक चौका लगाया, जिसमें से 64 रन बाउंड्री से आए, जिससे साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों को उन्हें रोकने में मुश्किल हुई। इससे पहले, साउथ अफ्रीका अंडर19 ने पहले बैटिग करने का फैसला किया और 49.3 ओवर में 245 रन पर आउट हो गई। बाद में बारिश की रुकावट के कारण बदले हुए हालात में भारत का टारगेट 27 ओवर में 174 रन कर दिया गया। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक शुरुआत की, जिसमें ओपनर एरॉन जॉर्ज और सूर्यवंशी ने मेजबान टीम पर अटैक किया। दोनों ने सिर्फ 4.1 ओवर में टीम का पचास रन पूरा किया। जॉर्ज सबसे पहले आउट हुए, उन्होंने 19 गेंदों पर 20 रन बनाए, और भारत का स्कोर 6.1 ओवर में एक विकेट पर 67 रन था। सूर्यवंशी ने अपना अटैक जारी रखा, लेकिन 8.1 ओवर में माइकल क्रुइसकैंप ने उन्हें आउट कर दिया, और तब भारत का स्कोर 10 ओवर में दो विकेट पर 103 रन था। इसके बाद, वेदांत त्रिवेदी और अभिज्ञान कुंडू ने लक्ष्य का पीछा आसानी से खत्म किया। त्रिवेदी 31 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि कुंडू ने नाबाद 48 रन बनाकर पारी को संभाला और भारत ने बिना किसी और नुकसान के जीत हासिल कर ली। साउथ अफ्रीका अंडर19 के लिए, क्रुइसकैंप सबसे असरदार बॉलर रहे, उन्होंने दोनों भारतीय विकेट लिए और छह ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट लिए।

# पुलिस ने चलाया जागरूक अभियान

## स्कूलों में जाकर छात्राओं को साईबर ठगी व नशे के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन पुलिस नेस्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले नुकसान साइबर अपराधों के संबंध में जागरूक करते हुए ऑनलाइन साइबर ठगी से बीजा ग्रुप किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार उपाध्याय, मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान (ड्रग्स फ्री) देवभूमि मिशन को सार्थक बनाने के लिये तथा साइबर अपराधों पर रोकथाम लगाए जानने हेतु चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने के लिये जनपद के सभी कोतवाली/थानो के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को लगातार निर्देशित किया जा रहा है। जिसके क्रम में आज दिनांक दिनांक 06.01.2026 को प्रभारी



**❖जन जागरूकता से ही अपराधों व साईबर ठगी पर लगाई जा सकती है लगाम : इंस्पेक्टर**

निरीक्षक कोतवाली रुड़की द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मारवाड़ कन्या इंटर कॉलेज छावनी रूड़की में जाकर छात्र छात्राओं के साथ पुलिस पाठशाला का आयोजन कर नशे से दूर रहने एवं नशे से होने वाली घातक बीमारियों के सम्बन्ध में जागरुक किया गया एवं अपने-अपने परिजनों एवं गांव वासियों को जागरुक करने हेतु बताया गया। इसके अतिरिक्त छात्र-छात्राओं को नये कानून, महिला अपराध, बाल अपराध आदि के सम्बन्ध में जानकारी देकर वर्तमान में हो रही साईवर ठगी और साइबर अपराधों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

# 174 प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जनपद हरिद्वार में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली रुड़की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के निर्देशानुसार अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए की जा रही लगातार कार्रवाई के क्रम में पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। दिनांक 05 जनवरी 2026 को चेकिंग के दौरान कोतवाली रुड़की पुलिस ने नगला ईमरती क्षेत्र से एक युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध नशीले कैप्सूल बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पंजीकृत अभियोग: मु0अ0सं0 11/26, धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट गिरफ्तार आरोपी: नदीम पुत्र इस्माइल निवासी नगला ईमरती, थाना कोतवाली रुड़की, जनपद हरिद्वार उम्र ख 28 वर्ष है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम: उप निरीक्षक ध्वजवीर सिंह, हेड कांस्टेबल युनुस वेग, कांस्टेबल राजेश देवरानी, कांस्टेबल गोविंद सिंह शामिल रहे।

# गंगनहर पुलिस ने दबोचा सालों से फरार चल रहा गैंगस्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नए साल की शुरुआत के साथ ही हरिद्वार पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए गैंगस्टरों पर लगातार प्रहार शुरू कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के कड़े निर्देशन में आदतन अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में कोतवाली गंगनहर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गैंगस्टर मामले में फरार चल रहे एक और वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त गैंग लीडर मोनू का सक्रिय साथी बताया जा रहा है, जो लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। कोतवाली गंगनहर प्रभारी निरीक्षक मनोहर भंडारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर-खास की सूचना पर दिनांक 05 जनवरी 2026 को अभियुक्त गौरव को महादेव ढाबा, मर्दाना खेड़ा, जींद रोड, करनाल (हरियाणा) से हिरासत में लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गौरव पुत्र विजयपाल, निवासी ग्राम गोदना, थाना पुरकाजी, जिला मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इस संबंध में कोतवाली गंगनहर प्रभारी मनोहर भंडारी ने बताया कि "वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्र में सक्रिय गैंगस्टरों और उनके सहयोगियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक आशीष कुमार, कांस्टेबल राहुल एवं कांस्टेबल नितिन शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने को सीबीआई जांच की मांग को लेकर

# भगवानपुर में सड़कों पर उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर विधानसभा क्षेत्र में आज जनभावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के नेतृत्व में, क्षेत्रीय विधायक ममता राकेश एवं भगवानपुर विधानसभा प्रभारी विकास त्यागी की अगुवाई में एक विशाल जनरैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य स्पष्ट थाख्रअंकिता भंडारी हत्याकांड के दोषियों को सख्त सजा दिलाना और मामले से जुड़े वीआईपी नामों को सार्वजनिक कर ब्ठप् जांच कराना।

रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता की भारी भागीदारी देखने को मिली।ष अंकिता को न्याय दो", "ब्ठप् जांच लागू करो" जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। लोगों के आक्रोश और दर्द ने यह साफ कर दिया कि जनता अब केवल आश्वासन नहीं, न्याय चाहती है। विकास त्यागी का बड़ा और दो-टूक बयान-रैली को संबोधित करते हुए भगवानपुर विधानसभा प्रभारी विकास त्यागी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि "अंकिता भंडारी केवल एक नाम नहीं, बल्कि उत्तराखंड के हर युवा की आवाज है। जब तक इस हत्याकांड में शामिल हर आरोपी, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, सामने



नहीं आता, तब तक हम चुप नहीं बैठेंगे। ब्ठप् जांच इस मामले की जरूरत नहीं, बल्कि जनता का अधिकार है। अगर सरकार सच से भाग रही है, तो समझ लेख्रभगवानपुर की जनता सड़कों पर जवाब देना जानती है। विकास त्यागी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह लड़ाई किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि न्याय, सच और इंसाफ के लिए है, और इसे अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। हरीश रावत और ममता राकेश का समर्थन-पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि अंकिता भंडारी प्रकरण ने पूरे प्रदेश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। वहीं विधायक ममता राकेश ने जनता को आश्वस्त किया कि वे विधानसभा से सड़क तक इस मुद्दे को पूरी ताकत से उठाती रहेंगी। भगवानपुर की यह रैली केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता के आक्रोश और न्याय की मांग का प्रतीक बनकर उभरी। अब निगाहें सरकार के अगले कदम पर टिकी हैंख्रक्या जनता की आवाज सुनी जाएगी या यह आंदोलन और तेज होगा?

# सेना पर अशोभनीय टिप्पणी करने वाला दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने सेना के प्रति अशोभनीय टिप्पणी करने के मामले में एक युवक के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि 5 जनवरी को आयान निवासी वार्ड एक ने सेना के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने युवक के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए शांतिभंग में उसे गिरफ्तार किया। युवक को न्यायालय में पेश प्रस्तुत किया गया।उन्होंने कहा कि सार्वजनिक व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस प्रकार के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तहसील दिवस में सीडीओ ने सुनी जन समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर में आज तहसील दिवस का आयोजन किया गया है जिसमें 65 शिकायत आई 32 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्सर में आज तहसील दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज तहसील दिवस में कुल 65 शिकायत आई हैं जिनमे नाला जमीन की पैमाइश एवं अन्य शिकायत में 32 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया है उन्होंने कहा बाकी बची हुई शिकायत संबंधित विभाग के अधिकारियों को टाइम बाउंड के अंदर निस्तारण के लिए भेज दी गई है उन्होंने यह भी कहा कि सभी को मौके पर जाकर लोगों की जन समस्याओं को अगले तहसील दिवस तक निस्तारण कर देनी चाहिए जिससे उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी ने भी संबंधित जन समस्या का निस्तारण नहीं किया तो उसके खिलाफ नियम



अनुसार आगे कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# भाजपाइयों ने फूंका कांग्रेस का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे सवालों के विरोध में लंढौरा में भाजपाईयों ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेताओं पर अंकिता हत्याकांड को लेकर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया।

मंगलवार को लंढौरा बस स्टैंड पर इकट्ठा हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंकिता हत्याकांड को लेकर कांग्रेस नेताओं पर राज्य का माहौल खराब करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष भीमसिंह ने कहा कि कांग्रेस सत्ता से बाहर होने तथा हर मोर्चे पर असफल होने के बाद अब जनता को भ्रमित करने की राजनीति कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि कांग्रेस के पास अंकिता हत्याकांड को लेकर भाजपा नेताओं पर लगाए आरोपों से जुड़े ठोस तथ्य हैं, तो उन्हें पुलिस या हाईकोर्ट के समक्ष लिखित रूप में क्यों नहीं प्रस्तुत किया जाता। केवल आरोप-प्रत्यारोप से न्याय की प्रक्रिया को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार की बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस बौखलाई हुई है और इसी हताशा में वह एक दिवंगत बेटी के नाम को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है। पुतला फूंकने वालों में अशोक कुमार पांडे, नवाब, चौधरी चरण सिंह, शिवा चौधरी, रामनाथ सैनी, राहुल चौधरी, मोनू, शमशाद, रहीसुल हसन, तेजपाल, पहल सिंह, दौलत सैनी, रविपाल, तय्यब, शौकिन प्रधान, सुनील सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर 01 अभियुक्त को धारा 170 में गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार रुड़की पुलिस कर्म0गण हे0का0 दिनेश गुप्ता व होमगार्ड सतेंद्र चेतक गस्त बीट क्षेत्र में मामूर थे। जब हम पुलिस कर्म गण ग्राम शेरपुर में अगस्त करते हुए पहुंचे तो शिवकुमार पुत्र स्वर्ग वीरेंद्र कुमार निवासी ग्राम शेरपुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार अपनी पत्नी के साथ लड़ाई करने पर आमदा प्रसाद हो रहा था जिसे समझने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं माना जिसे अंतर्गत धारा 170 मैं गिरफ्तार किया गया अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

## नाबालिग किशोरी के अपहरण मामले में फरार आरोपी को

# मंगलौर पुलिस ने चंद घंटों में किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली मंगलौर पुलिस ने नाबालिग किशोरी के अपहरण के मामले में फरार चल रहे आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। कहा कि ऐसे अपराधों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली मंगलौर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति द्वारा अपनी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में तहरीर दी गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 137/65 बीएनएस एवं पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने कुशल सुरागरसी करते हुए घटना के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अपहृत किशोरी की बरामदगी के बाद पोक्सो एक्ट की धाराओं में बढ़ोतरी की गई है। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुलशान उर्फ गजनी पुत्र फरीद, निवासी लंढौरा के रूप में हुई है। वहीं दूसरी ओर इस संबंध में कोतवाली प्रभारी



अमरजीत सिंह ने बताया कि "नाबालिगों से संबंधित मामलों में पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई कर रही है। त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। ऐसे अपराधों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में महिला उपनिरीक्षक सीमा, कांस्टेबल विनोद एवं कांस्टेबल संजय शामिल रहे।

# पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथान कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त वारंट आदेशिकाओं को शत प्रतिशत तामिल करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया जिसका नाम विजेंद्र पुत्र भगीरथ निवासी संतोषी माता मंदिर के पास मिल्कयान मोहल्ला थाना स्योहारा जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश उम्र 32 वर्ष बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत कांस्टेबल महेंद्र चौहान अनिल वर्मा शामिल रहे।

# बाजार में सामान लेने गए युवक पर हमला, चार पर मुकदमा

**खानपुर।** हस्तमौली स्थित नेशनल कन्या इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के शिविर के छठे दिन स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों को डिजिटल तकनीक के प्रति जागरूक किया। इस दौरान ग्रामीणों को स्मार्ट फोन, कंप्यूटर, इंटरनेट और ऑनलाइन लेन-देन की विस्तृत जानकारी दी गई। स्वयंसेवियों ने डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। कैंप कमांडर राधिका और टोली नायिकाओं खुशी, दीपांशी, नौरती, अवनी, अंशिका भारद्वाज, मुस्कान और कामनी के नेतृत्व में हस्तमौली व आसपास के क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता रैली भी निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों को डिजिटल जागरूकता से जुड़े संदेश दिए गए। अमृता, वंशिका, सारिका, प्रिया, वर्षा, पूजा और प्राची द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मुख्तार सिंह, गुरप्रीत कौर, पलविंदर कौर, मनदीप कौर, कवल कौर, उपासना, काजल, प्रियम, मुस्कान, नीशू और कंचन द्वारा किया गया।

## चौ. भरत सिंह डीएवी कॉलेज की एनएसएस छात्रों ने निकाली

# बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** चौधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम साबतवाली में लगाए गए शिविर के छठे दिवस मंगलवार को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अभियान के तहत गांव में रैली निकाल कर स्लोगन के माध्यम से ग्राम वासियों को जागरूक करने का काम किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि शिविर के छठे दिन मंगलवार को दिन का शुभारंभ योगासन परायाणाम व लक्ष्य गीत के साथ किया गया। बाद में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को साकार करने के लिए पूरे गांव में स्वयंसेवियो द्वारा रैली निकाल कर ग्राम वासियों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर कॉलेज अध्यापिका अंजलि सैनी ने कहा कि वर्तमान में बेटियां बेटों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। क्रिकेट के मैदान से लेकर राजनीति तथा देश की सेवा करने के लिए पुलिस से लेकर सेना तक में अपना योगदान देकर भागीदारी निभा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षित बेटा अपने एक ही परिवार का विकास करता है जबकि शिक्षित बेटी मायके व ससुराल दो परिवारों का विकास




करने के साथ-साथ अच्छे संस्कार प्रदान करती है। उन्होंने ग्राम वासियों से कहा कि बेटी के विवाह शादी में लाखों रुपए खर्च करने के बजाय उन्हें बेटी को उच्च शिक्षा देने में लगाने चाहिए। इस अवसर पर ओमपाल सिंह प्रदीप कुमार सुमित कुमार निधि चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## बीएसएम इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई ने खंजरपुर में दी

# लोकतंत्र की मजबूती व यातायात नियमों की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इंटर कॉलेज, रुड़की की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम खंजरपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत आज स्वयंसेवकों ने सामाजिक जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। आज का दिन ष्मतदाता जागरूकताष और ष्यातायात सुरक्षाष जैसे गंभीर विषयों को समर्पित रहा।

प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा पूरे गांव में एक विशाल मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को संदेश दिया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक वोट कीमती है। स्वयंसेवकों ने युवाओं और बुजुर्गों को निर्भीक होकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया। शिविर के द्वितीय बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में यातायात पुलिस के अधिकारी सुनील सती ने शिरकत की। पुलिस विभाग के प्रतिनिधियों ने स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। हेलमेट का महत्व, सीट बेल्ट का प्रयोग, ओवरस्पीडिंग के खतरे और सड़क पर दुर्घटना के समय 'नेक नागरिक' (ळववक ँउंतपजंद) बनकर दूसरों की मदद करने के बारे में बताया गया। शिविर के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने यातायात नियमों का पालन करने और समाज को जागरूक करने की शपथ ली। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधानाचार्य कैप्टन अजय



कौशिक, कार्यक्रम अधिकारी श्री जितेश कुमार के दिशा-निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के उपप्रधानाचार्य श्री अमित कपिल, परीक्षा प्रभारी डॉ अभय ढौंडियाल, विकास गौतम, विशेष कुमार, मोहित कुमार,शैलेन्द्र पंत, देवराज, संजय और स्वयंसेवियों में अजय, आनंद, फराज, जुनैद, बिलाल, कैफ, अरमान, वंश, नितेश,प्रिंस,आर्यन, रुद्रवीर, अंशुल उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

बुधवार, 7 जनवरी 2026

## ड्राफ्ट मतदाता सूची

मंगलवार को अपनी तय तारीख 6 जनवरी के अनुसार चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची जारी की। सूची से दो करोड़ 89 लाख हटा दिए जाने की बात सामने आई है। इस तरह यूपी में 15 करोड़ 44 लाख से घटकर अब मतदाताओं की संख्या 12 करोड़ 56 लाख रह गई है। लोक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि 27 अक्टूबर 2025 से पहले की दौर की मतदाता सूची को जब फ्रीज किया गया था, उस समय उत्तर प्रदेश में कुल 15 करोड़ 44 लाख 392 मतदाता पंजीकृत थे, इसके बाद ही 4 नवंबर 2025 से गणना शुरू होकर 26.12.25 तक चली और इस दौरान मतदाताओं से 12 करोड़ 55 लाख गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जो कुल मतदाताओं का 81.30 प्रतिशत था। मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा ने राजनीतिक दलों की भी इस बात को लेकर प्रशंसा की कि उन्होंने इस प्रक्रिया में अपना पूरा सहयोग दिया और उप्र के तमाम 75 जिलों में राजनीतिक दलों के साथ बैठकें की गई और अब तक 1546 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। अब 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक दावा/आपत्ति की अवधि निर्धारित की गई है। इस अवधि में पात्र मतदाता फार्म 6, 7 व 8 के माध्यम से नाम जोड़ने, संशोधन कराने या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है उन्हें बीएलओ के माध्यम से नोटिस भेजे जाएंगे और वे माता-पिता का नाम सहित विवरण सही करा सकेंगे। अब तक इस तरह 15 लाख 78 हजार 423 फार्म छह प्राप्त हो चुके हैं। मतदाताओं को असुविधा न हो, बूथों की संख्या बढ़ाने की व्यवस्था भी की गई है अब 1500 से 1200 वोटर्स के हिसाब से पोलिंग बूथों को तर्कसंगत बनाया गया है। इस तरह अब राज्य में 15030 के लगभग नए बूथ जोड़े गए हैं। इस मतदाता सूची में जो मतदाता ट्रेस नहीं हो सके, उसकी बड़ी संख्या है। यह संख्या 79 लाख 52 हजार 190 बताई गई है। जोकि वास्तव में बड़ी संख्या है। यूं तो एसआईआर की प्रक्रिया इस दावे के साथ चलाई गई है कि इसका काम पात्र लोगों को वोट के लिए जोड़ना है और साथ ही मृत व्यक्ति या जो अन्य स्थान पर शिफ्ट हो चुके हैं या जिनके नाम डबल हैं, उनको हटाकर सूची को सही आकार देना है। जोकि अच्छी बात है, लेकिन चुनाव आयोग को यह भी ध्यान रखना होगा कि ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जो एसआईआर प्रक्रिया को संदेह की नजर से देखते हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि ऐसे लोगों में देश के लगभग तमाम विपक्षी राजनीतिक दल शामिल हैं। उनकी शंकाओं को दूर करना भी चुनाव आयोग का काम होगा, क्योंकि कोई भी प्रक्रिया तभी पूर्णत: सफल मानी जाती है जिसमें असहमति की संभावना कम हो। यूं भी लोकतंत्र में हठधर्मी के लिए कोई जगह नहीं है। संभवत: भारत के इतिहास में पहला अवसर है जब चुनाव प्रक्रिया में नाम जुड़ने के बजाए नाम कटने की बात सामने आई है।

### एलिजिबल वोटर्स को मरा बताया जा रहा



चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में चल रही एसआईआर प्रक्रिया में भाजपा की आईटी सेल के बनाए मोबाइल एप्स का इस्तेमाल कर रहा है, चुनाव आयोग एसआईआर करने के लिए हर तरह के गलत कदम उठा रहा है, यह एलिजिबल वोटर्स को मरा हुआ बता रहा है और बुजुर्ग और बीमार लोगों को सुनवाई में आने के लिए मजबूर कर रहा है, चुनाव आयोग वाट्सऐप पर चलाया जा रहा है, लोग एसआईआर में हिस्सा लेते समय सावधान रहें, उन लोगों की मदद करनी चाहिए, जिन्हें मदद की जरूरत है, उन्हें मेरा साथ देने की जरूरत नहीं है, सिर्फ उनका साथ दें, जो इस काम की वजह से मुश्किल में हैं।

-ममता बनजी
सीएम, पश्चिम बंगाल

## पीएम ने जाना पिपरहवा का महत्व स्थानीय जनप्रतिनिधि कब जानेंगे



यशोदा श्रीवास्तव

निश्चित ही सिद्धार्थनगर जिले का पिपर. हवा विश्व प्रसिद्ध बौद्ध स्थल है। अस्तित्व में आने के बाद इस स्थल के विकास की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया, लिहाजा यह नेपाल के लुंबिनी जैसा विकास नहीं कर सका। बता दें कि पिपरहवा जिसे शुद्धोधन की राजधानी कपिलवस्तु के रूप में पहचाना गया, उसे गौतम बुद्ध की क्रीड़ा स्थली भी कहते हैं जबकि लुंबिनी गौतम बुद्ध की जन्मस्थली है। आज पिपरहवा की चर्चा इसलिए है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं इस स्थल के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला है। हाल ही नई दिल्ली स्थित किला राय पिथौरा कल्चर कांप्लेक्स में द लाइट एंड लोटस रेलिक्स आफ द अवेकंड वन प्रदर्शनी के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कहा कि यहां जो बुद्ध अवशेष रखे गए हैं वह 1898 में पिपरहवा में मिले थे। इस अवशेष को अंग्रेज जमींदार अपने साथ ले गए थे। 2025 में हांगकांग में इसकी नीलामी होने जा रही थी जिसे केंद्र सरकार और गोदरेज ग्रुप के हस्तक्षेप से बचाया गया। इसके लिए कई कानूनी नोटिसें दी गई थी। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अभी कुछ महीने पहले इसे भारत लाया जा सका जिसका दर्शन आज सुलभ हो पा रहा है।

पिपरहवा (कपिलवस्तु) दुनिया के दो तिहाई बुद्धिष्ट देशों के आस्था का केंद्र भी है। यहां की पवित्र मिट्टी लंका सहित कई बुद्धिष्ट देशों के राष्ट्राध्यक्ष न केवल अपने माथे पर लगाए, साथ भी ले गए। करीब 40 साल पूर्व जब सिद्धार्थनगर बस्ती जिले के उत्तरी हिस्से में स्थित नौगढ़ नाम का तहसील था, तब यहां बुद्धिष्टों का रेला लगा रहता था। प्रतिदिन यहां रेलवे स्टेशन पर विदेशी बुद्ध तीर्थ यात्रियों का एक बोगी मौजूद रहता था। वे पहले पिपरहवा बुद्ध स्तूप का दर्शन करते थे फिर यहीं से ककरहवा बार्डर से नेपाल में बुद्ध की जन्म स्थली लुंबिनी जाते थे। यह बीते दिनों की बात है। आज इस एतिहासिक स्थल का हाल यह है कि शायद ही कोई भूला भटका विदेशी बुद्धिष्ट यहां आता हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस पवित्र भाव से पिपरहवा का बखान किया, स्थानीय जनप्रतिनिधि इससे नावाकिफ है। भगवान बुद्ध यहां अपने जीवन के 29 साल बिताए। इस नाते इस स्थल को बुद्ध की क्रीड़ा स्थली भी कहा जाता है। काश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस पवित्र भाव से पिपरहवा को समझ पाए, यहां के जनप्रतिनिधि भी समझ पाए होते तो आज पिपरहवा भी नेपाल के लुंबिनी जैसा विक. सित होकर भारतीय अर्थव्यवस्था में थोड़ा बहुत हिस्सेदारी जरूर निभा रहा होता। पूर्वी यूपी के जिला सिद्धार्थनगर की शिनाख्त गौतम बुद्ध से है। उनका बचपन का नाम सिद्धार्थ था। तीन दशक पूर्व बस्ती जिले के उत्तर स्थित नौगढ़ तहसील को अलग कर सिद्धार्थ के नाम से सिद्धार्थनगर जिले का सृजन हुआ है। जिला मुख्यालय से बीस किलोमीटर उत्तर की ओर स्थित पिपरहवा नामक स्थान को गौतम बुद्ध के पिता राजा शुद्धोधन की राजधानी के रूप में चिह्नित किया गया। यहां के स्तूप और अवशेष प्राचीन कालीन इस राजमहल के खंडहर जैसे आज भी विद्यमान है। यहां से 16 किमी आगे उत्तर तरफ नेपाल में लुंबिनी स्थित है। लुंबिनी की शिनाख्त गौतमबुद्ध के जन्म स्थली के रूप में है। सिद्धार्थनगर के गौतम बुद्ध के स्थली के रूप में चिह्नित होने के बाद यहां अपेक्षित विकास नहीं हो पाया। पिपरहवा के खंडहरनुमा स्तूप को संरक्षित कर इसी के समीप सौ एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर कपिलवस्तु के विकास की तमाम योजनाएं बनीं जरूर लेकिन राजनीतिक कारणों से यह मूर्त रूप नहीं ले पाई। 1980 में कांग्रेस शासन में केंद्र सरकार ने कपिलवस्तु विकास महायोजना तैयार की थी जिसके तहत जमीनें अधिकृत कर विकास की ढेर सारी योजनाएं बनीं थी। इसके लिए प्रारंभिक बजट में 80 लाख रूपए भी जारी किए गए थे। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इसमें रुचि ही नहीं दिखाई लिहाजा यह योजना फाइलों में दफन होकर रह गई। आगे चलकर प्रदेश के विभिन्न सरकारों में यहां जरूर कुछ न कुछ निर्माण कार्य हुए लेकिन वे इस लायक नहीं हैं कि बुद्धिषटों और टूरिस्टों को आकर्षित कर सके। मायावती ने अपने शासनकाल में यहां हवाई पट्टी तक बनाने की घोषणा की थी। स्थानीय स्तर पर यदि इसके विकास के बारे में किसी ने सोचा तो वह स्वर्गीय धनराज यादव थे जो भाजपा के कई बार के विधायक और मंत्री रहे हैं। अखिलेश यादव ने अपनी सरकार में यहां सिद्धार्थ विश्व. विद्यालय के रूप में बड़ी सौगात दी। इस विश्व. विद्यालय की स्थापना से यहां जरूर चहल पहल बढ़ गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिपरहवा के महत्व को समझने के बाद लोगों को उम्मीद है कि यदि स्थानीय जनप्रतिनिधि जरा भी ध्यान दें तो पिपरहवा का विकास लुंबिनी सरीखे हो सकता है जहां बुद्ध अनुयाई वाले देश भी अपना योगदान देने में रुचि लें।इसके लिए लोगों को स्थानीय सांसद जगदंबिका पाल से काफी उम्मीदें हैं। बुद्ध के अवशेष को हांगकांग से वापस भारत आने के बाद उन्होंने उसे पिपरहवा में वापस लाने की बात कही है।







**जिला मुख्यालय से बीस किलोमीटर उत्तर की ओर स्थित पिपरहवा नामक स्थान को गौतम बुद्ध के पिता राजा शुद्धोधन की राजधानी के रूप में चिह्नित किया गया। यहां के स्तूप और अवशेष प्राचीन कालीन इस राजमहल के खंडहर जैसे आज भी विद्यमान है। यहां से १६ किमी आगे उत्तर तरफ नेपाल में लुंबिनी स्थित है। लुंबिनी की शिनाख्त गौतमबुद्ध के जन्म स्थली के रूप में है। सिद्धार्थनगर के गौतम बुद्ध के स्थली के रूप में चिह्नित होने के बाद यहां अपेक्षित विकास नहीं हो पाया।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## सामाजिक बदलाव में मां-बाप की सुध लेना जरूरी

**दरअसल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े 2007 के कानून में बदलाव की पहल तब की, जब समाज में बुजुर्गों की अनदेखी व दुर्व्यवहार के मामले तेजी से बढ़े हैं। दरअसल, नए विधेयक में इससे जुड़े कानून की व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, मंत्रालय ने कानून में बदलाव की पहल वर्ष 2019 में कर दी थी। इसी साल लोकसभा में एक विधेयक भी पेश किया गया था। इसके व्यापक पहलुओं की पड़ताल के लिए विधेयक को बाद में संसदीय समिति के पास भेज गया था। संसदीय समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने एक बार फिर एक विधेयक को संसद में पेश किया था। लेकिन वह पारित नहीं हो पाया था।**

यह विडंबना है कि हमारे सामाजिक ताने-बाने में तेजी से आए बदलाव के बीच वृद्ध माता-पिता की देखभाल की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। अदालतों में गुजारा-भत्ते से जुड़े विवाद बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार वृद्ध माता-पिता की देखभाल के लिए बाध्य करने वाले 2007 के कानून में बदलाव लाकर, इसका दायरा बढ़ाने के मकसद से नए कानून लाने की तैयारी में है। माता-पिता और बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े वर्षों पुराने कानून को प्रभावी व व्यावहारिक बनाने की कोशिश है। पहले वृद्ध माता-पिता अपनी संतानों से दस हजार रूपए तक का गुजारा भत्ता पाने के हकदार थे। बताया जा रहा है कि नए विधेयक के अनुसार अब माता-पिता का गुजारा भत्ता बच्चों की आर्थिक हैसियत से तय होगा। वहीं बच्चों के साथ कटुता कम करने के प्रयासों में माता-पिता व बुजुर्गों को त्यागने अथवा दुर्व्यवहार पर बच्चों को दी जाने वाली सजा में कमी करने की तैयारी है। सामाजिक संगठनों से विमर्श में यह बात सामने आई थी कि लंबी सजा से माता-पिता और बच्चों के संबंधों में ज्यादा खटास बढ़ती है। कहा जा रहा है कि सरकार बजट सत्र में इस विधेयक को पेश कर सकती है। दरअसल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े 2007 के कानून में बदलाव की पहल तब की, जब समाज में बुजुर्गों की अनदेखी व दुर्व्यवहार के मामले तेजी से बढ़े हैं। दरअसल, नए विधेयक में इससे जुड़े कानून की व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, मंत्रालय ने कानून में बदलाव की पहल वर्ष 2019 में कर दी थी। इसी साल लोकसभा में एक विधेयक भी पेश किया गया था। इसके व्यापक पहलुओं की पड़ताल के लिए विधेयक को बाद में संसदीय समिति के पास भेज गया था। संसदीय समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने एक बार फिर एक विधेयक को संसद में पेश किया था। लेकिन वह पारित नहीं हो पाया था। कालांतर 17वीं लोकसभा का कार्यकाल खत्म होने के कारण विधेयक निष्प्रभावी हो गया था। जिसके बाद अब सरकार नए सिरे से इस विधेयक को संसद में लाने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि इस विधेयक में कई नए प्रावधानों को जोड़ा गया है। एक ओर जहां गुजारा भत्ते के सीमित दायरे को खत्म किए जाने का प्रावधान है, वहीं विगत में आए बच्चों की सजा बढ़ाने के प्रस्ताव को टाला गया है। अब इसे सिर्फ प्रतीकात्मक तौर पर ही रखा जाएगा। वहीं गुजारा भत्ता देने की जवाबदेही का विस्तार करते हुए अब पात्र बच्चों के दायरे में दामाद, पुत्रवधु, नाती-पोते, पोती-नातिन व अल्पवयस्क बच्चों के विधिक अभिभावकों को भी शामिल किया गया है। अब तक इस जवाबदेही के दायरे में बेटा-बेटी व दत्तक बेटा-बेटी ही शामिल थे। इसके अलावा विधेयक में प्रत्एक जिले में बुजुर्गों की गणना, मेडिकल सुविधाओं से लैस वृद्ध आश्रम व जिला स्तर पर एक सेल गठित करने जैसे प्रावधान हैं।



...साभार डीटी

## जरूरत से ज्यादा ईयरफोन का इस्तेमाल कान व दिमाग के लिए खतरा

ब्ल्यूटुथ डिवाइस ने हमारे काम को आसान बनाया है, लेकिन इससे कनेक्ट होने वाले ईयरफोन, ईयरपोड या हैडफोन के रोजाना देर तक इस्तेमाल करने पर कान के ऑडिटरी हियरिंग मैकेनिज्म पर असर पड़ता हैं और हियरिंग लॉस का कारण बनता है। इसी विषय पर दिल्ली स्थित एक नामी अस्पताल में ईएनटी डिपार्टमेंट में एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. नेहा सूद से रजनी अरोड़ा की बातचीत। हाल ही में देश की एक मशहूर प्लेबैक सिंगर की खबर ने सबको चौंका दिया है। वायरल अटैक की वजह से उन्हें सुनाई देना बंद हो गया है। यानी वो सडन रेयर सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस बीमारी से जूझ रही हैं। डाक्टरों का मानना है कि इसके पीछे एक बड़ा कारण तेज आवाज वाले वातावरण में रहना या कान में हैडफोन या ईयरफोन पर लाउड म्यूजिक सुनना भी है। वायरलेस ब्ल्यूटुथ डिवाइस के बढ़ते क्रेज ने भले ही हमारे काम को आसान बनाया है, लेकिन यह हमारी सेहत को नुकसान भी पहुंचा रहा है। दरअसल ब्ल्यूटुथ से कनेक्ट होने वाले ईयरफोन, ईयरपोड या हैडफोन से इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडियो फीक्वेंसी रेडिएशन निकलती हैं। जो डिवाइस के रोजाना लंबे समय तक इस्तेमाल करने पर कान के ऑडिटरी हियरिंग मैकेनिज्म को प्रभावित करती हैं और हियरिंग लॉस का कारण बनती हैं। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के हिसाब से दुनिया भर में 10 में से 2 लोग सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस से पीड़ित हैं। हाई इंटेंसिटी साउंड एक्सपोजर होने पर कई बार कान के अंदरूनी और अहम हिस्से कॉक्लिया में मौजूद हेयर-सेल या ऑडिटरी नर्व डैमेज हो जाते हैं जिससे व्यक्ति की सुनने की क्षमता पर असर पडता है। यह एक्सपोजर दो स्थितियों में होता है- पहला जब कान को ब्ल्यूटुथ डिवाइस के माध्यम से हाई इंटेंसिटी साउंड एक्सपोजर कई घंटे लगातार मिलता रहता है जैसे म्यूजिक सुनना, मोबाइल देर तक सुनना, म्यूजिक कंपोजिशन, डीजे शो, माइनिंग या कारखानों में काम करने के दौरान। दूसरी स्थिति कान को हाई इंटेंसिटी साउंड एक्सपोजर एकाएक मिलने पर होती जैसे बमबारी, आतिशबाजी। कई मामलों में व्यक्ति को केवल एक कान में यानी यूनिलेटरल हियरिंग लॉस ही होता है। लगातार ईयरपोड के इस्तेमाल से कई बार केवल डोमिनेट-ईयर ज्यादा डैमेज होता है। आमतौर पर यूनिलेटरल हियरिंग लॉस वाले मरीज डॉक्टर को बहुत देर से कंसल्ट करते हैं। तब तक उसका दूसरा कान भी प्रभावित हो सकता है। व्यक्ति दिन में लगातार 6 घंटे से ज्यादा देर तक लगातार ईयर डिवाइस का उपयोग करता है, तो आगे चलकर उसे भी हियरिंग समस्या हो सकती है। आमतौर पर म्यूजिक का तेज वॉल्यूम 75-80 डेसिबल माना जाता है। लेकिन ब्ल्यूटुथ डिवाइस पर सुनने पर यह वॉल्यूम खुद-ब-खुद बढ़कर करीब 110 डेसिबल हो जाता है। जैसे-जैसे डेसिबल बढ़ते हैं, सेफ लिस्निंग टाइम कम होता जाता है। सीडीसी, अमेरिका के मुता. बिक ईयरफोन डिवाइस पर 40-60 डेसिबल तक की साउंड नॉर्मल है। साउंड एक्सपोजर 85 डेसिबल के ऊपर होने पर हियरिंग लॉस का खतरा बढ़ जाता है। रोजाना ईयरफोन पर 90 डेसिबल का साउंड आधे घंटे और 100 डेसिबल से ज्यादा लेवल का साउंड 15 मिनट सुनने से व्यक्ति 5 साल में सुनने की क्षमता खो सकता है। जबकि हाई इंटेंसिटी साउंड यानी 120 डेसिबल से ज्यादा होने पर कुछ सेकंड में ही हियरिंग लॉस हो सकता है। हाई इंटेंसिटी साउंड से होने वाला हियरिंग लॉस लाइलाज, स्थाई होता है। शुरुआत में टेम्परेरी होता है जो दो-चार दिन में ठीक हो सकता है। कुछ मामलों में मरीज को टिनिटस समस्या होती है यानी कान में लगातार सीटी या बीप साउंड, सांय-सांय जैसी आवाजें आती हैं। लेकिन यह धीरे-धीरे बढ़ता रहता है और कॉक्लिया के हेयर-सेल डैमेज करता रहता है व लाइलाज हियरिंग लॉस हो जाता है। हियरिंग लॉस के शुरुआती लक्षणों से व्यक्ति पहचान सकता है। बिना देरी ईएनटी डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए। 2 फुट की दूरी की आवाज सुनने में दिक्कत आना। दूसरों की बात समझने में मुश्किल, टीवी देखते हुए वॉल्यूम दूसरों की अपेक्षा ज्यादा करना पड़े। कान में एब्नॉर्मल साउंड आना शुरू हो जैसे- रिंगिंग साउंड, सीटी या बीप साउंड। इनके अलावा ऑडिटरी नर्व डैमेज होने के साथ कई समस्याएं होने लगती हैं- कुछ आवाजें या गाने की कुछ बीट्स सुनाई न देना, कान में खुजली, दर्द, कान बहना, कान के अंदर सीटी की आवाजें या बाहर की आवाजें गूंजना, बॉडी बैलेंस बिगड़ना। डॉक्टर सबसे पहले कान का नॉर्मल एग्जामिन करते हैं। हियरिंग लेवल का पता लगाने के लिए ऑडियोमेट्री टेस्ट किया जाता है-हियरिंग लॉस 10-20 प्रतिशत के बीच में है, तो वह नॉर्मल है। 20-40 प्रतिशत हियरिंग लॉस को माइल्ड , 40-60 प्रतिशत को मॉडरेट हियरिंग लॉस और 60-80 प्रतिशत को सीवियर और 80 प्रतिशत से अधिक को गंभीर हियरिंग लॉस माना जाता है। उपचार हियरिंग लेवल के आधार पर तय किया जाता है- माइल्ड से मॉडरेट हियरिंग लॉस में हियरिंग एड या एम्प्लीफायर डिवाइस सहायक हो सकते हैं। सीवियर लॉस में कॉक्लिया इम्प्लांट सर्जरी की जाती है। एक कान में हियरिंग लॉस पर बोन एंकर्ड हियरिंग एड लगाया जाता है। कुछ बातों का ध्यान रखकर हियरिंग लॉस से बचा जा सकता है- पहली, ब्ल्यूटुथ डिवाइस लगाएं तो 60/60 रूल फॉलो करें। यानी डिवाइस वॉल्यूम 60 डेसिबल से ज्यादा न हो और एकसाथ 60 मिनट से ज्यादा इस्तेमाल न करें। जरूरी हो तो 30 मिनट के बाद 5 मिनट और 60 मिनट के बाद 10 मिनट का ब्रेक जरूर लें। वहीं साउंड मिनिमम इंटेंसिटी पर इस्तेमाल करें। ईयरबड के बजाय कान के ऊपर वाला हेडफोन इस्तेमाल करें। सॉफ्ट टिप वाले ईयरफोन लें। यथासंभव नॉयस-केंसेलेशन वाली डिवाइस लें। ब्ल्यूटुथ डिवाइस पर दिए गए राइट और लेफ्ट मार्क का ध्यान रखें और सही कान में लगाएं। म्यूजिक ऐप डाउनलोड कर उसमें एक्यूलाइजर इस्तेमाल करें। शोरगुल वाले इलाके या कार्यस्थल पर जाने से पहले कान में नॉयस-प्रोटेक्टर जरूर लगाएं। हाई रिस्क कैटेगरी वाले व्यक्ति 6 महीने में ऑडिटरी स्क्रीनिंग-ऑडियोमेट्री टेस्ट कराएं।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी कोर्ट में मादुरो बोले: मुझे किडनैप किया गया

## आरोपों से इन्कार, गिरफ्तारी को अवैध बताया, विपक्षी नेता मारिया जल्द वेनेजुएला लौटेंगी



■ मैं एक सम्मानित व्यक्ति हूं और अब भी अपने देश का राष्ट्रपति हूं: मादुरो
■ मादुरो के वकीलों ने अमेरिकी कार्रवाई को सैन्य अपहरण बताया है

**न्यूयार्क।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सोमवार रात न्यूयार्क की फेडरल कोर्ट में पेश किया गया। उन्होंने कोर्ट में अपने खिलाफ लगे ड्रग्स और हथियार तस्करी से जुड़े सभी आरोपों से इन्कार किया। मादुरो ने अदालत में अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताया और कहा कि मुझे किडनैप किया गया है। पहली सुनवाई में मादुरो ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि मैं अपराधी नहीं हूं।

मैं एक सम्मानित व्यक्ति हूं और अब भी अपने देश का राष्ट्रपति हूं। मादुरो के वकीलों ने अमेरिकी कार्रवाई को सैन्य अपहरण बताया है। उन्होंने कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून और कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन है। अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी। दूसरी तरफ वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो ने ऐलान किया है कि वे जल्द ही देश वापस लौटेंगीं। मचाडो ने दावा किया कि अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को वेनेजुएला की जनता का समर्थन नहीं है और देश की जनता विपक्ष के साथ है। अमेरिकी ड्रग एजेंसी की टीम मादुरो को अदालत में पेश करने के लिए हेलिकाप्टर से न्यूयार्क लेकर आई। मादुरो की पत्नी सीलिया फ्लोरेस भी अदालत में पेश हुईं। उनके चेहरे पर चोट के निशान और पट्टी बंधी थी। उन्होंने खुद को वेनेजुएला की प्रथम महिला बताया और सभी आरोपों से इन्कार किया। मादुरो और उनके सहयोगियों पर नशा तस्करों और आतंकी गिरोहों के साथ मिलकर अमेरिका में कोकीन पहुंचाने की साजिश रचने का आरोप है। मादुरो पर मशीनगन रखने का भी आरोप है, जिसके लिए लंबी सजा हो सकती है। चार्जशीट में मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा, गृह मंत्री डियोसडाडो काबेलो और कुख्यात गैंग 'त्रेन दे अरागुआ' के सरगना हेक्टर गुरेरो फ्लोरेस का नाम भी शामिल है। अमेरिका इस गैंग को विदेशी आतंकी संगठन मानता है। सुनवाई के दौरान मादुरो के पैरों में बेड़ियां लगी हुई थीं। वह और उनकी पत्नी एक ही मेज पर बैठे थे और दोनों ने हेडफोन लगाए थे ताकि अदालत में कही जा रही बातों को अपनी भाषा में समझ सकें। जज ने अदालत में दोनों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को पढ़कर सुनाया। इससे पहले मादुरो को लेकर एक हेलिकाप्टर अदालत के पास बने हेलिपैड पर उतरा। हेलिकाप्टर से बाहर आते ही उन्हें तुरंत एक वैन में बैठाया गया और वहां से सीधे अदालत ले जाया गया। मादुरो के खिलाफ सुनवाई के दौरान अदालत के बाहर सैकड़ों लोग जमा हुए। एक तरफ अमेरिका की कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन हुआ, तो दूसरी ओर मादुरो विरोधी लोगों ने उनके खिलाफ नारे लगाए। सुनवाई खत्म होने के बाद जब मादुरो बाहर निकलने के लिए उठे, तो गैलरी में बैठे एक व्यक्ति ने उनसे कहा कि उन्हें अपने अपराधों की कीमत चुकानी पड़ेगी। मादुरो ने जवाब दिया कि वह अपनी आजादी हासिल करेंगे। वेनेजुएला की राजधानी कराकस में सोमवार शाम अचानक गोलियों और एंटी-एयरक्राफ्ट फायरिंग की आवाजें सुनाई दीं। एक वीडियो में कराकस के आसमान में एंटी-एयरक्राफ्ट गन फायरिंग करते दिखाई दी। एक दूसरे वीडियो में गोलियों की आवाजें भी सुनी जा सकती हैं। बताया जा रहा है कि राजधानी में तैनात अलग-अलग सिक्योरिटी यूनिट्स के बीच भ्रम और गलतफहमी के चलते ऐसा हुआ। एक स्थानीय निवासी ने नाम न बताने की शर्त पर सीएनएन को बताया कि मिराफ्लोरेस राष्ट्रपति भवन के पास उर्दानेता एवेन्यू के आसपास उन्होंने गोलियों की आवाजें सुनीं। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिका इन खबरों पर नजर बनाए हुए है, लेकिन उन्होंने साफ किया कि इस घटना में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है।

### अमेरिकी ऑपरेशन में जख्मी हुई मादुरो की पत्नी

**न्यूयार्क।** अमेरिकी सेना के वेनेजुएला ऑपरेशन में अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की पत्नी सिलिया फ्लोरेस को काफी चोटें आई हैं। न्यूयार्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक 69 साल की फ्लोरेस जब सोमवार को न्यूयार्क कोर्ट में पेश हुईं तब उनके चेहरे पर दो पट्टियां लगी थीं। एक पट्टी आंख के ऊपर और दूसरी माथे पर थी। उनकी दाहिनी आंख पर चोट का नीला निशान साफ दिखाई दे रहा थी। फ्लोरेस के वकील मार्क डोनेली ने कोर्ट को बताया कि ये चोटें उस वक्त लगीं, जब अमेरिकी सेना ने उन्हें पकड़ा था। वकील ने कहा कि फ्लोरेस की पसलियों में भी फ्रेक्चर है। उन्हें इलाज की जरूरत पड़ सकती है। उन्होंने अदालत से मांग की कि फ्लोरेस का पूरा एक्स-रे कराया जाए, ताकि यह पता किया जा सके कि हिरासत में उनकी सेहत ठीक है।

### वेनेजुएला में सैन्य तैनाती संबंधी जानकारी को लेकर सांसदों में संशय

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला में अमेरिकी सेना की योजनाओं पर एक गोपनीय जानकारी मिलने के बाद, प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति के वरिष्ठ सदस्य और डेमोक्रेटिक सांसद ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि उन्हें अभी भी इस बात की पूरी तरह से स्पष्टता नहीं है कि अमेरिकी सैनिकों को वहां तैनात किया जाएगा या नहीं। यह जानकारी दोनों दलों के आठ वरिष्ठ सांसदों को दी गई थी, जिनमें खुफिया, विदेश मामलों और सशस्त्र सेवा समितियों के प्रमुख शामिल हैं। वेनेजुएला में हालात को लेकर सांसदों ने संशय जताया। सीएनएन के अनुसार ब्रीफिंग के बाद मीक्स ने कहा कि कोई स्पष्टता नहीं है। उनके पास सेना तैनात करने का विकल्प है। वह किसी भी विकल्प को खारिज नहीं करने वाले हैं। अन्य देशों में इसी तरह की सैन्य कार्रवाई की संभावना पर मीक्स ने कहा कि स्पष्ट रूप से, डोनाल्ड ट्रम्प कांग्रेस से बचने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। वह हमें सरकार की एक अलग लेकिन समान शाखा के रूप में नहीं देखते। दुर्भाग्य से कांग्रेस का नेतृत्व भी खुद को समान नहीं मानता। मीक्स ने वेनेजुएला में अमेरिकी अभियानों की संभावित लागतों को लेकर अपने रिपब्लिकन सहयोगियों की चिंताओं को भी उजागर किया।

## क्षेत्रीय अस्थिरता की संभावना को लेकर चिंतित: गुटेरेस



■ एक बड़े और अधिक विनाशकारी संघर्ष को रोकना अभी भी संभव है: एंटोनियो गुटेरेस

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़े जाने के बाद वेनेजुएला में बढ़ती अस्थिरता पर चिंता जताई है, यद्यपि अमेरिका ने आश्वासन दिया है कि इस मध्य अमेरिकी देश पर कब्जा करने की उसकी कोई योजना नहीं है।

गुटेरेस ने कहा कि वह 'चिंतित हैं कि तीन जनवरी की सैन्य कार्रवाई के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कानून के नियमों का सम्मान नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि मादुरो को मादक पदार्थों से संबंधित आरोपों में मैनहट्टन संघीय अदालत पेश किए जाने से कुछ घंटे पहले न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद की बैठक हुई। मादुरो ने हालांकि किसी भी आपराधिक संलिप्तता से इन्कार किया है। संयुक्त राष्ट्र की राजनीतिक मामलों की अवर महासचिव रोजमेरी डिकार्लो द्वारा परिषद में पढ़े गए एक बयान में गुटेरेस ने कहा कि मैं देश में अस्थिरता बढ़ने की आशंका, क्षेत्र पर इसके संभावित प्रभाव और राज्यों के बीच संबंधों के संचालन के मामले में इससे बनने वाले उदाहरण को लेकर बेहद चिंतित हूं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने इस बात पर जोर दिया कि 'सभी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कानून का पूर्ण सम्मान किया जाना अनिवार्य है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र चार्टर भी शामिल है।' महासचिव ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ बल प्रयोग या धमकी को प्रतिबंधित करता है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना सभी सदस्य देशों की इन प्रावधानों का पालन करने की प्रतिबद्धता पर निर्भर करता है। गुटेरेस ने हालात को नाजुक बताया और कहा कि एक बड़े और अधिक विनाशकारी संघर्ष को रोकना अभी भी संभव है।

## संक्षिप्त समाचार

### जापान में 6.2 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** जापान के पश्चिमी चुगोकू क्षेत्र के शिमाने प्रांत में मंगलवार को भूकंप के कई झटके महसूस किए गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई, हालांकि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। गौरतलब है कि भूकंप के केंद्र से मात्र 32 किमी दूरी पर 'शिमाने परमाणु ऊर्जा केंद्र' है। जापान के परमाणु नियामक प्राधिकरण ने कहा कि संयंत्र में किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं पाई गई है।

### मिस्र में नशा मुक्ति केंद्र में आग लगने से छह लोगों की मौत

**काहिरा।** मिस्र की राजधानी काहिरा के उत्तर में कल्यूबिया प्रांत में एक नशा मुक्ति केंद्र में सोमवार को आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी है। सरकारी अखबार अल-योम ने बताया कि सूचना मिलने पर सुरक्षा बल और नागरिक सुरक्षा इकाई दमकल और एम्बुलेंस की मदद से बेन्हा शहर में घटनास्थल पर पहुंचे।

### गाम्बिया नाव हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 पहुंची

**बांजुल।** गाम्बिया के तट पर 31 दिसम्बर को नाव पलटने के हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है। गाम्बिया आव्रजन विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नाव में लगभग 200 बिना दस्तावेज वाले प्रवासी लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि 31 दिसम्बर की देर रात गाम्बिया के उत्तरी तट क्षेत्र से स्पेन के कैनरी आइलैंड्स की ओर रवाना हुई एक नाव कुछ ही समय बाद पानी के नीचे एक रेत के टीले से टकरा गई और पलट गई।

## ग्रीनलैंड पर हमला किया, तो नाटो खत्म: फ्रेडरिकसन

### डेनमार्क की पीएम ने चेताया, ट्रम्प के खिलाफ 7 यूरोपीय देश, कहा: ग्रीनलैंड का भविष्य उसके लोग तय करेंगे



■ ग्रीनलैंड और डेनमार्क से जुड़े किसी भी फैसले का हक सिर्फ ग्रीनलैंड और डेनमार्क को ही है

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने कहा है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोशिश की तो यह सैन्य गठबंधन नाटो का अंत होगा। एक टीवी इंटरव्यू में फ्रेडरिकसन ने कहा कि अगर अमेरिका किसी नाटो सदस्य देश पर सैन्य कार्रवाई करता है, तो नाटो की पूरी व्यवस्था ही खत्म हो जाएगी। कुछ भी नहीं बचेगा।

वहीं फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड, स्पेन, ब्रिटेन और डेनमार्क के नेताओं ने साफ कहा है कि ग्रीनलैंड वहां के लोगों का है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क से जुड़े किसी भी फैसले का हक सिर्फ ग्रीनलैंड और डेनमार्क को ही है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने रविवार को दिए एक बयान में ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही थी। वे वेनेजुएला पर किए हमले को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान ट्रम्प ने कहा था कि वह 20 दिन में ग्रीनलैंड पर बात करेंगे। इससे पहले भी वह कई बार ग्रीनलैंड को अमेरिका के कंट्रोल में लाने की बात कर चुके हैं। ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो नाटो का हिस्सा भी है। ट्रम्प ने सैन्य कार्रवाई की संभावना से भी इन्कार नहीं किया है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड, डेनमार्क साम्राज्य का हिस्सा हैं। डेनमार्क साम्राज्य और अमेरिका दोनों ही नाटो के सदस्य देश हैं। इन देशों की संप्रभुता और सुरक्षा की गारंटी नाटो की है। इसके तहत किसी एक सदस्य देश के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को पूरे गठबंधन के देशों पर हमला माना जाता है। अमेरिका का डेनमार्क और ग्रीनलैंड के साथ करीबी रिश्ता रहा है। डेनमार्क नाटो का संस्थापक सदस्य है। 1951 के रक्षा समझौते से अमेरिका को ग्रीनलैंड में मिलिट्री बेस रखने की अनुमति है। दोनों देश सुरक्षा, विज्ञान, पर्यावरण और व्यापार में सहयोग करते हैं। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने कहा है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति ग्रीनलैंड को वेनेजुएला से जोड़कर सैन्य हस्तक्षेप की बात करते हैं, तो यह न केवल गलत है बल्कि हमारे लोगों के प्रति अनादर है। नीलसन ने 4 जनवरी को बयान जारी कर कहा: मैं शुरू से ही शांत और स्पष्ट रूप से यह कहना चाहता हूं कि घबराहट या चिंता का कोई कारण नहीं है। केटी मिलर के पोस्ट से, जिसमें ग्रीनलैंड को अमेरिकी झंडे में लिपटा हुआ दिखाया गया है, इससे कुछ भी नहीं बदलता। वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई के ठीक बाद व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर की पत्नी कैटी मिलर ने सोशल मीडिया पर ग्रीनलैंड का नक्शा अमेरिकी झंडे के रंग में रंगा हुआ पोस्ट किया। इससे यह विवाद और बढ़ गया।

## लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री से मिले विदेश मंत्री जयशंकर



■ दोनों नेताओं ने निवेश प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग पर व्यापक बातचीत की

**नई दिल्ली।** लक्जमबर्ग की यात्रा पर गए विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने मंगलवार को प्रधानमंत्री ल्यूक फ्रीडन से मुलाकात की और निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग पर बातचीत की।

मुलाकात के बाद डा. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज सुबह लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री ल्यूक फ्रीडन से मिलकर प्रसन्नता हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। वित्तीय सेवाओं, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग पर चर्चा हुई। भारत-यूरोपीय संघ संबंधों को और सशक्त बनाने के लिए उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि डा. जयशंकर रविवार को फ्रांस और लक्जमबर्ग की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए थे।

## थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर हुए धमाके में एक थाई सैनिक घायल

**बैंकॉक।** थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर हुए धमाके में थाईलैंड का एक सैनिक घायल हो गया है। थाईलैंड की सेना ने कहा कि मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 7:25 बजे उबोन रात्चाथानी प्रांत के नाम यूएन जिले के सीमावर्ती इलाके में एक धमाका हुआ। थाईलैंड के दूसरी एरिया कमान ने एक बयान में बताया कि धमाके में एक थाई सैनिक घायल हो गया, जिसके दाहिने हाथ में छर्रे लगे हैं, हालांकि सैनिक की जान को खतरा नहीं है। कमान ने बताया कि धमाके के कारण की जांच अभी चल रही है। उसने सभी अधीनस्थ इकाइयों को संचालन तैनाती के दौरान सेना के लोगों और रहने वालों की सुरक्षा के लिए सावधानी बढ़ाने का आदेश दिया है।




नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज पार्टी नेताओं के साथ।

## नेपाल में ओली-प्रचंड और देऊबा की पार्टियों में गठबंधन संभव

**काठमांडू।** नेपाली में तीन पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की पार्टियां गठबंधन की तैयारी कर रही हैं। ये गठबंधन संसद के ऊपरी सदन 'राष्ट्रीय सभा' के लिए चुनाव के लिए हो सकता है। इस गठबंधन में मधेस क्षेत्र की पार्टी को भी शामिल करने पर विचार हो रहा है। नेपाली अखबार द काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी के बीच सीट बंटवारे और साझा रणनीति पर बात हो रही है।

## ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई रूस भागने की फिराक में

### 'द टाइम्स' को मिली एक खुफिया रिपोर्ट में दावा: सत्ता गंवाने का डर



■ बेटे और साथियों के साथ 20 लोग भी तैयार

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने देश में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच रूस भागने की योजना तैयार कर ली है। अगर प्रदर्शनों को रोका नहीं जा सका, तो खामेनेई देश छोड़ देंगे। ब्रिटिश अखबार 'द टाइम्स' को मिली एक खुफिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 86 साल के खामेनेई अपने बेटे और उत्तराधिकारी मुजतबा समेत करीब 20 लोगों के छोटे दल के साथ तेहरान छोड़ सकते हैं। ईरान में आठ दिन से खामेनेई के खिलाफ प्रदर्शन जारी हैं।

मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 78 शहरों के 222 से ज्यादा स्थानों पर प्रदर्शन हो चुके हैं। इनमें कम से कम 35 लोगों की मौत हुई है। वहीं 1200 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। ईरान में प्रदर्शन की शुरुआत 28 दिसम्बर को हुई थी। तब राजधानी तेहरान में व्यापारियों ने इसकी शुरुआत की थी। अब इसमें हजारों जेन-जी भी शामिल हो चुके हैं। खामेनेई कई चौरिटेबल फाउंडेशनों के जरिए अरबों डालर की संपत्ति पर नियंत्रण रखते हैं। इनमें 'सेताद' नाम की संस्था प्रमुख है, जिसकी वैल्यू पहले भी कई अरब डालर आंकी गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि शासन से जुड़े कई वरिष्ठ नेताओं के रिश्तेदार पहले से ही अमेरिका, कनाडा और खाड़ी देशों में रह रहे हैं। खुफिया सूत्रों के अनुसार, इस योजना के तहत विदेशों में संपत्तियां, प्रापर्टी और कैश पहले से सुरक्षित कर लिया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत देश छोड़ा जा सके। देशभर में जेन-जी आक्रोश में है। इसका कारण आर्थिक बदहाली रहा है। दिसम्बर 2025 में ईरानी मुद्रा रियाल गिरकर करीब 1.45 मिलियन प्रति अमेरिकी डालर तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। साल की शुरुआत से रियाल की कीमत लगभग आधी हो चुकी है। यहां महंगाई चरम पर पहुंच गई है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 72 प्रतिशत और दवाओं की कीमतों में 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा सरकार द्वारा 2026 के बजट में 62 प्रतिशत टैक्स बढ़ाने के प्रस्ताव ने आम लोगों में भारी नाराजगी पैदा कर दी है। पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई की गई तो अमेरिका कड़ी प्रतिक्रिया देगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, हम पूरी तरह तैयार हैं। अगर ईरान ने पहले की तरह लोगों को मारना शुरू किया, तो उसे बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन एचआरएआई और ओस्लो स्थित हेंगाव ने आरोप लगाया है कि सुरक्षा बलों ने आम नागरिकों पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें बच्चों को भी नहीं बख्शा गया। देशभर में फैले इन प्रदर्शनों की शुरुआत ईरानी मुद्रा के गिरने और महंगाई बढ़ने के बाद हुई।

## वेनेजुएला में अमेरीकी एक्शन की चीनी सोशल मीडिया पर तारीफ

### बोले: यूएस मादुरो को पकड़ सकता है, तो ताइवान पर चीन कब्जा क्यों नहीं कर सकता



■ निकोलस मादुरो ने चीनी अधिकारी से कहा: शी जिनपिंग उनके लिए एक बड़े भाई की तरह हैं

**बीजिंग।** अमेरिकी सेना की डेल्टा फोर्स के एलीट कमांडो वेनेजुएला में राष्ट्रपति को अगवा करने की आखिरी तैयारी कर रहे थे। ठीक उसी वक्त राष्ट्रपति निकोलस मादुरो चीन के लैटिन अमेरिका मामलों के अधिकारी किउ शियाओची के साथ फोटो खिंचवा रहे थे। निकोलस मादुरो ने चीनी अधिकारी से कहा कि शी जिनपिंग उनके लिए एक बड़े भाई की तरह हैं।

इस घटना के कुछ ही घंटे बाद अमेरिकी सेना मादुरो को उनके बेडरूम से खींचकर अपने देश लेकर चले गए। इस घटना के बाद चीन भले ही चिंतित और नाराज है लेकिन वहां की सोशल मीडिया पर ऑपरेशन वेनेजुएला की तारीफ हो रही है। कई यूजर्स इसे ताइवान पर चीनी सैयूएसय कब्जे के लिए एक माडल के रूप में देख रहे हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने 2 जनवरी को वेनेजुएला के कराकस स्थित मिराफ्लोरेस पैलेस में लैटिन अमेरिका के लिए चीन के दूत किउ जिओकी से मुलाकात की थी। चीन ने मादुरो की गिरफ्तारी की तुरंत निंदा की और वाशिंगटन पर 'दुनिया का पुलिसवाला' बनने का आरोप लगाया। चीन ने अमेरिकी छापे को गलत बताया और मादुरो व उनकी पत्नी की तुरंत रिहाई की मांग की। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आयरलैंड के प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान अमेरिका पर इशारों-इशारों में हमला बोला। उयूएसहोंने कहा कि अमेरिका का एकतरफा दबाव और धमकी देने वाला रवैया पूरी दुनिया की व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है। शी जिनपिंग ने कहा कि हर देश को यह हक होना चाहिए कि वह अपने विकास का रास्ता खुद चुने। उयूएसहोंने यह भी कहा कि सभी देशों को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के नियमों का पालन करना चाहिए। खासकर बड़ी ताकतों को दूसरों के लिए मिसाल बनना चाहिए। चीन के सोशल मीडिया पर अमेरिकी कार्रवाई को लेकर जबरदस्त हलचल और चर्चा देखने को मिली। कई लोग सवाल कर रहे हैं कि अगर अमेरिका अपने (बैकयार्ड) इलाके के किसी देश के नेता को पकड़ सकता है, तो चीन ऐसा क्यों नहीं कर सकता? चीनी सोशल मीडिया पर कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि अमेरिका के ऑपरेशन और ताइवान के मामले में तुलना करना गलत है। वेनेजुएला का मामला अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है, जबकि ताइवान चीन का आंतरिक मामला है। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ताइवान को अपना हिस्सा मानती है। चीन ने साफ कहा है कि वह ताइवान को अपने में मिलाएगा, जरूरत पड़ी तो इसके लिए ताकत का इस्तेमाल भी करेगा। पिछले कुछ साल में बीजिंग ने ताइवान पर सैयूएसय दबाव लगातार बढ़ाया है, यहां तक कि उसकी नाकेबंदी का अभ्यास भी किया है। चीन और वेनेजुएला के बीच दशकों से करीबी रिश्ता रहा है।

